इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2019/78560



# दैनिक विनय उजाला

अलीराजपुर
सोमवार, 14 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष – 02
वर्ष : 06 अंक : 134
कुल पृष्ठ : 12

डॉ.आंबेडकर को भारतीय संविधान निर्माता ... 05

ॐ

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुआ सहकारी सम्मेलन

# प्रदेश के 50 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता का विस्तार जरूरी : गृहमंत्री अमित शाह

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां ( पैक्स ) के कंप्यूटराइजेशन का कार्य चल रहा है। इसमें मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में सुशासन का दौर चल रहा है, यह सहकारिता को जीवंत करने का स्वर्णिम अवसर है।**

प्रदेश के किसानों के साथ केंद्र सरकार चट्टान की तरह खड़ी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ मिलकर कम से कम 50 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता और डेयरी गतिविधियों का विस्तार करना आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक नीति निर्माण और प्लानिंग भी करना होगी। किसानों को दुग्ध उत्पादन का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित करनी होंगी। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन और उसकी प्रोसेसिंग से विभिन्न उत्पाद निर्मित कर किसानों की आय बढ़ाने की ओर एनडीडीवी और राज्य सरकार एक साथ अग्रसर होंगे। यह रास्ता अभी टू-लेन है, जिसे 6 लेन में विस्तारित करना होगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह रविवार को भोपाल के रवींन्द्र भवन में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य अनुबंधों का आदान प्रदान हुआ।




## मॉडल बायलॉज को सभी राज्यों ने अपनाया

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति और डेयरी व मछुआरा गतिविधियों को जोड़कर एम-पैक्स बनाने का कार्य नए बायलॉज द्वारा संभव हो सका। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा 2500 करोड़ की राशि से सभी पैक्स का कंप्यूटराइजेशन किया गया। अब पैक्स, जिला सहकारी बैंक, राज्य व सहकारी बैंक के साथ-साथ नाबार्ड से भी जुड़े हैं। इसके साथ ही इनके ऑनलाइन ऑडिट की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसानों की सुविधा के लिए स्थानीय भाषा में कार्य के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया गया।

## ये हुए अनुबंध

इस दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड एवं मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन तथा दुग्ध संघ के मध्य अनुबंध का अदान प्रदान हुआ।

- कार्यक्रम में चिह्नित पैक्स के व्यवसाय वृद्धि के लिए स्वीकृत ऋण पत्र दिए गए।
- किसान क्रेडिट कार्ड का हुआ वितरण
- जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रतलाम द्वारा पैक्स बांगरोद को धर्मकांटा स्थापना के लिए 15 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण वितरण और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मंडला द्वारा पैक्स मेंहदवानी को कोदो-कुटकी की ग्रेडिंग प्लांट स्थापना के लिये 60 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण दिया गया।
- इसी प्रकार राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा पैक्स गोगांवा जिला खरगौन को सुपर मार्केट के लिए 120 लाख रुपये का प्रोजेक्ट ऋण पत्र दिया गया।

## दूध का उत्पादन 20 फीसदी करने का लक्ष्य: सीएम डॉ. यादव

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अमित शाह पारस की तरह हैं, उनके पास जो विभाग आ जाए सोना हो जाता है। बहुउद्देशीय समितियों से माध्यम से हमारे भी घर की आय का बड़ा स्रोत दूध उत्पादन है। मध्यप्रदेश में कम से कम 25 और अधिकतम 200 गाय, जो किसान पालेंगे, उन्हें अनुदान दिया जाएगा। सरकार ने दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है। पशुपालन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। जहां खेती नहीं हो सकती, वहां पशुपालन हो सकता है। सरकार घर-घर गोकुल बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। किसानों की जिंदगी बेहतर करने के लिए सरकार गाय का दूध खरीदेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के मार्गदर्शन में किसानों को समृद्ध किया जा रहा है। आज बड़ी संभावनाओं का द्वार खुला है। सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। अब सहकारिता से पेट्रोल पंप, दवाई की दुकान चलेगी। जीआईएस में फैक्ट्रियों को भी सहकारिता से चलाने के लिए अनुबंध हुआ है।



### आरोप : घर जलाए, पानी में जहर मिलाया

# मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद हिंदुओं का पलायन

मुर्शिदाबाद, एजेंसी

वक्फ कानून के विरोध में शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। गाड़ियां जलाईं, दुकानों-घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गई। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 15 पुलिसकर्मी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है। केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। इनमें 300 बीएसएफ जवान हैं। कुल 21 कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। बीएनएस की धारा 163 भी लागू है।

इधर, मुर्शिदाबाद के धुलियान से करीब 500 लोग पलायन कर गए हैं। इन सभी ने नदी पार मालदा के वैष्णवनगर में एक स्कूल में शरण ली है। इन लोगों का आरोप है कि उनके घरों में तोड़फोड़-आगजनी की गई। पीने के पानी में जहर मिला दिया गया है। ये किसी तरह बीएसएफ की मदद से वहां से बचकर आए हैं।

## पीड़ितों ने बताई हिंसा की दास्तां

धूलियन के मंदिरपाड़ा इलाके से भागी एक महिला ने बताया, हमारे घर जला दिए गए। कुछ बाहरी और स्थानीय लोगों ने मिलकर महिलाओं और लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार किया, पुरुषों को पीटा गया। हमें कहा गया कि हम इलाके को छोड़ दें। हमारी जान को खतरा था, इसलिए हमने केंद्रीय बलों की मदद से घर छोड़ा। एक बुजुर्ग महिला ने रोते हुए कहा, हमने हाथ जोड़कर हमलावरों से माफी मांगी, जबकि हमने कुछ गलत नहीं किया था। वे हथियार लहराकर हमारे घरों में घुसे और हमें मारते-पीटते रहे। हम जैसे-तैसे कुछ सामान लेकर नदी पार कर भाग निकले। वरना हम मारे जाते।

### मालदा प्रशासन ने की तमाम व्यवस्थाएं

वहीं मालदा प्रशासन की ओर से, पीड़ितों के लिए स्कूलों में ठहरने की व्यवस्था, खाने-पीने की सुविधा, नदी किनारे 20 युवकों की तैनाती, जो नावों से आने वालों की मदद कर रहे हैं। कालीचक तीन के बीडीओ सुकांत सिकदर ने बताया कि शनिवार दोपहर तक धीरे-धीरे लोग आ रहे थे, लेकिन बाद में संख्या बढ़ी है। बाइस्नबनगर की टीएमसी विधायक चंदना सरकार ने कहा कि प्रशासन और स्थानीय लोग मिलकर हर संभव मदद कर रहे हैं।

### मदद कर रहे हैं स्वयंसेवी संगठन

मालदा में एक स्वयंसेवी संगठन के सदस्य ने बताया कि अब तक 40 से 50 नावों में लोग धूलियन, सुईटी और जंगीपुर जैसे इलाकों से आए हैं। इन सभी को कालीचक तीन ब्लॉक के पल्लरपुर गांव में सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है। उन्होंने कहा, यहां वे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मारे गए जैश आतंकियों के पास से पाकिस्तानी सामान बरामद

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 11 अप्रैल की देर रात को हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया था। जिसके बाद से जारी सर्च ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने शनिवार को 1 एम4 राइफल, 2 एके47 राइफल, 11 मैगजीन, 65 एम4 गोलियां और एके47 की 56 गोलियां, साथ ही टोपी, दवाइयां, प्राथमिक उपचार सामग्री और मोजे बरामद किए हैं। दवाओं पर पाकिस्तान और लाहौर का पता लिखा है।

### आतंकी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लेगी एनआईए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को तीसरे दिन पूछताछ की। 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लिए जा सकते हैं। एनआईए पता लगाएगी कि क्या तहव्वुर नवंबर 2008 के हमलों के दौरान फोन पर निर्देश (इंस्ट्रक्शन) दे रहा था। वॉयस सैंपल लेने के लिए तहव्वुर की सहमति जरूरी होगी। मना करने पर एनआईए कोर्ट जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को एनआईए की पूछताछ में एक कर्मचारी बी का नाम आया है, इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब एनआईए राणा और कर्मचारी बी को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। एजेंसी के मुताबिक कर्मचारी बी को आतंकी साजिश की जानकारी नहीं थी। वह सिर्फ राणा के निर्देश पर हेडली के लिए रिसेप्शन, ट्रांसपोर्ट, ठहरने की जगह और ऑफिस की व्यवस्था करता था।




# दिल्ली में 55 लाख गाड़ियां अब अवैध, पार्किंग और फ्यूल पर लगेगा प्रतिबंध

नई दिल्ली,एजेंसी

**दिल्ली की सरकार ने पुरानी हो चुकी गाड़ियों के प्रबंधन के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परिवहन विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 2024 से दिल्ली में 10 साल से पुरानी डीजल और 15 साल से पुरानी पेट्रोल/सीएनजी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। ऐसी एंड ऑफ लाइफ व्हीकल की संख्या 55 लाख से ज्यादा है। ऐसे वाहनों की सूची परिवहन विभाग की वेबसाइट पर डाल दी गई है। सार्वजनिक स्थानों, जिसमें घर के बाहर का क्षेत्र भी शामिल है, पर इन गाड़ियों को पार्क करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसे में व्हीकल ऑनर्स के पास ये विकल्प हैं।**

ऐसे वाहन को सिर्फ अपने निजी पार्किंग स्पेस में रखें, जो साझा पार्किंग स्पेस नहीं होना चाहिए। 2. वाहन की समाप्ति तिथि के एक साल के भीतर इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर ले जाने के लिए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) लेनी होगी। वाहन को स्क्रैप करे, इसके लिए वॉलंटियरी व्हीकल स्क्रैपिंग एप्लिकेशन के माध्यम से किसी पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा का उपयोग करें।

### वाहन चालकों पर लगेगा जुर्माना

अगर पुरानी गाड़ियां दिल्ली के सार्वजनिक स्थानों में चलती या पार्क होती पाई गईं, तो उन्हें जब्त किया जा सकता है, 5,000 या 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा जल्द ही ऐसी गाड़ियों को ईंधन भी नहीं मिलेगा।

### गाड़ियों को स्क्रैप कराने की बात

अगर एनओसी जारी होने के एक महीने के भीतर वाहन दिल्ली से बाहर नहीं ले जाया गया, तो उसकी पार्किंग भी अवैध होगी। परिवहन विभाग, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली नगर निगम, और दिल्ली छावनी बोर्ड ऐसे वाहनों को जब्त कर सकते हैं। सूचना में ये भी कहा गया है कि यह आपके हित में है कि आप ऐसी गाड़ियों को स्क्रैप कराएं या एनओसी प्राप्त कर उन्हें एनसीआर क्षेत्र के बाहर भेजें।

### केरल राज्यपाल के बयान पर छिड़ी रार

# सुप्रीम कोर्ट संविधान संशोधन करेगा तो सदन किसलिए हैं?

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में राष्ट्रपति को तीन महीने में विधेयक पर फैसला लेने की सलाह दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर तीन महीने की समयसीमा में राष्ट्रपति फैसला नहीं लेते हैं तो उन्हें इसकी वाजिब वजह बतानी होगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के चलते राज्यपाल भी अनिश्चित समय तक विधेयक को लंबित नहीं रख सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान संशोधन का काम भी सुप्रीम कोर्ट करेगा तो फिर संसद और विधानसभाएं किस लिए हैं।

### बयान की कांग्रेस और सीपीआईएम ने की आलोचना

केरल राज्यपाल के इस बयान पर राजनीति गरमा गई है और कांग्रेस और केरल की सत्ताधारी पार्टी सीपीआईएम ने राज्यपाल की आलोचना की है। सीपीआईएम के महासचिव एमए बेबी ने राज्यपाल के बयान को अवांछित बताया और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आर्लेकर के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कोझिकोड में एक कार्यक्रम के दौरान केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राज्यपाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि अब भाजपा का एजेंडा खुलकर सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण कि केरल के राज्यपाल सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करना गलत

सीपीआईएम नेता एमए बेबी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला सभी पर लागू होगा, जिसमें राष्ट्रपति भी शामिल हैं। जब राष्ट्रपति संसद के विधेयक में देरी नहीं कर सकते तो फिर राज्यपाल के पास वो अधिकार कैसे हो सकता है, जो राष्ट्रपति के पास नहीं है? बेबी ने कहा कि सभी राज्यपालों को सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन केरल राज्यपाल के बयान से साफ है कि उन्हें यह स्वीकार नहीं है। उनका सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करना गलत है।

# लोकतंत्र की जननी नहीं, तानाशाही की जनक हैं भाजपा: कपिल सिब्बल

नई दिल्ली, एजेंसी

**राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने नेशनल हेराल्ड को ईडी का नोटिस मिलने पर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों की मदद से कांग्रेस को पंगु बनाने का आरोप लगाया, साथ ही नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को कब्जे में लेने के ईडी के नोटिस को लोकतंत्र पर हमला बताया।**

सिब्बल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम दिखावटी तौर पर लोकतंत्र की जननी हैं, लेकिन असल में आप तानाशाही के जनक हैं। वे (भाजपा) हिंदू-मुस्लिम एजेंडे पर अपनी राजनीति करना चाहते हैं और विपक्ष को खत्म करना चाहते हैं। सिब्बल ने कहा कि आपने 13 साल तक इंतजार क्यों किया? क्योंकि आप संपत्ति हड़पना चाहते हैं। आप कांग्रेस पार्टी को पंगु बनाना चाहते हैं, सभी संपत्तियों पर कब्ज़ा करना चाहते हैं ताकि वे काम न कर सकें। जहां तक मुझे पता है, कांग्रेस के पास इतना पैसा नहीं है, इसलिए वह एक राजनीतिक पार्टी के रूप में काम नहीं कर पाएगी। यह लोकतंत्र पर हमला है।

# रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बरपाया कहर, 21 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूक्रेन के उत्तरी शहर सूमी में रविवार सुबह हुए एक भीषण रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 83 से अधिक लोग घायल हो गए। यूक्रेन के आंतरिक मंत्री इहोर क्लीमेंको ने यह जानकारी दी है। यह हमला यूक्रेन पर इस वर्ष के सबसे घातक हमलों में से एक माना जा रहा है। राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे सामान्य नागरिकों के जीवन को खत्म करने वाला क्रूर कृत्य करार दिया और रूस को दरिंदों का देश बताया। आंतरिक मंत्री के अनुसार, हमले के वक्त लोग सड़कों, गाड़ियों, सार्वजनिक परिवहन और आसपास की इमारतों में मौजूद थे।

# शेख हसीना, रेहाना और बच्चों को तत्काल अरेस्ट करो : कोर्ट

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के एक कोर्ट ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक और 50 अन्य के खिलाफ राजनीतिक सत्ता का दुरुपयोग करके कथित अवैध भूमि अधिग्रहण के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक ढाका मेट्रोपोलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दायर तीन अलग-अलग आरोपपत्रों पर संज्ञान लेने के बाद यह आदेश पारित किया। न्यायाधीश हुसैन ने गिरफ्तारी वारंट से संबंधित अमल रिपोर्ट की समीक्षा के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है।

### मप्र में नौ आईएएस के ट्रांसफर, चार जिलों के कलेक्टर बदले

# रोशन सिंह को उज्जैन और अंशुल गुप्ता को विदिशा कलेक्टर बनाया

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्य सरकार ने प्रदेश के नौ आईएएस अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी आदेश में नौ आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए हैं। इसमें चार जिले उज्जैन, अशोकनगर, हरदा और विदिशा के कलेक्टर बदले गए हैं।**

वहीं,विदिशा कलेक्टर रोशन सिंह को उज्जैन कलेक्टर और जनसंपर्क विभाग के संचालक और मध्य प्रदेश माध्यम के कार्यपालक निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे अंशुल गुप्ता को कलेक्टर विदिशा बनाया गया है। भोपाल अपर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को कलेक्टर हरदा पदस्थ किया गया है। अशोकनगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी को हटा कर सामान्य प्रशासन विभाग में अपर सचिव पदस्थ किया गया है। वहीं, कलेक्टर हरदा आदित्य सिंह को स्थानांतरित कर कलेक्टर अशोकनगर बनाया गया है। वहीं, इंदौर की अपर कलेक्टर ज्योति शर्मा को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास नियुक्त किया गया है। देवास जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति को मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम, इंदौर का कार्यकारी संचालक बनाया गया है।


रोशन सिंह ( उज्जैन )


अंशुल गुप्ता ( विदिशा )

### जनसंपर्क संचालक अंशुल गुप्ता विदिशा कलेक्टर बने

भोपाल जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ संचालक अंशुल गुप्ता को विदिशा कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली है। अंशुल गुप्ता करीब एक साल से भोपाल जनसंपर्क में कार्य कर रहे थे। अंशुल गुप्ता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पसंदीदा और खास अधिकारियो में शुमार है। इसका फायदा उन्हें मिला।

### साफ स्वच्छ छवि के आईएएस अधिकारी है रोशन सिंह

रोशन सिंह को विदिशा से उज्जैन कलेक्टर बनाया गया है। रोशन सिंह साफ स्वच्छ छवि के आईएएस अधिकारी है। उनकी कार्य कुशलता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खास होने का फायदा रोशन सिंह मिला है। उज्जैन सीएम मोहन यादव का गृह जिला है, इसलिए रोशन सिंह को उज्जैन कलेक्टर बनाया जाना एक महत्वपूर्ण रूप में देखा जा रहा है। रोशन सिंह पूर्व में जनसंपर्क भोपाल में संचालक रहे हैं। उनकी काम करने की शैली के कारण उन्हें जाना जाता है।

### इंदौर कलेक्टर को सिंहस्थ मेले का अतिरिक्त प्रभार

आदेश में जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा को अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान, भोपाल के मुख्य कार्यालय अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ सिंहस्थ मेला उज्जैन के मेला अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके अलावा राज्य योजना आयोग के सदस्य सचिव एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी आयुक्त ऋषि गर्ग को अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# ‘जल बचाएं, जीवन और धरा को सुरक्षित बनाएं’ के जन-संकल्प से अभियान को मिलेगी सिद्धि

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर कहा था, हम जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराते हैं।**

जल ही जीवन का आधार है, इसलिए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जल संरक्षण को हमेशा प्राथमिकता दी है। वेदों और पुराणों में भी जलाशय, बांध और तालाब बनाने को मानव का परम कर्तव्य बताया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प को सिद्धि मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प को सिद्ध करने के लिए प्रदेश में ९० दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया है। उन्होंने इस अभियान में गांवों में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। अभियान में नदियों के संरक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है।



### उमरिया में अपनी मिट्टी अपना जल को सहेजने नवाचार

जल गंगा संवर्धन अभियान में उमरिया जिले में जल संरक्षण के लिए जन सहयोग से बोरी बंधान का नवाचार किया जा रहा है। जिले के आदर्श गांव भरौली के खजुरा नाला के पानी पर बोरियों का बोरी बंधान बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। गांव के निवासी जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए संकल्पित होकर अभियान में सहयोग के लिए जुटे हुए हैं।

### मंदिर तालाब की सफाई से ‘जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार’ का संदेश

शहडोल में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ब्यौहारी के गांवमऊ के प्राचीन चिपाढ़नाथ हनुमान मंदिर में तालाब की सफाई जन-भागीदारी से की गई। मंदिर के पुजारी, जन-प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों ने भी जन-भागीदारी में जुटे श्रद्धालुओं का साथ दिया। स्थानीय आस्था के केन्द्र, इस मंदिर के पुजारी ने श्रद्धालुओं को जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार’ का संदेश दिया।

### रीवा में बन रहे 344 रिचार्ज पिट

जल गंगा संवर्धन अभियान रीवा जिले में 564 ग्राम पंचायतों के 344 कुओं में रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं। परंपरागत कुओं में रिचार्ज पिट बनाने के लिए तकनीकी स्वीकृति जारी कर दी गई है। अभियान में विकासखण्ड गंगेव में 54, जवा में 49, रायपुर कर्चुलियान में 63, विकासखण्ड रीवा में 56, सिरमौर में 63 तथा विकासखण्ड त्योंथर में 59 रिचार्ज पिट का निर्माण किया जा रहा है। इससे वर्षा जल रिचार्ज पिट के माध्यम से कुंओं में जाकर उनके भू-जल स्रोतों को समृद्ध करेगा। रीवा के 10 हजार हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट से वर्षा जल सहेजा जाएगा।



### श्रीराम और माता सीता की साक्षी मंदाकिनी को सहेजने जुटी जन-शक्ति

सतना में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा नेतृत्व में प्रत्येक शनिवार को मंदाकिनी नदी के तट और स्फटिक शिला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए जन-शक्ति जुट रही है। भगवान श्री राम और माता सीता ने 14 वर्ष के वनवास का अधिकांश समय मंदाकिनी नदी के जल से साक्षात्कार करते हुए ही व्यतीत किया था। श्रीराम तीर्थ में स्नान एवं दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं ने इस अभियान की सराहना की है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव महू में अम्बेडकर जयंती उत्सव में होंगे शामिल

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जयंती उत्सव पर 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर नगर महू में उनकी जन्मस्थली स्मारक पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रात 11 बजे भीम जन्म भूमि पधार कर सर्वप्रथम डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा को नमन करेंगे। इसके बाद अस्थि कलश पर पुष्प वर्षा का बुद्ध वंदना में शामिल होंगे। साथ ही भन्ते धर्मशील जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर पुस्तक विमोचन कर भीम रत्न अवार्ड भी प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष इंदौर जिले के डॉ. अम्बेडकर नगर महू स्थित उनकी जन्म स्थली पर पूर्ण आस्था के साथ जयंती उत्सव मनाया जाता है। उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और उनके अनुयायी शामिल होते हैं।

### जनता से निरंतर संपर्क ही कार्यकर्ता की पहचान हैं : श्री भगवानदास सबनानी



**भोपाल, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत रविवार को तात्या टोपे मंडल के वार्ड 33 के मराठी मोहल्ला भीम नगर में जन संवाद ,चौपाल के द्वारा उनसे संपर्क किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी महेंद्र यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। पार्टी के स्थापना दिवस की श्रृंखला में गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जा रहा है, श्री सबनानी ने सर्वप्रथम भगवान बुद्ध के मंदिर में दर्शन किए और सभी प्रदेशवासियों की सुख शांति की प्रार्थना की, साथ ही भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की सफाई कर उपस्थित जनों को डॉ. अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के विषय में जानकारी दी, उन्होंने कहा कि किस तरह से कांग्रेस द्वारा बाबा साहब को परेशान किया गया और उन्हें संविधान में अनेकों बदलाव करने के लिए उन पर दबाव डाला गया पर हमारे भारत रत्न बाबा साहब किसी भी दबाव में नहीं आए और उन्होंने राष्ट्र एवं जनता के लिए हितकारी संविधान बनाया, अभियान के अंतर्गत ही चौपाल लगाकर उनसे जन संवाद कर उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत करने के साथ ही सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी, साथ ही लाभार्थी संपर्क कर उनसे सरकारी योजनाओं के द्वारा मिले लाभ की जानकारी भी ली गई।

ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस का शपथ विधि समारोह आयोजित

# भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सदैव रहेगा प्रासंगिक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सभ्यता के प्रारम्भ से ही प्रासंगिक रहा है और भविष्य में भी रहेगा। महावीर स्वामी की शिक्षाएं हमें शांति, सद्भाव और आपसी समझ की राह दिखाती हैं।**



हम जियो और जीने दो सिर्फ कहने के लिए नहीं कहते इसे आत्मसात कर जीवन में भी उतारते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैन कल्याण बोर्ड की घोषणा राज्य सरकार द्वारा की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस के शपथ विधि समारोह को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जैन समाज जियो और जीने दो के सिद्धांत का जिस प्रतिबद्धता से पालन करता है वह अनुकरणीय है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह जैसे जीवन के मूल सिद्धांतों के साथ जीवन जीने की प्रेरणा हमें महावीर स्वामी और शेष तीर्थंकरों के माध्यम से प्राप्त होती है। जीव मात्र पर दया के संकल्प का जैन समाज द्वारा अनुसरण सराहनीय है। जैन धर्म हमें अनुशासित रहकर सेवा करने की सीख देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में भगवान महावीर जयंती के अवसर पर विश्व नवकार महामंत्र के माध्यम से समस्त संसार के कल्याण की प्रार्थना की गई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस अवसर पर दिए गए नए संकल्प वर्तमान परिस्थितियों में सभी के कल्याण और प्रकृति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत सामाजिक, आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ-साथ आध्यात्मिक दृष्टि से भी विश्व को दिशा दे रहा है। कार्यक्रम में कांफ्रेंस के अध्यक्ष श्री हुलास बेताला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मुकेश राका, कोषाध्यक्ष श्री राजेश झामा और प्रांतीय महामंत्री श्री पीयूष जैन उपस्थित थे।



### वन विहार के वन्य प्राणियों के लिये गर्मी के मौसम में की गई व्यवस्थाएं

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्यप्राणियों को गर्मी से राहत देने के लिये हाउसिंग में रखे गये मांसाहारी वन्यप्राणियों के लिये गर्मी से बचाव हेतु कूलर लगाये गये हैं, हाउसिंग की खिड़कियों पर पर्दे लगाये गये, क्रॉल के ऊपर लू से बचाव के लिये ग्रीन नेट डाली गई है।**

क्रॉल को ठंडा रखने के लिये पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इंक्लोजर में निर्मित सॉसर के ऊपर प्रकृति से मेल खाते हुये घास के शेड बनाये गये हैं, जिससे सॉसर का पानी ठंठा रहे एवं उसमें बैठने पर वन्य प्राणी का धूप से बचाव हो सके। संचालक वन विहार ने बताया कि जल स्त्रोतों में ऐसी व्यवस्था की गई है कि उसमें हमेशा पानी भरा रहे। वन्य प्राणी चिकित्सक की सलाह अनुसार उनको भोजन दिया जा रहा है। शाकाहारी वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाव के लिये खुले क्षेत्र में प्रकृति से मेल खाते हुये घास के शेड बनाये गये हैं। विभिन्न स्थलों पर निर्मित जल स्त्रोतों में पानी की निरंतरता बनी रहें ऐसी व्यवस्था की गई है। वन्यप्राणियों को हरा चारा एवं पशु आहार सुदाना भी दिया जा रहा है और आवश्यकतानुसार उन्हें साल्ट लिक्स तथा मिनरल मिक्सचर भी दिया जा रहा है।

### बाबा साहेब के सिद्धांत आज भी सभी को देते हैं प्रेरणा : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

डॉ. अम्बेडकर को जयंती पर किया नमन



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित, शोषित और पीड़ित वर्गों के लिए जीवनभर संघर्ष करने वाले भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हमें एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सशक्त लोकतंत्र का मार्ग दिखाया। उनके विचार और सिद्धांत आज भी हम सभी को प्रेरणा देते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने डॉ. अम्बेडकर को नमन करते हुए आह्वान किया है कि बाबा साहेब के सपनों के भारत के निर्माण में हम सब अपनी पूर्ण भागीदारी निभाएँ।

## पेयजल संकट से निपटने के लिए नलकूप खनन के वेंडर बढ़ाये जाएंगे : मंत्री सिंह

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। स्कूल शिक्षा, परिवहन एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए, ऐसी व्यवस्था करें कि जिले में कही पर भी पानी का संकट न हो।**

जिले में नलकूप खनन के साथ ही मोटर पम्प और राइजिंग पाइप सहित सभी व्यवस्थाएं तैयार रखें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वें वित्त से भी पेयजल के संबंध में व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नलकूप खनन के वेंडर की वर्तमान संख्या पर्याप्त नहीं है इसे बढ़ाया जाये। प्रभारी मंत्री श्री सिंह शनिवार को बालाघाट जिले के मलाजखंड में पेयजल व्यवस्था संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में वर्तमान जल संकट सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पेयजल, बिजली और जल संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले 2 माह तक इन कार्यों पर लगकर कार्य करना आवश्यक है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने किसानों को धान के साथ मक्का की फसल लेने की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिजली की 30 वर्षों की मांग को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार की जाये।



### मलाजखण्ड लायब्रेरी अच्छा प्रयास

प्रभारी मंत्री सिंह ने मलाजखंड नगर परिषद में बनाई गई लायब्रेरी का अवलोकन कर प्रयासों की सराहना की। प्रभारी मंत्री सिंह को अवगत कराया कि नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लायब्रेरी स्थापित करने के प्रयासों जारी है। उन्होंने पीएम आवास हितग्राही दलम सिंह के घर चाय और कोदो कुटकी का स्वादलिया। प्रभारी मंत्री सिंह मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने 285 नवदंपति के सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक नवदंपति को 49-49 हजार रूपये के चैक प्रदान किये। अब हर विधानसभा क्षेत्र में हेलीपेड तैयार किया जायेगा।

# भोपाल में ट्रक और डंपर की आमने-सामने टक्कर

### ट्रक ड्राइवर की मौके पर मौत, डंपर चालक फरार



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राजधानी भोपाल के मिसरोद थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक आइशर ट्रक और डंपर के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। डंपर चालक मौके से फरार हो गया है। जिसकी पुलिस तलाश में जुटी गई है।**

जानकारी के अनुसार यह घटना मिसरोद थाना क्षेत्र की है। यहां वृंदावन ढाबे के पास रविवार सुबह एक आइशर ट्रक और एक डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रक चालक वाहन के केबिन में फंसा गया था, जिसे बाहर निकालने में काफी देर लग गई।

मृतक चालक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मिसरोद थाना प्रभारी मनीष राज सिंह भदौरिया ने बताया कि घटनास्थल पर ट्रक के आसपास गिट्टी बिखरी हुई मिली थी, जिससे प्रतीत होता है कि टक्कर के दौरान डंपर गिट्टी से भरा हुआ था। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं। साथ ही कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा : मंत्री सारंग

जयभीम पदयात्रा... भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर मंत्री सारंग ने हजारों युवाओं के साथ निकाली पदयात्रा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में भव्य जयभीम पदयात्रा का आयोजन किया गया।**

यह पदयात्रा भोपाल के शौर्य स्मारक से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौराहे होते हुए पुनः शौर्य स्मारक पर पहुंचकर समाप्त हुई। मंत्री श्री सारंग ने शौर्य स्मारक से जय भीम पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा मार्ग में बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पदयात्रा में हजारों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हाथों में तिरंगा थामकर देशभक्ति की भावना के साथ बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### सामाजिक न्याय और संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूक करने का दिया संदेश

पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही। सभी युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ 卐जय भीम卐 और 卐जय भारत卐 के नारों से वातावरण को गुंजायमान किया। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर जय भीम पदयात्रा के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक समानता, न्याय और संविधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर पूरे देश में जय भीम पदयात्रा का आयोजन किया गया। भोपाल में आयोजित पदयात्रा में भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, उप सलाहकार राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अशोक कुमार श्रुती, अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री मनु श्रीवास्तव, खेल संचालक श्री राकेश गुप्ता, नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक श्री राकेश सिंह तोमर, राष्ट्रीय सेवा योजना, भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राजकुमार वर्मा, संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा

पदयात्रा से पहले मंत्री श्री सारंग ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जय भीम पदयात्रा केवल एक मार्च नहीं, बल्कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर, उन्हें अपने जीवन में उतारने का एक संकल्प है। यह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो उन्हें सामाजिक न्याय, समानता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि जय भीम पदयात्रा के माध्यम से हम बाबा साहेब के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं, जिन्होंने हमें एक ऐसा संविधान दिया, जो सामाजिक समता, न्याय और स्वतंत्रता का प्रतीक है। आज का युवा यदि उनके विचारों को आत्मसात करता है, तो वह निश्चित ही एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मानव कल्याण समिति द्वारा 10वीं से 12वीं तक के बच्चों की निशुल्क करियर काउंसलिंग की गईं



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** बाबा साहब भीमराव आंबेडकरजी की जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रक्तदान एक कोशिश मानव कल्याण समिति कि ओर से 10 वी से 12 वी तक के बच्चों की निशुल्क करियर काउंसलिंग की गईं, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की गईं.. करियर काउंसलिंग मे बहुत से बच्चों ने भाग लिया और अपने डाउट क्लियर किये.. काउंसलिंग के लिए श्रीमान महेश पंवार जी, श्रीमान दिलीप रुपाले जी, श्रीमान पुष्पेंद्र खोवारे जी उपस्थित थे.. संस्था ने अतिथियों का सम्मान करते हुए उनका धन्यवाद दिया.. कार्यक्रम का संचालन श्रींमती रक्षा गंगराडे के द्वारा किया गया व कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान सोनू मिथोंरिया ने की एवं श्रीमान अमृत वर्मा व संस्था अध्यक्ष मनीष शांति पिपले ने आभार माना...

### अम्बेडकर जी की जयंती तथा भारतीय संविधान के 75 वर्षों की पूर्णता पर आयोजित किया जा रहा है संविधान का महाकुंभ कार्यक्रम

**इंदौर ( विनय उजाला )।** दिनाँक 14 अप्रैल का दिन भारतरत्न तथा भारतीय संविधान के संत, जन- ज़न के नायक बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी की जयंती का तो है ही, साथ ही यह दिन उनकी ही देन भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने का भी है। इस शुभ अवसर पर इंदौर के रविन्द्र नाट्य ग्रह मैं प्रत्येक आम नागरिक मैं इस पावन दिन के महत्व तथा इस दिन के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य को लेकर संविधान का महाकुंभ प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। इस आम नागरिक शपथ विधि समारोह, जिसके मुख्य अतिथि, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी रहेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय जी के द्वारा की जाएगी। प्रोग्राम के मुख्य आयोजक डॉ अक्षय कान्ति बम हैं जो स्वयं युवा एवं उच्च शिक्षित होने के साथ ही इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के निदेशक भी हैं। श्री अक्षय बम तथा उनकी टीम समय -समय पर सामाजिक सरोकारों से सम्बध्द तथा जनसेवा के कार्य करते ही रहते हैं। बाबासाहेब अंबेडकर जी की जयंती पर आयोजित संविधान की शपथ का यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सभी लोगों के लिए ओपन रहेगा।

### डॉ आंबेडकर जयंती उत्सव के उपलक्ष में

# गीता भवन स्थित प्रतिमा पर चलाया गया स्वच्छता अभियान





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें जयंती दिवस के एक दिन पूर्व गीता भवन स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें पार्टी के सभी कार्यकर्ताओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और प्रतिमा परिसर की साफ सफाई की।डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का पाँच पवित्र नदियों के जल से अभिषेक भी किया गया।

इसी के साथ पार्टी के द्वारा स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता किट ग्लव्स जूते और ड्रेस आदि वितरित की गई।

गीता भवन स्थित प्रतिमा पर सफाई अभियान के दौरान नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के विचारों को सार्थक किया है एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाबा साहब के सामाजिक समरसता संदेश को आगे बढ़ाया जा रहा है। बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न जन कल्याण के कार्य किया जा रहे हैं और इंदौर में बाबा साहेब की प्रतिमाओं के साथ-साथ 340 शक्ति केंद्रों पर भी आज सफाई अभियान चलाया जाएगा। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल में बाबा साहब को भारत रत्न की उपाधि दी एवं बाबा साहब की जन्म जयंती के दिन राष्ट्रीय अवकाश भी घोषित किया।माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सिर्फ जातिगत आधार पर नहीं है बल्कि यदि कोई हमारे बीच मानासिक या शारीरिक तौर पर भी पिछड़ा हुआ है तो हमें उसे भी साथ लेकर चलना है और उसका कल्याण करना है इसी उद्देश्य से देश भर में सेवा कर रही है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव,विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला श्री मधु वर्मा,श्री सूरज केरो,श्री आलोक दुबे,श्री दीपक जैन टीनू,श्री एकलव्य गौड़,श्री घनश्याम शेर,श्री अनिल गौहर,श्री मुकेश राजावत, श्री हरप्रीत बक्शी, श्री राजेश शिरोडकर, श्री भारत पारीक,श्री अमर पेंढारकर, गंगाराम यादव,दिनेश वर्मा,नीतेश नरबले भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री जल गंगा संवर्धन अभियान : शहर में स्थित कुएं, बावड़ियां की विशेष सफाई अभियान जारी

# आयुक्त द्वारा कान्ह नदी सफाई कार्य का निरीक्षण, कान्ह नदी किनारे होगा पौधारोपण





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मुख्यमंत्री जी निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर में स्थित कुएं, बावड़ियां एवं नदियों की सफाई एवं संरक्षण के कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा आज जोन क्रमांक 18 के अंतर्गत कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय के पास स्थित कान्ह नदी सफाई कार्यों का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त महोदय ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के पालन की स्थिति का जायजा लिया और नदी किनारे घाटों की सफाई, पीचिंग कार्य एवं नदी के लगभग 1 किलोमीटर क्षेत्र में पौधारोपण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई के साथ ही नदी की जैव विविधता को बनाए रखने के लिए हरित कार्यों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसी अभियान के अंतर्गत जोन क्रमांक 15 में केसर बाग चौकी के पास स्थित एक प्राचीन कुएं की सफाई कार्य के पश्चात कुएं से 8 ट्रैक्टर ट्राली गाद निकालने कार्य किया गया।जोनल अधिकारी श्री सुनील जादौन के निर्देशन में कुएं की सफाई एवं गाद निकासी का कार्य पूर्ण किया गया, जिससे कुएं का स्वरूप निखर कर सामने आया और वहां जल आवक भी प्रारंभ हुई। आयुक्त महोदय ने इस उत्कृष्ट कार्य के लिए श्री सुनील जादौन की प्रशंसा की और इसे अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बताया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, कार्यपालन यंत्री श्री विवेक जैन, सहायक यंत्री श्री आकाश जैन, जोनल अधिकारी श्री निर्माता हिंडोलिया सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अंत्योदय को किया चरितार्थ : सुमित मिश्रा

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** भाजपा स्थापना दिवस के तहत चलाए जा रहे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने विधानसभा क्रमांक 5 के शिवाजी मंडल के वार्ड क्रमांक 48 के शक्तिकेंद्र क्रमांक 1 के बूथ क्रमांक 146 में बूथ समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही अर्थों में संगठन के ध्येय वाक्य अंत्योदय को चरितार्थ किया है,उनके कार्यकाल में वर्ष 2014 के बाद भारत में भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा संचालित ऐसी अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनसे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को आगे लाकर खड़ा किया है, गरीब कल्याण की योजनाओं के माध्यम से सर्वहारा वर्ग के विकास के अनेक कार्य हुए, राजनीतिक क्षेत्र में भी उन्होंने पार्टी के हर उस व्यक्ति के लिए उसकी क्षमता और योग्यता के अनुरूप दायित्व देकर आगे बढ़ाया है जिसने कभी सोचा भी नहीं था कि उसे कभी इस तरह सत्ता के सर्वोच्च पद पर पहुंचने, इतने आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। देश के होनहार लोगों को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से वह हमेशा उत्प्रेरित करते रहे हैं। जहां तक जन कल्याणकारी योजनाओं की बात है तो समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रोटी,कपड़ा और मकान के साथ अच्छी शिक्षा,स्वास्थ्य देकर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया है।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भोला यादव जी, अनिल गौहर जी, परसराम वर्मा जी, वार्ड संयोजक सोहन धीमान जी, बूथ अध्यक्ष आनंद राय जी, प्रीतम यादव जी, राजू धीमान जी, संगीता ख़मोरा जी, सन्नी वर्मा जी, सुब्रत बौरासी जी, दीपक कदम जी, पुनीत सोनकर जी, अमित निगोते जी, मुकेश चंदेल जी, छोटू धीमान जी एवं वार्ड क्रमांक 48 के कई कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# चोइथराम फाउंटेन स्कूल ने हनुमान जयंती महोत्सव मनाया गया





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** स्कूली बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण तथा सनातन संस्कृति के पोषण की महती आवश्यकता एवं जिम्मेदारी वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिक है। इसी उद्देश्य से चोइथराम फाउंटेन स्कूल श्रीराम तलावली धार रोड इंदौर में प्रतिवर्ष हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड के पाठ का आयोजन कर हनुमान जन्म उत्सव मनाया जाता है।इसकी प्रसन्नता तब कई गुना बढ़ बढ़ गई खुशी जब विद्यालय से बारवी पास कर जाने वाले विद्यार्थी नीरज नागर द्वारा इस आयोजन मैं अपनी मंडली द्वारा संगीतमय सुंदरकांड की प्रस्तुति देकर विद्यालय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में शिक्षा प्राप्त हम सारे साथी किसी भी प्रकार के व्यसन से मुक्त है।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर प्रीति दीक्षित , मैनेजिंग डायरेक्टर अश्विनी वर्मा, विद्यालय परिवार, नेत्रालय एवं ट्रस्ट ऑफिस के पदाधिकारी व कमचारियों की जीवंत उपस्थिति ने संपूर्ण मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया।

जहां कक्षा के. जी. से बड़ी कक्षा के बच्चों ने सुंदरकांड पाठ में भाव विभोर होकर अपनी ताली की थाप से पूरे समय उपस्थिति दर्ज करवाई वहीं उपस्थित सभी सदस्यों ने भजन पर नृत्य मुद्राओं द्वारा प्रभु के चरणों में भक्ति पुष्प अर्पित किए। विद्यालय में अपनी शिक्षा पूर्ण करने के बाद इस अवसर पर प्रवाचक और सुंदरकांड की प्रस्तुति देने आए विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी नीरज नागर औरंगपुरा और उनकी पूरी टीम को सभी शिक्षकों ने आशीर्वाद व साधुवाद दिया।

# प्राध्यापकों के ट्रांसफर से अतिथि विद्वान होंगे फालेन आउट,तनाव में विद्वान

प्रदीप कश्यप

**भोपाल ( विनय उजाला )।** सूबे के सरकारी कॉलजों में वर्षो से सेवा कर रहें अतिथि विद्वानों के अतिथि विद्वानी में भी अब खतरा मॉडराने लगा है। अंदर बाहर का खेल अब शुरू होने वाला है। अभी हाल ही में प्राध्यापकों के ट्रांसफर लिस्ट उच्च शिक्षा विभाग ने जारी कि है जिसको लेकर अतिथि विद्वानों को अपनी रोजी रोटी छिनने का डर सता रहा है।अब जैसे ही प्राध्यापक नई पदस्थापना वाली जगहों पर ज्वाइन करेंगे तो तत्काल अतिथि विद्वान बाहर हो जाएंगे।जैसा कि विदित हो कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं वर्तमान मुख्यमंत्री पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने महापंचायत में घोषणा कि थी कि अतिथि विद्वान अब फालेन आउट नहीं होंगे उन्होंने जोर देकर कहा था कि अतिथि विद्वान इन ही रहेंगे उनके साथ जुड़ा फालेन आउट शब्द विलोपित किया जाता है लेकिन आज भी घोषणा कि ये भी लाइन पूरी नहीं हुई।

अतिथि विद्वान महासंघ ने विद्वानों के भविष्य सुरक्षा पर चिंता जाहिर कि है। महासंघ के प्रदेश मिडिया प्रभारी डॉ आशीष पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में पठन पाठन से लेकर नैक, रूसा, प्रवेश, परीक्षा, प्रबंधन, मूल्यांकन आदि समस्त कार्य अतिथि विद्वान ही सँभालते हैं और ये बात पूरे प्रदेश के बच्चे बच्चे को पता है सरकार भी जानती है पर उन्ही अतिथि विद्वानों का भविष्य सुरक्षित नहीं। डॉ पाण्डेय ने निवेदन करते हुए कहा कि अतिथि विद्वानों के भविष्य सुरक्षा पर सरकार ध्यान दे आज तक इस ओर एक भी कदम नहीं उठाया गया हैं।

आने वाले समय में प्राध्यापकों कि ट्रांसफर लिस्ट और आ सकती है जिससे सीधे सीधे अतिथि विद्वान प्रभावित होंगे।अभी 600 स्थानांतरण पीएमश्री कॉलेज और उत्कृष्टता कॉलेज में हुए थे अभी वही मामला अटका हैं जिसकी सूची क्लियर होनी है।डॉ अविनाश मिश्रा उपाध्यक्ष महासंघ ने बताया कि अतिथि विद्वानों का परिवार छोटे बच्चे सब के एडमिशन हुए हैं जों भी दिहाड़ी मजदूरी मिल रहीं है उससे भी सरकार बेदखल करने का प्रयास करती है।डॉ मिश्रा ने फिक्स मासिक वेतन एवं स्थाई समायोजन कि मांग रखी।

### इनका कहना है:-

शासन प्रशासन नैतिकता दिखाते हुए रिक्त पदों में काम कर रहें अतिथि विद्वानों को अपने घोषणा अनुसार स्थाई समायोजित करें साथ ही फिक्स मासिक वेतन दे तो खुद ही सभी समस्या का समाधान हो जाएगा।

**डॉ देवराज सिंह,प्रदेश अध्यक्ष महासंघ**

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक एस/20/2025, दिनांक : 09.04.2025**

| स.क्रं. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 179 | WAP-7 लोको के लिए पिनियन शाफ्ट 20 दांत | 185 Nos | 5-May-2025 |
| 180 | हार्नेस्ड केबल का सेट | 80 Set | 5-May-2025 |
| 181 | कटिंग चेन असेंबली 7 लिंक सेट के साथ पूरी तरह से ढीली है। | 8 Set | 6-May-2025 |
| 182 | हिताची ट्रैक्शन मोटर के लिए 23 दांत पिनियन | 159 Nos | 7-May-2025 |
| 183 | एल्युमिनियम इम्पेलर | 175 Nos | 9-May-2025 |

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in और indianrailways.gov.in पर जाएं। 0038

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैकमैन के लिए टूल रूम सह विश्राम कक्ष**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल मुंबई - 400008, **ई-टेंडर आमंत्रित करता है सूचना संख्या : बीसीटी/25-26/13, दिनांक : 09.04.2025। कार्य और स्थान : उकाई सोंगहाद - जलगांव जंक्शन :** TBR-17.185 Tkm & TFR - 48.493 Tkm और उधना - जलगांव - TFR-35.074 Tkm, TFTR-39.939 Tkm & 24 टूल रूम सह विश्राम कक्ष। **कार्य की अनुमानित लागत :** 4,74,64,828.62। **ईएमडी :** 3,87,300/-। **जमा करने की तिथि और समय :** 06.05.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय :** 06.05.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। मैन्युअल ऑफ़र पर विचार नहीं किया जाएगा। 0039

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**कार्यालय क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, इन्दौर संभाग, इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/स्टोर/2025/3086 इन्दौर, दिनांक : 08.04.2025

**:: विज्ञप्ति प्रकाशन ::**

कार्यालय क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें इन्दौर संभाग इन्दौर में कार्यालयीन उपयोग में लगने वाले स्टेशनरी एवं सामग्री के क्रय करने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज की जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकार कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें इन्दौर संभाग इन्दौर के नाम से निविदाकार निविदा फार्म विज्ञापन प्रकाशित के दिनांक से 21 दिवस तक www.mptenders.gov.in से रूपये 1000/- का भुगतान कर ऑनलाईन प्राप्त कर सकते है। समस्त दस्तावेजों की हार्ड कापी अंतिम तिथि के पहले इस कार्यालय के भंडार शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करायें।

जी-11478/25

**क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, इन्दौर संभाग, इन्दौर ( म.प्र. )**

''स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता''

**कार्यालय उप वनमण्डलाधिकारी, सामान्य उपवनमण्डल बड़वाह सामान्य वनमण्डल बड़वाह, जिला खरगोन (म.प्र.)**

**:: वन अधिकार पत्र में नाम दर्ज करने संबंधि विज्ञप्ति ::**

**विज्ञप्ति क्रमांक/2025/1275** **बड़वाह, दिनांक : 03-04-2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जुलवानिया, तहसील सनावद, जिला खरगोन, म.प्र. के निवासी आवेदक श्री छतरसिंग पिता हरसिंग जाति अ.ज.जा. का वनाधिकार पत्र में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है, जिसमें वन अधिकार पत्र के मूल खातेदार श्री हरसिंग पिता नानसिंग द्वारा उनके नाम के साथ पुत्र श्री छतरसिंह, श्री मांगीलाल व खुमसिंग जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनकी पत्नी स्त्रीमती रून्टीबाई पति स्व. खुमसिंग का वनमण्डल बड़वाह, वन परिक्षेत्र सनावद के वन अधिकार पत्र कक्ष क्रमांक 320, रकबा 1.620 हेक्टेयर, (प्लाट कोड 172400961001) पर नाम दर्ज किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। जिसकी प्रक्रिया अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज करावें। निर्धारित समय अवधि में कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने की स्थिति में वन अधिकार पत्र कक्ष क्रमांक 320, रकबा 1.620 हेक्टेयर, (प्लाट कोड 172400961001) पर श्री हरसिंग पिता नानसिंग उनके पुत्र श्री छतरसिंग, श्री मांगीलाल व श्रीमती रून्टीबाई पति स्व. खुमसिंग निवासी ग्राम जुलवानिया, तहसील सनावद, जिला खरगोन (म.प्र.) के नाम नियमानुसार दर्ज कर दिया जावेगा। बाद कोई आपत्ति/दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

**( विजय गुप्ता ) उप वनमण्डलाधिकारी बड़वाह सामान्य वनमण्डल बड़वाह**

जी-11464/25

''स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता''

### 84 वर्षीय राजयोगिनी मोहिनी दीदी बनीं मुख्य प्रशासिका

# चार साल पूर्व बनीं थीं अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका 1978 से यूएसए में दे रही थीं सेवाएं

विनय उजाला

**आबूरोड, राजस्थान। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की नई मुख्य प्रशासिका के रूप में 84 वर्षीय राजयोगिनी मोहिनी दीदी को दायित्व सौंपा गया है। आप ब्रह्माकुमारीज़ की छठीं मुख्य प्रशासिका बनी हैं। इसके पूर्व आप पिछले चार साल से अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका का दायित्व संभालती आ रही थीं। रविवार को हुई मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया।**

बता दें कि 8 अप्रैल को मुख्य प्रशासिका 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी के देहावसान के बाद यह नियुक्ति की गई है। इसके पूर्व दादियां ही मुख्य प्रशासिका बनती आई हैं। पहली बार दीदियों के हाथ में संस्थान की



बागडोर सौंपी गई है। वहीं संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी को अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका नियुक्त किया गया है। वर्ष 1941 में दिल्ली में जन्मी बीके मोहिनी दीदी ने दिल्ली विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने इतिहास, राजनीति विज्ञान और पत्रकारिता में कला स्नातक की डिग्री ली है। इसके पूर्व आपने उत्तर और दक्षिण अमेरिका और कैरिबियन में ब्रह्माकुमारीज़ के क्षेत्रीय समन्वयक के रूप में सेवाएं दी हैं।

**ब्रह्मा बाबा के साथ रही हैं दीदी-** मुख्य प्रशासिका नियुक्त होने पर राजयोगिनी बीके मोहिनी दीदी ने कहा कि मुझे ब्रह्मा बाबा के साथ रहने और शिक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उन शिक्षाओं को अपने जीवन में और सामाजिक जीवन में उपयोग करती हूं। जैसा घरों में होता है कि पहले दादा-दादियों को आगे रखा जाता है। इसी तरह अब दादियों के बाद मुझे यह दायित्व सौंपा गया है।

### पहली बार दीदी संभालेंगी मुख्य प्रशासिका का दायित्व

ब्रह्माकुमारीज़ के इतिहास में अब तक मुख्य प्रशासिका का दायित्व दादियों को दिया जाता रहा है। यह पहला मौका है जब दीदी यह दायित्व संभालेंगी। इसके अलावा आप अमेरिका में भी वर्षों से संस्थान की सेवाओं को बढ़ाती आ रही हैं। मोहिनी दीदी ने पहली बार वर्ष 1972 में विदेश में सेवाकेंद्रों खोले। वर्ष 1976 में उत्तरी अमेरिका में पहली बार ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्रों की स्थापना की। पहले कैरेबियन और फिर 1978 में अमेरिका के लिए एक क्षेत्रीय मुख्यालय की स्थापना की। आप संस्थान के यूएसए के वर्ल्ड स्प्रीचुअल आर्गनाइजेशन की अध्यक्षा भी हैं। 1981 से संयुक्त राष्ट्र में एक गैर सरकारी संगठन के रूप में ब्रह्माकुमारीज़ का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

# सम्पादकीय

## दुनियावी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं

उम्मीद विधेयक राज्य सभा से भी पारित हो गया और अब इसके विधिवत कानून बनने में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की औपचारिकता भर रह गई है। इस पर करीब 13 घंटे की लंबी बहस राज्य सभा में भी हुई। सरकारी पक्ष ने अपने उन्हीं तकरे को और अधिक वजनदारी के साथ आगे बढ़ाया जो उसने लोक सभा में रखे थे। यहां उम्मीद थी कि विपक्ष के खामियों का समुचित जवाब देंगे जो खामियां इस विधेयक को लाने का कारण बनी, लेकिन मुस्लिम वक्ताओं के साथ-साथ विपक्षी वक्ता भी इसे असंवैधानिक बताते रहे।यानी वे मुसलमान के इसी तर्क की पुष्टि करते रहे कि वक्फ बोर्ड अल्लाह के लिए है, इस्लामी कानून के तहत है, शरीयत की विधियों से संचालित है। इसलिए इसमें दुनियावी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस बहस ने कथित धर्मनिरपेक्षता का वह चेहरा फिर से उजागर कर दिया कि इस्लामी विधियों और प्रावधानों के साथ खड़े होना, भले ही वह आधुनिक युग में कितने भी निर्थक क्यों ना हो गई हो, धर्मनिरपेक्षता है।यह धर्मनिरपेक्षता अंततः उन्हें कहां ले जाएगी यह तो भविष्य बताएगा, लेकिन हाल-फिलहाल इसकी बुरी तरह पराजय हुई है। विपक्ष अगर सचमुच इस मामले में अपनी साख बचाना चाहता है तो उसे यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि वक्फ कानून नये संशोधनों के साथ अस्तित्व में आ गया है।अब उसको ध्यान इस पर केंद्रित करना चाहिए कि इस नये कानून के आलोक में वक्फ बोर्ड भू-माफियाओं और निजी लाभ को पाने वाले स्वार्थी समूह की गिरफ्त से बाहर आए और उसका लाभ मुसलमान तक पहुंचे जो उसके वास्तविक हकदार हैं। विपक्ष को मुल्ला, मौलानाओं और मुसलमान की राजनीति करने वाले राजनेताओं का मोह त्याग कर पसमांदा और सबसे निचली पायदान पर खड़े मुसलमानों के हित की वास्तविक लड़ाई लडनी चाहिए।ध्यान रखना चाहिए कि मुस्लिम राजनीति गरीब मुसलमानों की आंख पर पट्टी बांधकर उनका दोहन, शोषण करती रही है और उन्हें अपने राजनीतिक हितों का मोहरा बनती रही है। इन मुसलमानों को कट्टरपंथी और स्वार्थी समूहों के चंगुल से बाहर निकलना समय की मांग है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विपक्ष इस मांग को सुनेगा और अपनी मौजूदा नीति से बाहर निकाल कर निम्नवर्गीय मुसलमानों के हित में संघर्ष करेगा।

## सुविचार

बिना अपना आपा और आत्म विश्वास खोये,
कुछ भी सुन सकने की योग्यता ही शिक्षा है।
**- संजय अग्रवाल, नागपुर**

अच्छाई और बुराई इंसान के कर्मो मे होती है,
कोई बांस का तीर बनाकर किसी को घायल करता है,
तो कोई बांसुरी बना कर सुर को भरता है।
**- मनीषा साहू, इंदौर**

किसी को पाने के लिए हमारी सारी
खूबियां कम पड़ जाती हैं और खोने के
लिए एक गलतफहमी ही काफी है।
**- ताहिर अली, भोपाल**

वहीं जीवित है जिसका मस्तिष्क ठंडा,
रक्त गरम, हृदय कोमल और पुरूषार्थ प्रखर है।
**- राशि परिहार, इंदौर**

पत्तों ने जब भी रंग बदला है,
हमेशा जमीन पर गिरे हैं।
**- देवकीनंदन शर्मा, भोपाल**

मध्यप्रदेश सरकार डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की स्मृति में पंच तीर्थो-उनके जन्म स्थान, दीक्षा स्थल, कर्मभूमि, शिक्षा स्थल और जहां उनका महा-परिनिर्वाण हुआ था। सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत इन पंच तीर्थों बाबा साहेब की जन्मस्थली महू, दीक्षा भूमि नागपुर, महा-परिनिर्वाण स्थली दिल्ली, चैत्य भूमि मुंबई और यूके के लंदन में स्थित पढ़ाई के समय का उनका निवास स्थल शामिल हैं।

# बाबा साहेब आंबेडकर की कल्पनाओं को साकार करता मध्यप्रदेश

क्रांति दीप अलूने




डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर भारत के महान विधिवेत्ता,एक दूरदर्शी चिंतक और समाज सुधारक थे। उन्होंने एक ऐसे राज्य की कल्पना की थी जो समानता, न्याय और मूलभूत अधिकारों को हर नागरिक के लिए सुनिश्चित करे। डॉ.आंबेडकर वंचितों, शोषितों, मजदूर, किसान, पिछड़े समाज और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित थे, उनका यह आग्रह देश के संविधान में भी दिखाई पड़ता है। डॉ. आंबेडकर के चिंतन और संघर्ष का मूल उद्देश्य सामाजिक न्याय, समानता और सम्मान के साथ सभी का खुशहाल जीवन था। मध्यप्रदेश में बड़ी आबादी अनुसूचित जातियों, जनजातियों और पिछड़े वर्गों की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डॉ. आंबेडकर की संकल्पना को साकार करते हुए राज्य सरकार वंचित और गरीब वर्गों के सर्वंगीण विकास और खुशहाल जीवन के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव संविधान दिवस (26 नवम्बर) पर मध्यप्रदेश में निवेश लाने के लिए अपने यूके-जर्मनी दौरे के बीच लंदन में उस स्थान पर पहुंचे जहां 1920 के दशक में डॉ. आंबेडकर ने निवास किया था। डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर उन्होंने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया। दरअसल भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक उद्घोषणा है, जो संविधान की मूल भावना, उद्देश्यों और आदर्शों को दर्शाती है। यह संविधान के उद्देश्यों की आधारशिला है। प्रस्तावना में समस्त नागरिकों के लिये सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का संकल्प दिखाया गया है और प्रदेश उन संकल्पों को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है।

मध्यप्रदेश में डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू में हुआ था और राज्य उनके विचारों को साकार करने वाली भूमि के रूप में पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने जनकल्याणकारी कार्यो से यह सुनिश्चित किया है कि वंचित वर्गों के लिए संचालित कार्यक्रम और योजनाओं को डॉ. आंबेडकर की अपेक्षाओं के अनुरूप व्यवहारिक जीवन और नीति निर्माण में भी उतारा जाए। भारत एक कल्याणकारी राज्य है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों, विशेष रूप से गरीब वर्ग के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लक्ष्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के चिंतन के अनुरूप 'सबका साथ और सबका विकास' को बनाया है।

### सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में विकसित होगा महू का सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की है कि डॉ. आंबेडकर की जन्म स्थली महू में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जाएगा। डॉ. आंबेडकर शिक्षा को जीवन का सबसे ताकतवर हथियार मानते थे। उनके लिए शिक्षा सिर्फ व्यक्तिगत तरक्की का साधन नहीं अपितु सामाजिक परिवर्तन, समानता और न्याय का रास्ता थी। उन्होंने शिक्षा को दलितों, पिछड़ों और शोषित वर्गों के लिए मुक्ति का द्वार बताया था। उनका मानना था कि उच्च शिक्षा संस्थान वैज्ञानिक, शिक्षाविद, विचारक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करते हैं। अब डॉ. आंबेडकर से प्रेरणा लेकर सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस से उत्कृष्ट विद्यार्थी निकल सकेंगे।

### पंच तीर्थ की यात्रा कराएगी सरकार

म.प्र. के महू में डॉ. आंबेडकर स्मारक के साथ कई अन्य स्थान भी हैं, जो उनके संघर्ष और योगदान को याद दिलाते हैं। यह स्थल पूरे देश के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत हैं। महू डॉ. आंबेडकर के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। देश विदेश से लाखों लोग यहां पर आते है। मध्यप्रदेश सरकार डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की स्मृति में पंच तीर्थो-उनके जन्म स्थान, दीक्षा स्थल, कर्मभूमि, शिक्षा स्थल और जहां उनका महा-परिनिर्वाण हुआ था। सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत इन पंच तीर्थों बाबा साहेब की जन्मस्थली महू, दीक्षा भूमि नागपुर, महा-परिनिर्वाण स्थली दिल्ली, चैत्य भूमि मुंबई और यूके के लंदन में स्थित पढ़ाई के समय का उनका निवास स्थल शामिल हैं।

सागर जिले के करीब ढाई सौ वर्ग किलोमीटर आरक्षित वन क्षेत्र को प्रदेश का 25वाँ अभयारण्य घोषित किया है। संविधान के शिल्पकार डॉ.आंबेडकर के पर्यावरण संरक्षण के प्रति आग्रह को याद करते हुए अभयारण्य का नाम डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से रखा गया है। अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। इस अभयारण्य से पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ़ होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### प्रदेश का सबसे लम्बा फ्लाई ओवर ब्रिज डॉ. आंबेडकर के नाम

सेतु केवल दो स्थानों को जोड़ने वाली संरचना नहीं होती बल्कि यह संपर्क, विकास और विश्वास का प्रतीक होता है। देश के हृदय प्रदेश की राजधानी भोपाल के हृदय-स्थल कहे जाने वाले महाराणा प्रताप नगर में बने प्रदेश के सबसे (2.73 किमी) लंबे फ्लाई-ओवर का नामकरण बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनेकता में एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया है।

### डॉ. आंबेडकर पशुपालन विकास योजना, किसान समृद्धि की नई पहल

समता और समानता के पैरोकार रहे डॉ.आंबेडकर के नाम पर राज्य सरकार ने किसानों की समृद्धि के लिए 'डॉ. आंबेडकर पशुपालन विकास योजना' को मंजूरी दी। पशुपालन और डेयरी, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, अपितु आधुनिक भारत में भी एक बड़ा आर्थिक क्षेत्र है।

पशुपालन एवं डेयरी और डॉ. भीमराव आंबेडकर का संबंध मुख्य रूप से समाज के आर्थिक उत्थान और सामाजिक न्याय से जुड़ा हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने हमेशा सामाजिक और आर्थिक समानता की बात की और समाज के प्रत्येक वर्ग को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया। पशुपालन और डेयरी उद्योग को उन्होंने आर्थिक स्वतंत्रता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा, विशेष रूप से दलित, जनजातीय और पिछड़े समुदायों के लिए।

डॉ. आंबेडकर ने समाज में समानता और सशक्तिकरण के लिए जो मार्गदर्शन दिया, वह मध्यप्रदेश में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो, इसके लिए राज्य सरकार लोक-कल्याण के व्यापक कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, डॉ.आंबेडकर की कल्पनाओं को साकार करते हुए सुशासित प्रदेश की अवधारणा पर प्रदेश के विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ा रहे है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में समान अवसर और समावेशी विकास की योजनाओं ने उसे एक सशक्त और प्रगतिशील राज्य बना दिया है। मध्यप्रदेश डॉ. आंबेडकर के सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ रहा है।

**(लेखक, उप संचालक जनसम्पर्क है)**

## 14 अप्रैल - बाबासाहेब अम्बेडकर जयंती विशेष

### बाबासाहेब अम्बेडकर के लिए क्या कहूँ...!

मालवा की धरती में इंदौर के समीप हैं महूँ,
मैं बाबासाहेब अम्बेडकर के लिए क्या कहूँ।
इस धरा का ये क्या-क्या न करें हम बखान,
सनातनकाल से पल्लवित व पोशित महान।
सूबेदार रामजी-भीमाबाई का चौदहवाँ फूल,
चौदह को जन्मे भीमराव हमेशा से रहें कूल।
मालवा की धरती में इंदौर के समीप हैं महूँ,
मैं बाबासाहेब अम्बेडकर के लिए क्या कहूँ।
भारत को जातिगत विषमता से मुक्त करने,
वैचारिक, बौद्धिक सम्पदा परिमार्जन करने।
इस महामना ने बहुत अतुलनीय कार्य किया,
ऐसे महामानव ने शताब्दियों में जन्म लिया।
मालवा की धरती में इंदौर के समीप हैं महूँ,
मैं बाबासाहेब अम्बेडकर के लिए क्या कहूँ।
परिवार की आर्थिक परिस्थितियों पर पार,
बाबा साहब उच्च शिक्षा के बल तारणहार।
विदेश में अर्थशास्त्र डॉक्टरेट डिग्री हासिल,
अपनी मेहनत से देशसेवा के लिए काबिल।
मालवा की धरती में इंदौर के समीप हैं महूँ,
मैं बाबासाहेब अम्बेडकर के लिए क्या कहूँ।
दलितों के प्रति छुआछूत का होता व्यवहार,
करते थे विरोध शोषित वर्ग ले रहा आकार।
ज़ब स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना,
बाबासाहेब ने लोकतंत्र का सच किया सपना।



दैनिक विनय उजाला
**संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक) इन्दौर-452011 (मध्यप्रदेश)**

## खेल भोले का



जब-जब आस बंधी....
छूट जाएगा साथ कभी ये,
आस नहीं हमनें छोड़ी,
भोले की ही बांह पकड़कर,
पकड़ा दी जीवन डोरी।
जब-जब आस बंधी ...
आओ भोले के संग मिलकर,
खुशियों का एक ताल भरें,
लगा भक्ति की डुबकी सारे,
खुद को मालामाल करें।
जब-जब आस बंधी ....
जब-जब आस बंधी भोले से,
पार लगाई भोले नें ,
जन्म-जन्म का साथी बन कर,
राह सधाई भोले नें।
जब-जब आस बंधी ....
जीवन है श्वांसों का मेला,
खेल अजब भोले ने खेला,
आना-जाना कब किसका है,
भेद नहीं भोले नें खोला।
जब-जब आस बंधी ...
भावों की देहरी पर भोले,
हम अपना शीश झुकाते हैं,
चिंताओं की मनभर गठरी,
छोड़ खुशी से आते हैं।



दैनिक विनय उजाला
**(209/263 वां मनका)**
**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी (राम) गांधीनगर,इन्दौर (म.प्र.)**

## बाबा साहेब अम्बेडकर

समाज शोधक दिग्दर्शक न तुझसे बड़ा है कोई
हँसी दिलाई उस जनता को जो सदियों से रोई
बाबा साहेब के बच्चों, पत्नी की भी हुई उपेक्षा
लगे रहे समाज हित में मानस की रखी अपेक्षा
पत्नी हो अधिवक्ता की कम पैसों में करे गुजारा
ध्यान नहीं दे पाने से बालक का भी गया सहारा
रोजी रोटी और पढ़ाई करते रहे थे बाबा साहेब
अफसर होकर होती उनकी, सदा ही खाली जेब
सदा अछूतों का संबल, बने दे गए संविधान
कानूनन जुर्म बना गए, आरक्षण का दे वरदान
स्त्री शिक्षा मंदिर प्रवेश, जल पीने का अधिकार
सम्मान दिलाया दलितों को, सहा स्वयं धिक्कार
स्वयं सुखों का त्याग कर, परहित धरते ध्यान
युगों युगों तक दलितों के रहेंगे वो भगवान




दैनिक विनय उजाला
**डॉ नीलू शुक्ला समीर भोपाल, मध्यप्रदेश**

## भीमराव

चौदह अप्रैल का दिन था महान
चमका सितारा एक महान।
नाम था उसका भीमराव
बाबा साहब बड़े महान।
बड़े कर्मवीर नायक थे तुम
दलित समाज सुधारक थे तुम।
जलता दीपक बनकर आए
सबके दिल में रहते थे तुम।
विलासी जीवन को ठुकराया
स्वाभिमान सबको सिखलाया।
तूफानों से टकराकर तुमने
स्वाभिमान का दीप जलाया।
बाबा साहब शत-शत प्रणाम
जग में अमर तुम्हारा नाम ।
भारत की गौरव गाथा में
जीवित रहेगा तेरा नाम ।



दैनिक विनय उजाला
**डॉक्टर बृजबाला गुप्ता (अर्चना) इंदौर मध्य प्रदेश**

## आवाज की दुनिया के दोस्तों...

व्हाट्सएप के द्वारा और लोगों से प्राप्त संदर्भों के माध्यम से, नए-नए लोगों से बातचीत हुई और दूरसंचार पर इस तरह से लोगों से एक अनोखा संबंध स्थापित हुआ और इनको कहा गया आवाज की दुनिया के दोस्तों...

**संकोच..** ज्यादातर यह देखा और सुना गया है कि लोग परिचितों से और अपरिचितों से भी, बातचीत करने में संकोच करते हैं कि दूसरा कहीं व्यस्त तो नहीं होगा, हमारे बारे में न जाने क्या सोचेगा इत्यादि। किंतु अनुभव से यह पाया है कि यह पूरी तरह सत्य नहीं है केवल कभी कभार ही ऐसा होता है अन्यथा अधिकतर तो सामने वाला आपकी आवाज सुनकर, आपसे बातचीत करके आनंदित होता है, अपने विचार और अनुभवों को साझा करके प्रसन्न होता है।

**कर के देखो...** हमारा जीवन विचार, समझ, प्रयास, प्रयोग, अनुभव, निष्कर्ष और सुधार प्रक्रिया की एक निरंतर यात्रा ही तो है।

**क्यों डरें कि क्या होगा, कुछ ना होगा तो तजुर्बा होगा..** संपर्क और संवाद का कोई भी अवसर नहीं छोड़ें, अपनी ओर से शुरुआत करें, आगे बढ़ें और बढ़ते रहें, यही आज के समय में अभीष्ट हो गया है।



दैनिक विनय उजाला
**संपर्क संवाद सृजन**
**संजय अग्रवाल, नागपुर**

## पश्चिम रेलवे उधना एवं दानापुर के बीच चलाएगी अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन

विनय उजाला



**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा चल रही गर्मी की छुट्टियों के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना एवं दानापुर के बीच विशेष किराए पर एक अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है:

ट्रेन संख्या 09053/09054 उधना - दानापुर अनारक्षित स्पेशल [2 फेरे]

ट्रेन संख्या 09053 उधना - दानापुर स्पेशल सोमवार, 14 अप्रैल, 2025 को उधना से 06:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09054 दानापुर-उधना स्पेशल मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025 को दानापुर से 16:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22:30 बजे उधना पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

यह ट्रेन पूरी तरह से अनारक्षित है तथा इसमें स्लीपर एवं सेकेंड क्लास कोच होंगे। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## अधिकारी

रामू एक कार्यालय में चतुर्थ क्षेणी कर्मचारी था, कार्यालय में उसके बड़े अधिकारी सुरेश सर बहुत ही सख्त और नियमकायदे पर चलने वाले अधिकारी है, रामू को बहुत दिनों के बाद छुट्टी मिली थी तो वो घर पर अपने परिवार के साथ ही छुट्टी मनाना चाहता था, तभी उसके कार्यालय से फोन आया उसने बड़े ही अनमने मन से फोन उठाया, उधर से सुरेश सर ने पूछा कहा हो रामू?, रामू ने बोला सर अभी तो घर पर ही हूँ, बताइए क्या काम है, सुरेश सर बोले कुछ काम तो है नहीं, बस घर पर ही बैठा था तो सोचा सभी से बात ही कर लू लेकिन किसी ने भी फोन उठाया ही नहीं, तुम ही पहले व्यक्ति हो जिसने मेरा फोन उठाया, कुछ नहीं कर रहे हो तो आ जाओ पत्नी को साथ लेकर कही घूमने चलते है. रामू कुछ बोले इसके पहले ही सुरेश सर बोले आधे घंटे में मेरे घर आ जाओ मै टिफिन तैयार करवाता हूँ, पहले मंदिर चलेंगे दर्शन करेंगे फिर कही बैठ कर साथ में भोजन करेंगे, रामू बोला सर मै आपके साथ लोग क्या कहेंगे, सुरेश सर बोले लोगो को बोलने दो तुम तो जल्द आ जाओ, रामू सुरेश सर के घर पंहुचा वे अपनी पत्नी के साथ तैयार थे साथ ही एक बड़ा डब्बा भी तैयार था, रामू और उसकी पत्नी गाड़ी में पीछे बैठने लगे तो सुरेश सर ने बोला आज अपन परिवार के साथ चल रहे है कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं है तुम मेरे साथ आगे बैठो, रामू बड़े अचेम्भे में सुरेश सर को देख रहा था कार्यालय में तो बड़े सख्त रहते है लेकिन आज तो सुरेश सर बड़े ही दरियादिल दिखाई दे रहे थे. रामू ने आज सुरेश सर के साथ मंदिर के दर्शन किये फिर एक बगीचे में बैठ कर साथ में भोजन किया, रामू आज अपने कठोर अधिकारी का यह रूप देख कर आश्चर्य चकित था.



दैनिक विनय उजाला
**तपन जिंदल**

# भारतीय अर्थशास्त्र के जनक संविधान शिल्पी : बाबासाहब डॉ.बी.आर.आंबेडकर

विनय उजाला

भीमराव रामजी आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महु नगर में हुआ था। बाबासाहेब के नाम से प्रसिद्ध डॉ. आंबेडकर भारत के विधिवेत्ता,अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। बाबासाहब स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय एवं स्कूल आफ इकोनॉमिक्स विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। डॉ. आंबेडकर एक विद्वान संविधान विशेषज्ञ थे। उन्होंने 60 देशों के संविधानों का अध्ययन किया था, तत्पश्चात भारत के संविधान की रचना में प्रमुख भूमिका निभाई थी। उन्होंने महिलाओं के व्यापक आर्थिक और सामाजिक अधिकारों के लिए सतत प्रयास किया। भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक अन्याय,बाबा साहब को जाति भेदभाव उन्मूलन और हाशिए पर रहने वाले लोगों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष की राह पर ले गया।



उनका मानना था कि पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व ही अछूतों की सामाजिक स्थिति में सुधार ला सकता है। उन्होंने दलितों की व्यग्रता को आवाज देने के लिए मुखनायक, बहिष्कृत भारत,समता जनता जैसे कई पत्रिकाएं भी शुरू की थी। उनके नेतृत्व में किए गए पहले सार्वजनिक कार्यों में महाड़ सत्याग्रह, कालाराम मंदिर आंदोलन प्रमुख थे। सन 1936 में दलितों और मजदूर वर्गों के हितों के लिए प्रतिनिधित्व करने के लिए इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी की स्थापना की थी। डॉ आंबेडकर भारतीय रिजर्व बैंक की परिकल्पना में महत्व भूमिका निभाई थी तथा भारतीय रिजर्व बैंक के प्रथम गवर्नर भी रहे थे।बाबासाहब एक बहुआयामी भारतीय प्रतीक थे। राजनीतिक आर्थिक परिदृश्य को आकार देते रहते हैं। उनकी प्रसिद्धि और स्थायी विरासत भारत में उनके बहुमुखी योगदान से उपजी है। उनका नारा था शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो। डॉ आंबेडकर कहते थे कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए। डॉ भीमराव अंबेडकर को 09 से अधिक भाषाओं का ज्ञान था,उनके पास अलग-अलग विषय की 32 से अधिक डिग्रियां थी। उन्होंने बचपन से ही बहुत अपमान और भेदभाव सहन किया था। वे एक कुशल चित्रकार भी थे। डॉ आंबेडकर को भारतीय इतिहास में समानता और न्याय का प्रतीक माना जाता है, उनका दृष्टिकोण उनकी विचारधारा मानवतावादी रही है। उनका उद्देश्य शोषित पीड़ित एवं दलित समाज का विकास करना था। बाबा साहब डॉ.अंबेडकर को 1990 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

दैनिक विनय उजाला
**डॉ.विजय पाटिल**
**शिक्षक सह साहित्यकार**
**सेंधवा जिला बड़वानी मप्र**

एकनाथ शिंदे के बचाव में उतरे भाजपा नेता, कहा-

# शिंदे अमित शाह से नहीं करेंगे महायुति को लेकर शिकायत

मुंबई , एजेंसी

**महाराष्ट्र में महायुति से जुड़े विवादित मुद्दों को डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सामने रखने को लेकर चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि शिंदे ने रायगढ़ दौरे पर आए अमित शाह से राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन से संबंधित विवादास्पद मुद्दों को लेकर बात की है। इस मामले को लेकर भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार शिवसेना नेता शिंदे के बचाव मे उतरे।**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मंत्री मुनगंटीवार ने कहा कि एकनाथ शिंदे एक अच्छे नेता हैं। वह शाह के समक्ष शिकायतें उठाने के लिए इस तरह के तरीकों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। शिंदे ऐसे नेता हैं जो अमित शाह के समक्ष मामले को उठाने का इंतजार नहीं करेंगे। वह सीधे उपमुख्यमंत्री अजित पवार से बात करेंगे।

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना इस बात से परेशान है कि पार्टी के मंत्रालयों की कुछ फाइलें उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार के पास अटकी हुई हैं। वहीं शिवसेना सीएम देवेंद्र फडणवीस द्वारा पिछली शिंदे सरकार द्वारा लिए गए कुछ फैसलों को पलटने से भी नाराज है। कहा जा रहा था कि एकनाथ शिंदे केंद्रीय गृह मंत्री के सामने यह मुद्दा उठा सकते हैं।



### महायुति गठबंधन ने बनाई सरकार

सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति में भाजपा, शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। दिसंबर में विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद यह सत्ता में आई थी। हालांकि, जून 2022 से सीएम बने शिंदे को फडणवीस सरकार में डिप्टी सीएम पद से संतोष करना पड़ा।

### उद्धव की शिवसेना ने किया था मुलाकात का दावा

पिछले महीने शिवसेना उद्धव के मुख पत्र सामना ने दावा किया था कि 22 फरवरी को डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने पुणे के एक होटल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ गुप्त बैठक की। इसमें शिंदे ने सीएम पद के लिए दावा ठोंका। इसे गृह मंत्री अमित शाह ने ठुकरा दिया और भाजपा में पार्टी का विलय करने के लिए कहा। सामना में लिखा गया था कि एकनाथ शिंदे और अमित शाह के बीच पुणे के कोरेगांव पार्क स्थित वेस्टइन होटल में गुप्त बैठक हुई। इस बैठक के लिए शिंदे ने सुबह चार बजे तक अमित शाह का इंतजार किया। सामना में अमित शाह और एकनाथ शिंदे के बीच हुई बातचीत का ब्योरा दिया गया था।

# पीएम मोदी और आरएसएस पर टिप्पणी पड़ी भारी, कन्हैया कुमार पर केस दर्ज

पटना, एजेंसी

**पटना में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के खिलाफ कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दी है। भाजपा की लीगल टीम ने कन्हैया कुमार पर प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए पटना के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। और, कन्हैया कुमार पर कार्रवाई करने की मांग की है।**

भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष राहुल गांधी को चेतावनी दी है कि वह इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़ें और उचित कार्रवाई करें। पार्टी का कहना है कि भारत



की एकता और संप्रभुता को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को जेल में होना चाहिए। भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश रिजवान सहित कई नेता कोतवाली थाना पहुंचे और इस मामले को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट की। भाजपा के मीडिया प्रमुख दानिश रिजवान ने अपनी शिकायत में कहा है कि कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने एक निजी न्यूज चैनल पर 11 अप्रैल को इंटरव्यू के दौरान देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी व अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया।

# राजधानी में कांग्रेस ने आंबेडकर का किया अपमान : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, एजेंसी

**उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत प्रदेश कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया।**

इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस द्वारा बाबा साहब का अपमान करने की बात कही। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने आंबेडकर का अंतिम संस्कार दिल्ली में नहीं होने दिया था। इस पुरानी पार्टी ने भारतीय संविधान के निर्माता का स्मारक बनाने से मना कर दिया था। इन्हीं लोगों ने



बाबा साहब आंबेडकर को चुनाव हारने दिया। उनके महा परिनिर्वाण के बाद स्मारक भी नहीं बनने दिया।

### विपक्ष पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर भी विपक्ष को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि वक्फ के नाम पर हजारों एकड़ जमीन कब्जा की गई है। वक्फ के पास उसका कोई राजस्व रिकॉर्ड नहीं है। अब जब कार्रवाई हो रही है तो कुछ लोग हिंसा भड़का रहे हैं। पश्चिम बंगाल में घर से घसीटकर तीन हिंदुओं की हत्या कर दी गई। यूपी में आज जो लोग दलित हितैषी होने की बात कहते हैं। इन्हीं के पार्टियों से जुड़े लोगों ने गरीब, वंचितों और दलितों की सबसे ज्यादा जमीनें कब्जा की हैं।

# बैसाखी पर पीएम मोदी ने दी देशवासियों को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बैसाखी के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के जीवन में खुशहाली और नई उम्मीद की कामना की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सभी को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं।**

यह त्योहार आपके जीवन में नई उम्मीद, खुशी और समृद्धि लाए। हम हमेशा एकजुटता, कृतज्ञता और नवीनीकरण की भावना का जश्न मनाएं। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हम जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। आने वाली पीढ़ियां हमेशा उनकी अदम्य भावना को याद रखेंगी। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारे इतिहास का एक दुखद और काला दिन था, लेकिन शहीदों का बलिदान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्रेरणा बन गया।

# कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण बढ़ाकर 51 फीसदी करने की सिफारिश

बंगलूरू, एजेंसी

**कर्नाटक में जाति जनगणना आयोग ने आरक्षण प्रणाली को लेकर राज्य सरकार को एक बड़ा सुझाव दिया है। आयोग ने शिक्षा और नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग ( ओबीसी ) के लिए आरक्षण को 32त्र से बढ़ाकर 51 प्रतिशत करने की सिफारिश की है। रिपोर्ट के अनुसार अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो राज्य में कुल आरक्षण बढ़कर 85त्र हो जाएगा।**

बता दें कि इसमें पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (इडब्लूयूएस) के लिए 10



प्रतिशत और अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) के लिए 24प्रतिशत आरक्षण शामिल है। इसके साथ ही, महिलाओं, दिव्यांगों जैसे समूहों को मिलने वाला क्षैतिज आरक्षण भी लागू रहेगा।

### आर्थिक सर्वेक्षण के बाद राज्य सरकार को सिफारिश

आयोग द्वारा यह सिफारिश हाल ही में कराए गए सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण (जिसे जाति जनगणना भी कहा जाता है) के आधार पर की गई है। इस सर्वे के मुताबिक कर्नाटक में पिछड़े वर्गों की आबादी करीब 70 प्रतिशत है। पैनल का मानना है कि अगर इतनी बड़ी आबादी को उनकी संख्या के हिसाब से सरकारी सुविधाएं और आरक्षण नहीं दिया गया, तो समानता नहीं हो पाएगी। मामले में पैनल का मानना है कि हालांकि ओबीसी की जनसंख्या 69.6त्र है, फिर भी राज्य की आधी से भी कम आबादी को आरक्षण मिल पा रहा है। अगर आबादी के अनुपात में आरक्षण नहीं दिया गया, तो सरकारी लाभों का समान वितरण नहीं होगा।

# अनिल विज का ममता बनर्जी पर तंज : हिंसा उनका शौक

अंबाला, एजेंसी

अंबाला में हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने वक्फ बिल को लेकर पश्चिम बंगाल में चल रही हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा और कहा कि ममता बनर्जी को रियल टाइम एक्शन फिल्में देखने का शौक है। दरअसल मंत्री अनिल विज पत्रकारों से बात कर रहे थे जब उन्होंने ये बातें कहीं। उन्होंने आगे कहा कि ये



सब अब ममता बनर्जी का शौक बन गया है जिसमें सड़कों पर आग लग रही है, लोगों की दुकानें जल रही हैं और लोग एक दूसरे का पेट फाड़ते रहते हैं। ये सब देखना ममता बनर्जी का शौक है और वो कुछ महीनों के बाद ये एक्शन फिल्में देख लेती हैं।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि बंगाल में हो रही हिंसा पहली बार नहीं है। यह हिंसा समय-समय पर दोहराई जाती है। उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों से पारित कानून के खिलाफ विरोध का मामला चिंता का विषय है। ममता बनर्जी की सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए। ऐसा क्यों हो रहा है? ऐसा सिर्फ उनके राज्य में ही क्यों हो रहा है?

### दिग्विजय सिंह पर हमला

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा भाजपा के दस नेताओं को आईएसआई एजेंट बताए जाने पर पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह का काम कहानियां गढ़ना है। पहले चंदा मामा की कहानियां हुआ करती थीं, अब दिग्विजय सिंह की कहानियां हैं। मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस का काम देश के गद्दारों से हाथ मिलाना है, भाजपा का एक भी नेता देश के गद्दारों से हाथ नहीं मिला सकता।

# 15 अप्रैल से कांग्रेस का मिशन गुजरात शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

**कांग्रेस का मिशन गुजरात 15 अप्रैल से शुरू होगा। इसके लिए पार्टी ने कार्ययोजना का एलान किया है। नूतन गुजरात, नूतन कांग्रेस अभियान के तहत राहुल गांधी राज्य में पार्टी संगठन को मजबूत करने के अभियान की शुरुआत करेंगे। वह गुजरात के मोडासा में जिलाध्यक्षों, पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।**

पार्टी ने सक्रिय और निष्क्रिय कार्यकर्ताओं की एक सूची तैयार की है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राहुल पार्टी को एकजुट करने और निष्क्रिय नेताओं को दरकिनार करने के मिशन पर जुट गए हैं। इसके लिए पार्टी अध्यक्ष शुक्रवार को भी दिल्ली में थे। पार्टी ने अहमदाबाद अधिवेशन में पारित गुजरात प्रस्ताव के प्रसार के लिए भी जनसंपर्क कार्य योजना को अंतिम रूप दिया है। इसमें आंतरिक सक्रियता को बढ़ाने के लिए पहले चरण में संगठन नेतृत्व के प्रशिक्षण और कैडर को विचार प्रसार के लिए तैयार किया जाएगा।

पार्टी को संगठनात्मक आधार पर मजबूत करने का आगाज होगा। कांग्रेस ने कहा कि अहमदाबाद प्रस्ताव नीतिगत बयान नहीं है। यह भारत के लोकतंत्र की गरिमा और विविधता की रक्षा के लिए कांग्रेस का युद्ध घोष है, जिसके चलते पार्टी के संदेश को राज्य की हर गली शहर और गांव में पहुंचने का संकल्प लिया गया है।

दैनिक विनय उजाला

# डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान का निर्माता □यों कहा जाता है...




डॉ. बी.आर. आंबेडकर के प्रारंभिक जीवन और शिक्षा ने सामाजिक न्याय के लिए एक मुख्य नेतृत्वकर्ता एवं भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूप में उनके भविष्य की आधारशिला रखी। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को, मध्य प्रदेश के महू में, महार जाति में हुआ था। परंपरागत रूप से निम्न ग्रामीण सेवकों वाली जाति में जन्म लेने के कारण, उनकों अपने जीवन के शुरुआती वर्षों में जातिगत भेदभाव की कठोर वास्तविकताओं का सामना करना पड़ा। बचपन में सामाजिक बहिष्कार और अपमान का सामना करने के उनके अनुभव ने उनमें जाति व्यवस्था के अन्याय के खिलाफ लड़ने का गहरा संकल्प पैदा कर दिया। डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की शैक्षणिक यात्रा मुंबई के एल्फिंस्टन हाई स्कूल से प्रारम्भ हुई, जहां वे पहले दलित छात्रों में से एक थे। भेदभाव का सामना करने के बावजूद, उन्होंने शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो उन्हें एल्फिंस्टन कॉलेज से न्यूयॉर्क के कोलंबिया विश्वविद्यालय तक ले गया। कोलंबिया विश्वविद्यालय उनके जीवन के लिए परिवर्तनकारी सिद्ध हुआ, वहां उन्होंने समाजशास्त्रियों और अर्थशास्त्रियों के कार्यों के साथ-साथ स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों से अवगत हुए, जो बाद में उनके दृष्टिकोण का आधार बन गए। वर्ष 1916 में, डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अपनी पढ़ाई जारी रखने और ग्रेज इन में कानून की पढ़ाई करने के लिए लंदन चले गए।

### संविधान सभा ने मानी आंबेडकर की भूमिका

आंबेडकर संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष थे, जिसकी जिम्मेदारी संविधान का लिखित प्रारूप प्रस्तुत करना था। इस कमेटी में कुल 7 सदस्य थे। संविधान को अंतिम रूप देने में डॉ. आंबेडकर की भूमिका को रेखांकित करते हुए भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी के एक सदस्य टी.टी. कृष्णमाचारी ने नवंबर 1948 में संविधान सभा के सामने कहा था- 'सम्भवतः सदन इस बात से अवगत है कि आपने ( ड्राफ्टिंग कमेटी में ) में जिन सात सदस्यों को नामांकित किया है, उनमें एक ने सदन से इस्तीफा दे दिया है और उनकी जगह अन्य सदस्य आ चुके हैं। एक सदस्य की इसी बीच मृत्यु हो चुकी है और उनकी जगह कोई नए सदस्य नहीं आए हैं। एक सदस्य अमेरिका में थे और उनका स्थान भरा नहीं गया। एक अन्य व्यक्ति सरकारी मामलों में उलझे हुए थे और वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह नहीं कर रहे थे। एक-दो व्यक्ति दिल्ली से बहुत दूर थे और सम्भवतः स्वास्थ्य की वजहों से कमेटी की कार्यवाहियों में हिस्सा नहीं ले पाए। सो कुल मिलाकर यही हुआ है कि इस संविधान को लिखने का भार डॉ. आंबेडकर के ऊपर ही आ पड़ा है। मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि हम सब को उनका आभारी होना चाहिए कि उन्होंने इस जिम्मेदारी को इतने सराहनीय ढंग से अंजाम दिया है।' संविधान सभा में आंबेडकर की भूमिका कम करके आंकने वाले अरूण शौरी जैसे लोगों का जवाब देते हुए आंबेडकर के गंभीर अध्येता क्रिस्तोफ जाफ्रलो लिखते हैं कि- हमें ड्राफ्टिंग कमेटी की भूमिका का भी एक बार फिर आकलन करना चाहिए। यह कमेटी सिर्फ संविधान के प्रारम्भिक पाठों को लिखने के लिए जिम्मेदार नहीं थी, बल्कि उसको यह जिम्मा सौंपा गया था कि वह विभिन्न समितियों द्वारा भेजे गए अनुच्छेदों के आधार पर संविधान का लिखित पाठ तैयार करे, जिस बाद में संविधान सभा के सामने पेश किया जाए। सभा के समक्ष कई मसविदे पढ़े गए और हर बार ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्यों ने चर्चा का संचालन और नेतृत्व किया था. अधिकांश बार यह जिम्मेदारी आंबेडकर ने ही निभाई थी।

### एक साथ कई विषयों के विद्वान थे आंबेडकर

आंबेडकर उन चंद लोगों में शामिल थे, जो ड्राफ्टिंग कमेटी का सदस्य होने के साथ-साथ शेष 15 समितियों में एक से अधिक समितियों के सदस्य थे। संविधान सभा द्वारा ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में उनका चयन उनकी राजनीतिक योग्यता और कानूनी दक्षता के चलते हुए था।

### संविधान को भारतीय समाज के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज बनाया

संविधान को भारतीय समाज के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करने में डॉ. आंबेडकर की सबसे प्रभावी और निर्णायक भूमिका थी। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने संविधान के उस प्रारूप को स्वीकार किया, जिसे डॉ. बीआर आंबेडकर की अध्यक्षता में ड्राफ्टिंग कमेटी ने तैयार किया था। इसी रूप में संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ और भारत एक गणराज्य बना।

सवाल उठता है कि संविधान सभा की ज्यादातर बैठकों में औसतन 300 सदस्य मौजूद रहे और सभी सदस्यों को संविधान के निर्माण में समान अधिकार प्राप्त था, तो आखिर क्यों डॉ. आंबेडकर को ही संविधान का मुख्य वास्तुकार या निर्माता कहा जाता है? यह बात सिर्फ डॉ. आंबेडकर के व्यक्तित्व और विचारों के समर्थक ही नहीं कहते, बल्कि भारतीय संविधान सभा के सदस्यों ने भी इसे स्वीकारा और विभिन्न अध्येताओं ने भी किसी न किसी रूप में इसे मान्यता दी. नेहरू के आत्मकथा लेखक माइकेल ब्रेचर ने आंबेडकर को भारतीय संविधान का वास्तुकार माना और उनकी भूमिका को संविधान के निर्माण में फील्ड जनरल के रूप में रेखांकित किया. (नेहरू- ए पॉलिटिकल बायोग्राफी द्वारा माइकल ब्रेचर, 1959)। संविधान सभा के समक्ष संविधान प्रस्तुत करते हुए अपने अंतिम भाषण में डॉ. आंबेडकर ने गरिमा और विनम्रता के साथ इतने कम समय में इतना मुकम्मल और विस्तृत संविधान तैयार करने का श्रेय अपने सहयोगियों को दिया, लेकिन पूरी संविधान सभा इस तथ्य से परिचित थी कि यह एक महान नेतृत्वकर्ता का अपने सहयोगियों के प्रति प्रेम और विनम्रता से भरा आभार है।

### संविधान पर डॉ. आंबेडकर की छाप

भारत का नया संविधान काफी हद तक 1935 के गर्वमेंट ऑफ इंडिया एक्ट और 1928 के नेहरू रिपोर्ट पर आधारित है, मगर इसको अंतिम रूप देने के पूरे दौर में आंबेडकर का प्रभाव बहुत गहरा था। डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान की सामर्थ्य एवं सीमाओं से भी बखूबी अवगत थे. इस संदर्भ में उन्होंने कहा था कि संविधान का सफल या असफल होना आखिरकार उन लोगों पर निर्भर करेगा, जिन पर शासन चलाने का दायित्व है. वे इस बात से भी बखूबी परिचित थे कि संविधान ने राजनीतिक समानता तो स्थापित कर दी है, लेकिन सामाजिक और आर्थिक समानता हासिल करना बाकी है, जो राजनीतिक समानता को बनाए रखने लिए भी जरूरी है।

### दलित अधिकारों की वकालत की

विदेश में अपनी पढ़ाई पूरी करने के पश्चात्, डॉ. बीआर आंबेडकर वर्ष 1920 के दशक की शुरुआत में भारत लौट आए। उस समय भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक अन्याय भीमराव रामजी को जाति भेदभाव के उन्मूलन और हाशिए पर रहने वाले लोगों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष की राह पर ले गया। बाबासाहेब का मानना था कि केवल पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व ही अछूतों की सामाजिक स्थिति में सुधार ला सकता है। इसलिए, उन्होंने अपने समाचार पत्रों, सामाजिक-सांस्कृतिक मंचों और सम्मेलनों के माध्यम से अछूतों को संगठित करना शुरू किया। 1924 में, डॉ. भीमराव रामजी ने दलितों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से बहिष्कृत हितकारी सभा की स्थापना की। उन्होंने दलितों की चिंताओं को आवाज देने के लिए मूकनायक, बहिष्कृत भारत और समता जनता जैसे कई पत्रिकाएं भी शुरू कीं। बाबासाहेब अंबेडकर के नेतृत्व में किए गए पहले प्रमुख सार्वजनिक कार्यों में से एक 1927 का महाड़ सत्याग्रह था, जिसका उद्देश्य महाराष्ट्र के महाड़ में सार्वजनिक कुएं से जल का उपयोग करने के दलितों के अधिकारों को स्थापित करना था। इसी तरह, 1930 के कलाराम मंदिर आंदोलन का उद्देश्य दलितों को हिंदू मंदिरों में प्रवेश करने का अधिकार सुरक्षित करना था।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा डबराल की प्रतिमा का अनावरण

**उज्जैन,निप्र।** भैरव तन्त्र के सात्विक उपासक एवं ओखलेश्वर स्मशान स्थित विक्रांत भैरव के परम भक्त बाबा डबराल की प्रतिमा का अनावरण शनिवार हनुमान जयंती पर भक्तों के अपार उत्साह के बीच अपराह्न 3 बजे किया गया। स्मरण रहे ओखलेश्वर श्मशान भैरवगढ़ में ही दि.1 सितंबर 2016 को पूज्य बाबा डबराल की अंत्येष्टि की गई थी। उसी स्थल पर बाबा की 5 फीट ऊंची खड़ी हुई संगमरमर प्रस्तरमयी प्रतिमा को स्वामी ज्ञानानंद सरस्वती (अकोला वाले) के सान्निध्य में असंख्य भक्तों की उपस्थिति में समारोह पूर्वक अनावृत्त किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र जोशी, रमेश दीक्षित, मनमोहन कुकरेती, संजय तंवर (दिल्ली), संजय शर्मा (मेरठ), डॉ. सुहास यादव (बड़वानी), अमृतलाल चावड़ा, राकेश दीक्षित, विपुल जोशी, धीरेंद्र मोहन कुकरेती, सुरेश सोनी (इन्दौर), राजेश अग्रवाल, ओम भारद्वाज, दिलीप चौहान, सुमन सिंह (भोपाल), वंदना शंकरगाये, अर्चना जंगलवा आदि भक्तगण उपस्थित थे। भक्तों ने भोजन प्रसाद का लाभ प्राप्त किया। रविवार को बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा की प्रतिमा का दर्शन-पूजन-अर्चन किया। गुरु-पुत्र चन्द्रमोहन कुकरेती (चुन्नू बाबा) ने सभी भक्तों का आभार माना।



### पत्नी ने की पत्नी के प्रेमी की चाकू मारकर हत्या

**उज्जैन,निप्र।** रविवार को एक युवक ने अपने ससुराल में पत्नी के प्रेमी पर चाकू से हमला कर दिया। जिसकी उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो गई। बताया जा रहा है की आरोपी युवक को शक था की उसकी पत्नी से उक्त युवक का प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी के चलते घटना को अंजाम दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार उज्जैन के माकड़ोन थाना क्षेत्र से के समीप ग्राम कांथड़ी निवासी रोहित मोंगिया शनिवार शाम बच्चों पर ग्राम पानखेड़ी निवासी लखन मोंगिया ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी लखन मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल रोहित को परिजन जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई अरविंद सोलंकी ने बताया कि उन्हें फोन के माध्यम से घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद वे तुरंत गांव पहुंचे और रोहित को अस्पताल लेकर गए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लखन की पत्नी विवाह के बाद से ही अपने मायके पानखेड़ी में रहती थी। जहां उसका मृतक रोहित के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस का मानना है कि इसी शक के चलते लखन ने रोहित की हत्या की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम को आसपास के गांवों में भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के पकड़े जाने के बाद ही मामले की पूरी सच्चाई सामने आ सकेगी। रविवार को पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### स्व. का. कृष्णा स्वामी को साथियों ने किया याद

**नागदा (निप्र)।** दिनांक 12 अप्रैल 2025 शनिवार शाम 7 बजे पार्टी कार्यालय परिसर में कामरेड हृदयचंद की अध्यक्षता में सभा हुई। जिसका संचालन का. महेशचन्द्र सोनी द्वारा किया गया। उपस्थित साथियों ने स्व. का. कृष्णा स्वामी के चित्र पर हार फुल चढ़ा कर अपनी श्रद्धांजली अर्पित की। सभा को का. भगवान दादा, का. दिलीप पांचाल, का. राजबहादुर पाल, का. करणसिंह पंवार, का. मणीकण्ठन नायर, का. नटवरसिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. का. कृष्णास्वामी जी एक ईमानदार, समर्पित, वामपंथी, मजदुर हितैषी लीडर थे। वे खुद बहुत ही अनुशासन प्रिय थे। पुरा जीवन उन्होंने मजदरो के लिये संघर्ष करते बिताया। का. कृष्णास्वामी के जीवन व कामो से सभी परिचित है। का. दिलीप पांचाल ने कहा कि का. कृष्णा स्वामी बेजोड, सच्चे मजदुर हितैशी लीडर थे। संचालन करते हुए का. महेश सोनी ने का. कृष्णास्वामी के बारे में कहा कि आज उनकी बढ़ाई होती है जिसके किया शुभ काम है, जी जान लगा कर मजदूरो के लिये आन्दोलन किये इसलिये सफल हुए का. कृष्णास्वामी सभा के आखरी में अपने अध्यक्षीय भाषण में का. हृदयचंद ने कहा कि आज 12 अप्रैल हनुमान जयंती होने के बाद भी आप इतनी संख्या में अपने साथी को याद करने आये, बहुत बड़ी बात है। का. कृष्णास्वामी जी ने नागदा के छोटे-बड़े सभी उद्योगो के मजदुर के लिये संघर्ष किया। देश-प्रदेश के मजदुर, किसानों के लिये भी जीवनभर संघर्षरत रहे। सभा में का. विजेन्द्र पांचाल, का. राजेश मीणा, का. प्रभुलाल राठौर, का. मंजुर खान, का. तेजराम, का. गजराज, का. विजय यादव आदि उपस्थित थे। दो मिनिट का मौन रख नारो के साथ कृष्णा स्वामी के लाल सलाम, कृष्णा स्वामी अमर रहे।

### पूर्व पार्षद रावत का 92 वर्ष की उम्र में निधन

**उज्जैन, निप्र।** सुबोध शंकर रावत लम्बे समय से बीमार थे, कल अंतिम सांस ली और रविवार को उनका दाह संस्कार चक्रतीर्थ उज्जैन पर किया गया। उनकी शवयात्रा विद्या नगर उनके निवास से निकाली गई। शव यात्रा में उज्जैन के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव सक्सेना, डॉ संजय सक्सेना, मोतीलाल श्रीवास्तव, पत्रकार राजेंद्र पुरोहित, दारा खान, सुमन मेहता, संदीप शर्मा ,संजय पांडे आदि ने उपस्थित थे। चक्रतीर्थ पर डॉ संजय सक्सेना की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर शोक संवेदना व्यक्त की गई। इनके निधन पर श्रद्धांजलि देने पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, प्रीति भार्गव, चेतन प्रेम नारायण यादव,सुबोध शंकर रावत थे।

# स्वच्छता अभियान चलाकर बाबा साहब को किया नमन

## बाबा साहब की प्रतिमा की सफाई कर 1100 दीपक लगाकर मनाया दीपोत्सव

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के एक दिन पूर्व फ्रीगंज टॉवर चौक स्थित उनकी प्रतिमा के साथ परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके पश्चात संध्या के समय 1100 दीपक लगाकर दीपांजलि अर्पित की गई।**




मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार इस अवसर पर उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती ने स्वच्छता अभियान में शामिल होकर बाबा साहब को नमन करते हुए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, जगदीश अग्रवाल, सत्यनारायण खोईवाल, भाजपा उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल, मदनलाल लालावत, पूर्व महापौर मीना जोनवाल, रुप पमनानी, कार्यक्रम के प्रभारी कमलेश बैरवा, सह प्रभारी मनोज मालवीय, राजकुमार पटेल, राजकुमार बंशीवाल, डॉ प्रभुलाल जाटवा, आनंदसिंह खिंची, विक्रम गोंदिया, सुरेंद्र मेहर, मनोज नागदेव, जितेंद्र कृपलानी, बाबूलाल वाघेला, सुभाष डोडिया, सुशीला जाटवा, सुरेखा तवर, मांगू पहलवान, आदर्श मकवाना, जितेंद्र बिहानिया, मनोज मालवीय, सचिन गोसर, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, परेश कुलकर्णी, हरीश सोलंकी, गजेंद्र खत्री, सतीश सिंदल, विजय चौहान सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम

संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की जन्मजयंती पर 14 अप्रैल को प्रात: 11 बजे स्थानीय टॉवर चौक स्थित प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान्न वितरण के साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी किया जाएगा ! साथ ही 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के समाज प्रमुखों के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित कर कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के अपमान व भाजपा द्वारा उन्हें दिए जा रहे सम्मान और जिस तरह से कांग्रेस ने संविधान से खिलवाड़ किया तथा भाजपा ने संविधान के प्रति जो सम्मान प्रदर्शित किया है, उस पर चर्चा की जाएगी।

# समकित ग्रुप की सेवा से वर्षी तप आराधकों के तप का मार्ग सुगम हुआ

## 13 महीने से चल रहा 65 आराधकों का तप



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** समकित ग्रुप खाचरौद के युवाओं की टीम वर्षितप के 65- 65 तपस्वियों के पारना की शानदार व्यवस्था जिस अनुशासित तरीके से कर रहे, वह अनुकरणीय है। उनकी इस सेवा से समाजजनों के इस कठिन तप का मार्ग सुगम हुआ है। तेरह महीने तक अनवरत यह सेवा देना कोई साधारण बात नहीं है। यह विचार सामाजिक कार्यक्रम मे आए अभा श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक युवक महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय जैन भैया ने व्यवस्थाओं के अवलोकन उपरांत व्यक्त किए। उन्होनें कहा कि इन युवा कार्यकर्ताओं का समर्पण, समय भोग सराहनिय है जो निश्छल भाव से यह सेवा प्रदान कर रहे है। रसोई घर मे पूर्ण जयना का पालन करते हुए भोज्य सामग्री बनाई जा रही है। सुबह 6 बजे से युवा व्यवस्था सम्भाल रहे है। टमाटर से बीज़ अलग कर रहे तो जूस के लिए उबला पानी जैसे सूक्ष्म धर्म आधारित व्यवस्था कापालन करते हुए परोसगारी भी सुव्यवस्थित। आराधक को कोई सामग्री के लिए बोलने की जरूरत ही नहीं। पारना के लाभार्थी परिवार एक एक आराधक के पास जाकर तप की साता के लिए कुशल क्षेम पूछते हुए खुद भी परोसगारी कर रहे है। खूब अनुमोदनीय सेवा है उनकी भी।

### यह है वर्षि तप

वर्षितप आराधना 13 माह की होती है. इसमे आराधक एक दिन उपवास ( केवल उबला पानी आधारित) और एक दिन बियासना यानी दो बैठक पर आहार ग्रहण करता है। यह सिलसिला निरन्तर 13 माह चलता है। तप का समापन 30 अप्रेल को होगा।

# श्रीवास्तव का समाज सेवा के लिए सम्मान



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी संस्कृति प्रकोष्ठ के नगर जिला सहसंयोजक मंगेश श्रीवास्तव का साफा बांधकर एवं फूलों, मोतियों की माला पहनाकर, शाल उड़ाकर सम्मान किया गया। मंगेश श्रीवास्तव को यह सम्मान हमेशा सक्रिय रहने एवं समाज में सभी के लिए कार्य करने, समाज सेवा के लिए प्रदान किया गया। मंगेश श्रीवास्तव ने कहा कि इस गर्मी के मौसम में अपने घर के ऊपर चिड़िया, पक्षियों के लिए पानी से भरा बरतन रखें, ताकि प्यासे पक्षियों को पानी मिल सके। जल गंगा संवर्धन के तहत यह आवाहन किया के जल बचेगा तो कल बचेगा। साथ में कुए एवं बावड़ी की साफ सफाई करें। अपने घर के आस पास भी सफाई रखें। इस अवसर पर सत्ता भाई चौधरी, प्रियांश श्रीवास्तव सहित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# श्री राठौर तीर्थ निर्माण हेतु चेक भेंट



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। हनुमान जयंती के अवसर पर रतनसिंह राठौर इंदौर पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा ने एक लाख इक्यावन हजार दान का चेक श्री राठौर तीर्थ धाम निर्माण हेतु भेंट किया।**

सामाजिक उत्प्रेरक आर एन राठौर ने बताया कि उज्जैनिया गांव में 12.5 बीघा भूमि पर समाज का पहला तीर्थ धाम बनने जा रहा है। जिसमें 150 बिस्तर का हॉस्पिटल, 100 कमरों का हॉस्टल, 50 कमरों का आनंद आश्रम, समाज की संस्कृति का संग्रहालय, महामानव मंदिर के साथ समाज का सर्व गोत्रिय देवता का मंदिर भी बनाया जा रहा है। श्री राठौर तीर्थ न्यास रजिस्टर्ड के शिलान्यासी सदस्य के रूप में रतनसिंह धर्मपत्नी श्रीमती गिरिबाला राठौर पूर्व प्राचार्य ने चेक ओमप्रकाश राठौर और सतीश राठौर के नवीन प्रतिष्ठान भास्कर ग्लास हाउस के शुभारंभ अवसर पर भेंट किया। इस अवसर पर सुरेश राठौर इंदौर, प्रकाश राठौर, मोहनलाल राठौर पूर्व अध्यक्ष राठौर समाज ट्रस्ट उज्जैन, शिवनारायण राठौर, अशोक राठौर, जगदीश राठौर, सतीश चौहान, पत्रकार अर्जुन राठौर आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती आज मनाई जायेगी

**नागदा जं. निप्र।** समाजवादी पार्टी व किसान संघर्ष समिति के बैनर तले जिला अध्यक्ष कमलेश परमार के नेतृत्व में दिनांक 14 अप्रैल को बाबा भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई जावेगी। परमार ने बताया कि बाबा साहब के जयंती पर पुराना बस स्टैंड स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा एवं एक सभा का आयोजन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील दिनेश वाघेला, राधा कृष्ण परमार, पियूष परमार, मदनलाल परमार, जीतू यादव, बबलू यादव, शंभू सिंह यादव, लाल यादव, राजू यादव, शंकर सिंह यादव आदि ने की है। उक्त जानकारी बबलू परमार समाजवादी पार्टी शहर अध्यक्ष ने दी है।

# मेरे प्यारे गोलुराम गरमी आयी : आरोही मिश्र



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। गज़लांजलि साहित्यिक संस्था की काव्य-संगोष्ठी डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।** कार्यक्रम में अतिथि बाल कवयित्री के रूप में सम्मिलित आरोही मिश्र ने मेरे प्यारे गोलुराम गरमी आयी... सहित कई बाल कविताएँ सुनाकर सभी उपस्थित कविगणों का दिल जीत लिया। हनुमान जयंती का अवसर देखकर रामदास मेढेकर ने संकट जो आने हैं तय हैं संकटमोचन नाम ही सब काम करे आसान...कविता सुनाई। अशोक रक्ताले द्वारा हे अम्बिके जगदम्बिके नव रूप शोभित शारदा...स्तुति पढ़ी गयी। दिलीप जैन ने मुक्तकों के माध्यम से अपनी बात रखी बहुत लुभावने लगते हैं मुस्कुराते चहरे....मुक्तक बहुत सराहा गया। मेरे हमदम मेरे अजीज़ मुझसे प्यार न कर... ग़ज़ल विजयसिंह गहलोत सकित ने पढ़ी तो जिस तसल्ली के लिए फिरता रहा मैं दर-ब-दर ग़ज़ल आशीष अश्क द्वारा प्रस्तुत की गई।

कठिन राहों से चलना सीख लिया हर कदम हमने सम्हलना सीख लिया... ग़ज़ल मशहूर शायर आरिफ़ अफ़ज़ल ने सुनाई। इस अवसर पर सत्यनारायण सत्येन्द्र, अक्षय चवरे एवं शैलेश मिश्र ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। नारी शक्ति के सम्मान की परम्परा में इस सप्ताह डॉ. सखा पाहवा का सम्मान भी संस्था द्वारा किया गया।

# हरियाणा सेवा आश्रम भक्त निवास का भूमि पूजन संपन्न

विनय उजाला

**उज्जैन,निप्र।** नृसिंह घाट स्थित हरियाणा सेवा आश्रम में भक्त निवास का भूमिपूजन अनंत श्री विभूषित 1008 महामंडलेश्वर श्री ज्योति गिरी जी महाराज, महंत कृष्ण गिरी जी आश्रम संस्थापक, श्री बालयोगी उमेश नाथ जी महाराज राज्यसभा सांसद, श्री महावीर नाथ जी, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव,नगर उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल, विनोद लाला के आतिथ्य में संपन्न हुआ। भूमि पूजन के अवसर पर सभी संतों द्वारा विधि विधान से पूजन किया। उपस्थित संतों का स्वागत अतिथियों द्वारा किया गया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्त निवास में 14 रूम 1 हॉल का निर्माण हरियाणा सेवा आश्रम द्वारा किया जाएगा। सिंहस्थ 2028 में भक्तों के लिए सौगात होगी। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती लीला वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रमिला यादव, महामंत्री सोनम जोशी, मंडल अध्यक्ष मुक्तक गोस्वामी, तीर्थ पुरोहित समिति अध्यक्ष अजय जोशी कुंड वाला ,रितेश त्रिवेदी, शुभम डब्बावाला, अमृतेश त्रिवेदी आदि मौजूद थे।



# शिविर में सम्मिलित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया

विनय उजाला

**उज्जैन।** शा. कालिदास कन्या महाविद्यालय के बास्केटबॉल ग्राउंड पर उज्जैन जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन व खेल एवं युवक कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित सत्तर दिवसीय ग्रीष्मकालीन बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर की जानकारी देते हुए बास्केटबॉल के वरिष्ठ विजय बाली व ओम सारवान ने बताया कि शिविर में सम्मिलित नन्ही खेल प्रतिभाओं में बेस्ट पचास खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें बेहतर खेल के लिए तराशा जायेगा। शिविर का अवलोकन करते हुवे पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी अंजू जाटवा ने बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए आगामी माह में होने वाली राज्य स्तर स्पर्धाओं के लिए चयनित खिलाड़ी हर्षिता रॉय, रिया करड़वाल, निशि शिंदे, खुशी आनन्द, नेहा रॉय, अवनी गोठवाल, पूर्वी पोरवाल, अनाबया खान, लक्षता बिरला, यशोदा सोलंकी, खुशी राठौर, तिथी त्रिवेदी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर अरुण वर्मा, सुनीता यादव, दर्शन ठाकुर, कांतिलाल जाधव, शैलेंद्र भाटिया विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर के मध्य ही चयनित खिलाड़ियों की एक स्पर्धा का आयोजन भी किया जायेगा। सम्मिलित सभी खिलाड़ियों को मैडल व प्रमाण पत्र और विशेष खिलाड़ियों को प्रोत्साहित ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### कमलेश लववंशी युवा जिला अध्यक्ष मनोनीत



**हरसूद, निप्र (विनय उजाला)।** शनिवार को जबरेष्वर महादेव मंदिर नया हरसूद में लोधा लववंषी क्षत्रीय समाज खंडवा की युवा जिला निर्वाचन हेतु बैठक रखी गई थी। जिसमें वरिष्ठ समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेकर कमलेष लववंषी को लोधा युवा संगठन जिला अध्यक्ष बनाया गया। वहीं अजय वर्मा एवं छविकांत साद को उपाध्यक्ष बनाया गया। युवा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों को मणिषंकर लववंषी, मुकेष वर्मा, हरिओम लववंषी, रामचंद्र लववंषी सहित अनेक सामाजिक बंधुओं ने बधाई प्रेषित की।

### बजरंग चौक स्थित जैन मंदिर में महावीर जन्मोत्सव पर आकर्षक झांकी के साथ सजाया गया बालक महावीर का पालना



**खंडवा, निप्र (विनय उजाला)।** अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव पूरे नगर में सकल जैन समाज द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया, इस अवसर पर खंडवा के समस्त जैन मंदिरों में भगवान महावीर का आकर्षक पालना सजाया गया था, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि महावीर जयंती महोत्सव पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री वर्धमान ग्रुप द्वारा महावीर जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर बजरंग चौक स्थित महावीर जिनालय में सुंदर झांकी के साथ बालक महावीर आकर्षक पालना भी सजाया गया, मनोरम दृश्य मे गोधा स्टेट सुमती धाम इंदौर में होने वाले आचार्य पदारोहण को सुंदर स्वरूप देकर सजाया गया, इस दृश्य में मालवा की धारा पर अहिल्या की नगरी इंदौर में पावन सुमति धाम पर आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का आचार्य विराग सागर जी के द्वारा आशीर्वाद एवं पदारोहण के दृश्य का जीवंत चित्रण दर्शाया गया है। झांकी का निर्माण समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया एवं शरद बड़जात्या के मार्गदर्शन में वर्धमान ग्रुप की सभी महिला सदस्यों के द्वारा यह झांकी तैयार की गई है। मंदिर में यह झांकी 3 दिनों तक श्रद्धालुओं के ददर्शनार्थ रखी जाएगी, महावीर जयंती पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसके दर्शन कर झांकी एवं सजे हुए पालने की सराहना की।

### जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम एमएलबी स्कूल में आयोजित हुआ

**खंडवा, निप्र (विनय उजाला)।** अनेकता में एकता यही हमारे देश की विशेषता है। यहां देवी देवताओं के साथ ही नदियों को भी मां मानकर उनकी पूजा अर्चना की जाती है। नदीया हमारी मां होती उक्त विचार नर्मदा नदी संरक्षण अभियान के जिला संयोजक यशदीप चौरे ने वक्ता के रूप में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला खंडवा में व्यक्त किए।श्री चौरे ने कहा कहा जिस प्रकार मां हमारा लालन-पालन करती है वैसे ही नदियां हमारे लिए मां स्वरूप में होती है। इस अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम माही राकेश, द्वितीय परी पीयूष और तृतीय स्थान निकिता मनोज ने प्राप्त किया, चित्रकला में प्रथम सुनैना सुरेन्द्र द्वितीय राधा उमाशंकर और तृतीय स्थान राघव प्रकाश ने प्राप्त किया।निबंध प्रतियोगिता में प्रथम इकरा नफीस द्वितीय सुहानी गजेन्द्र और तृतीय स्थान साक्षी गुलाबचंद ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता यशदीप चौरे को शासकीय जिला ग्रन्थालय खंडवा की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर समाज सेवी सुनील जैन अजय तिवारी, इको क्लब प्रभारी सीमा अत्रे रितु भट्ट, माया भलराय, नमीरा शेख उपस्थित थे।प्रतियोगिता में जिले की शासकीय और अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब के जिला नोडल संदीप जोशी ने किया व आभार संस्था प्राचार्य ज्योत्सना सोनी ने व्यक्त किया।

### बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर आज होगा समरसता महाकुंभ का आयोजन

**खंडवा, निप्र (विनय उजाला)।** बाबा साहब अंबेडकर की जन्म जयंती पर पहली बार खंडवा में समरसता महाकुंभ का आयोजन 14 अप्रैल सोमवार को प्रातः 10:30 बजे टपाल चाल स्थित हनुमान मंदिर मंदिर के सामने आयोजित किया गया है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी जीन्हे बाबा साहब के नाम से भी जाना जाता है भारतीय इतिहास में एक महान समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ, दलित परिवार में पैदा हुए बाबा साहब ने अपने जीवन में जातिगत भेदभाव का सामना किया, उन्होंने दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और जातिगत भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई।दलितों के मसीहा के रूप में उन्हें जाना जाता है आज उनके संविधान का पालन पूरा देश कर रहा हें। मां शारदा सेवा समिति द्वारा बाबा साहब की जन्म जयंती पर खंडवा में समरसता महाकुंभ आयोजन किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि वैज्ञानिक राष्ट्रीय स्वयं संघ चालक मालवा प्रांत के प्रकाश जी शास्त्री शामिल होंगे। विशेष अतिथि -प. पु. संत महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद पुरी जी, मंहत श्री मंगलदास त्यागी जी महाराज जोड़ गणपति ओंकारेश्वर के शाष्टांग ओंकारेश्वर अध्यक्ष, संत श्री श्री 1008 श्री किशनदेव महाराज राष्ट्रीय संत श्री वृंदावन धाम, चरण पादुका संत रविदास गुरुद्वारा उज्जैन, श्रीमान चन्द्रशेखर मालवीय अनुसूचित जाति प्रांत टोली मालवा प्रांत विशेष अतिथि के रूप में शामिल होकर बाबा साहब के विचारों से उपस्थित जनों को अवगत कराएंगें।

## महावीर जन्म कल्याणक पर कलात्मक स्वस्तिक सजाए गए

विनय उजाला



**खंडवा, निप्र।** महावीर जन्म कल्याणक श्वे. जैन महिला मंडल, जैन वरिष्ठ महिला समूह एवं हिन्दी शुद्धि समूह के संयुक्त तत्वावधान में धूमधाम से मनाया गया। संयोजक श्रीमती सरोज जैन ने बताया कि महावीर भवन टपालचाल में जुलूस के बाद जाप व भजन रखे गए जिसके बाद सकल जैन समाज हेतु रखी गयी विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

महिला मंडल के सौजन्य से भजन आइडल में सोनल बोथरा ने प्रथम, साक्षी मेहता ने द्वितीय, सुनीता पाटनी ने तृतीय व अनीता कोठारी ने सांत्वना पुरस्कार अर्जित किया। वरिष्ठ महिला समूह की स्वस्तिक सजाओ प्रतियोगिता में ओजस मेहता प्रथम, साक्षी मेहता द्वितीय, मोक्षा बोथरा तृतीय व लब्धि चौरड़िया सांत्वना पुरस्कार के हकदार रहे। हिन्दी शुद्धि समूह के शुद्ध लेखन में नवकार मंत्र व 24 भगवान के नाम लिखना थे जिसमें वैशाली मेहता प्रथम, सुनीता बम द्वितीय, उषा बोथरा तृतीय व स्वाति कोचर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। दर्शना जैन के सौजन्य से %आंतरिक तप के बिना बाह्य तप अधूरा है% विषय पर आयोजित निबंध प्रति. में रेखा जैन प्रथम, अदिति जैन द्वितीय, सुनीता खटोड़ तृतीय व सीमा बोथरा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। सुशीला सांड, मंजू जैन, तरूलता मेहता, जीवन मेहता, मधु ललवानी, अंजू जैन, शकुन्तला कोचर, दीपा खटोड़ ने पुरस्कार प्रदान किये। श्री संघ ने बधाइयाँ प्रेषित कीं।

# प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए सांसद ने पूर्ण की नर्मदा परिक्रमा

## परिक्रमा पूर्ण होने पर सांसद पाटिल ने मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ के किए दर्शन



विनय उजाला

**खंडवा/ओंकारेश्वर, निप्र। त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे,, खंडवा बुरहानपुर क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा क्षेत्र की सुख शान्ति व समृद्धि एवं नर्मदा को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य को लेकर प्रारंभ की ''नर्मदा परिक्रमा'' का शुक्रवार को समापन हुआ।**

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा 6 दिन पूर्व मां नर्मदा की पूजा अर्चना एवं भोले बाबा के दर्शन पूजा अर्चना के पश्चात नर्मदा परिक्रमा आरंभ की थी, परिक्रमा पूर्ण होने पर शुक्रवार को दोपहर में सांसद श्री पाटिल ने ओंकारेश्वर गोमुख घाट पर मां नर्मदा जी की पूजन -आरती व श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग व ममलेश्वर जी का जलाभिषेक कर परिक्रमा का समापन किया। सांसद श्री पाटिल ने इस अवसर पर कहा कि मैया सबका कल्याण करने वाली है माता के दर्शन मात्र से ही हमें सुख शांति की प्राप्ति होती है, नर्मदा मैया ने लोक के शाश्वत स्वर को, लोक आस्था, लोक मान्यताओं को, लोक संस्कृति और लोक संस्कार को उज्ज्वल किया है। आपने परिक्रमा के दौरान देखा कि मैया के तट पर कोई भूखा नहीं सोता। मैया हर क्षण अपने भक्तों का ध्यान रखती है।माँ नर्मदा सिर्फ सरिता नहीं, संस्कृति की पावन कविता है। इसकी लहरों में वेदों की वाणी है और बूंद-बूंद कल्याणी है। नर्मदा मैया न सिर्फ हमारे खेतों की प्यास बुझाती हैं बल्कि हमारी आत्मा को भी तृप्त करती हैं। मईया की अमृत धारा और विस्तृत आंचल लोक के उत्थान, अंतस के कल्याण, चिंतन तथा चेतना के परिष्करण की प्रेरणा से परिपूर्ण है।

समापन अवसर पर सांसद श्री पाटिल के साथ भीमकुंड वाले बाबा दुर्गानंद, मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, राजेंद्र सिंह सोलंकी हरीश कोटवाले, मुकेश तनवे, सुनील जैन श्याम मौर्य, चंद्रेश पचौरी, दिग्विजय सिंह तोमर सागर आरतानी, कपिल अंजने, ललित मंडलेकर दिवाकर तिवारी सहीत कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

### परिक्रमा पूर्ण कर सांसद पाटिल ने दादाजी धाम पहुंचकर की पूजा अर्चना

अनंत काल से अपने अविरल अमृत प्रवाह से अनेक संस्कृतियों और संपूर्ण मानवता को परिपोषित करने वालीं नर्मदा मैया सबका मंगल करें, सबका कल्याण करें; सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मां नर्मदा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहते हैं कि मुझे परिक्रमा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां सभी का कल्याण करें एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली सदैव बनी रहे। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि परिक्रमा समापन अवसर पर ओंकारेश्वर में पूजा अर्चना करने की बच्चा सांसद श्री पाटिल रात्रि 8:00 बजे चंदवा दादाजी धाम पहुंचे और दादा जी के दर्शन कर सफल परिक्रमा के लिए धुनी माई में आहुति प्रदान की।

## भजन संध्या का आनंद लेने फीलगुड चौराहे पर देर रात तक जमे रहे श्रोता





**हरसूद, निप्र (विनय उजाला)।** षनिवार रात में महाकाल भजन मंडल हरसूद एवं हनुमानजी के दिवाने द्वारा हनुमान जयंति के उपलक्ष्य में फीलगुड चौराहे पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर संगीत गणगौर मंडल के बाल कलाकारों द्वारा षानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों का आनंद लेने के लिए श्रोता षनिवार देर रात तक फीलगुड चौराहे पर डटे रहे। इस अवसर पर आयोजन समिति के गोल्डी जैन, रितेष यादव सहित बडी संख्या में श्रोतागण मौजूद थे।

## श्री महावीर हनुमान मंदिर में 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हुआ सम्पन्न



विनय उजाला

**महापौर ने भी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लेकर किए दर्शन**

**खंडवा, निप्र।** नगर के हनुमान नगर ,महावीर बाग स्थित नवनिर्मित महावीर हनुमान मंदिर में 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रथम दिवस शोभायात्रा से शुरू होकर हनुमान प्राकट्योत्सव के दिन विधि विधान से भंडारा प्रसादी के साथ पूर्ण हुआ, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के इस अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए, इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव, अमर यादव एवं निगम के विभिन्न पदाधिकारियों ने हनुमान जी के दर्शन लाभ लेकर समस्त कॉलोनीवासीयो के सुखद जीवन की कामना की। इस अवसर पर उनके द्वारा मंदिर निर्माण कार्य से जुड़े सहयोगियों का विशेष सम्मान किया गया। मंडल समिति के मुदित जेटली ने बताया कि श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर हनुमान जी के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर हनुमान नगर के दीपक सांड, निखिल शाह, श्याम शर्मा, बसंत कुमार चौरे, एम आर मंडलोई, सुधीर बिल्लौरे, नरेंद्र तिवारी, विजय भोंसले, प्रमोद गुप्ता, मोहन तंवर, सचिन चौरे, आर सी शुक्ला, श्याम राठौर, यू एम घोड़की, महेंद्र शाह, रवि चौरे, यश सांड, महेश गंगराड़े जगन्नाथ सोनी आदित्य मालवीया, जितेंद्र चौधरी ,रोहन श्रीमाली, वैदिक चौरे आदि उपस्थित रहे।

# श्रीमद भागवत समापन दिवस पर भावुक हुए श्रोता

## श्रीमद भागवत कथा श्रवण से होता है जीव का उद्धार : पं मोहित शास्त्री

विनय उजाला



**खंडवा, निप्र।** श्रीमद्भागवत कथा का 7 दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है।कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उतरहि पारा। कलयुग में जीवन के सभी पापों से मुक्ति का एकमात्र आधार भगवान की भक्ति है। भगवान का नाम स्मरण करने से ही भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है ।भक्त की साधना से खुश होकर भगवान रीझ जाते हैं।उपरोक्त उदगार श्रीमद्भागवत समिति द्वारा देवेन्द्र डाँड़गे, सरोज बाई व परिवार के सहयोग से स्व मिट्ठूलाल जी व स्व शांता बाई डाँड़गे की स्मृति में भवानी माता मंदिर प्रांगण में 6 अप्रैल से प्रतिदिन आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस भगवताचार्य पं मोहित शास्त्री चामुंडिका धाम धनोरा ने व्यक्त करते हुए कहे।समिति के मीडिया प्रभारी नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि कथा के सातवें दिवस समापन अवसर पर भगवताचार्य पंडित मोहित शास्त्री जी ने श्रीमद्भागवत समिति व देवेन्द्र डाँड़गे परिवार का धन्यवाद करते हुए श्रोताओं को इतनी अधिक गर्मी होने पर भी सात दिनों तक आकर कथा श्रवण करने हेतु धन्यवाद दिया।शास्त्री जी व सभी श्रोता भी भावुक हो गए।कथा में विधायक कंचन मुकेश तनवे व महापौर अमृता अमर यादव ने उपस्थित होकर कथा की उपयोगिता बताई व सफल आयोजन पर बधाई दी। लायन्स क्लब खण्डवा नेत्रदान व देहदान समिति के नारायण बाहेती व सदस्यों ने मरणोपरांत नेत्रदान व देहदान की जानकारी देकर मरणोपरांत नेत्रदान व देहदान की अपील कर संकल्प पत्र भरने की बात कही। कथा के पूर्व देवेंद्र डाँडगे, सरोज बाई डाँडगे, बाबूलाल बिढारे, मोहनलाल डाँड़गे, नारायण बाहेती, सुरेंद्र बिडारे, सुनील जैन, ललित ढस्के, ज्ञानेश्वर डाँड़गे, रविन्द्र बिडारे, प्रवीण खरटे, बिरजू जामने, पन्नालाल खरटे, जगदीश खरटे आदि ने व्यासपीठ का पुजन व आरती की।

## विशाल भगवा वाहन यात्रा निकाली गई

विनय उजाला



**खंडवा, निप्र। पुनासा नगर में प्रभु राम जन्मोत्सव व श्री हनुमान प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा विशाल भगवा वाहन यात्रा निकाली गई जिसमें बजरंग दल के प्रत्येक खंड के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।**

कालशन माता सभागृह में सभी कार्यकर्ताओ को बजरंग दल के विभाग संयोजक आदित्य मेहता और स्वदेशी सनातन संघ के राष्ट्रीय संयोजक संत स्वामी श्री 1008 रामेश्वरानंद महराज, उपस्थित नौजवानों को संबोधित कर उनको भगवान श्री हनुमान के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान हनुमान लाखों लाखों युवाओं के आराध्य हैं और युवाओं को उनके ज्ञान और शील की ऊर्जा लेकर देश समाज के कार्य में लगना चाहिए । कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री लखन चौहान, जिला सह मंत्री सुनील पवार, अरुण वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष हिमांशु नामदेव, प्रखंड मंत्री यतेंद्र कानोगे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए 7 तत्पश्चात कालशन माता मंदिर से यात्रा प्रारंभ कर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भगवा यात्रा दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में समापन किया गया।

## आर्थिक रूप से परेशान शिक्षकों का वेतन रोका

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** हरसूद ब्लॉक की षालाओं में इस समय अपार आईडी बनाने का कार्य चल रहा है। ब्लॉक को जिले में एवं जिले को प्रदेष में अव्वल लाने की होड मची हुई है। जिन षिक्षकों द्वारा 70 प्रतिषत से कम अपार आईडी बनाई गई है। उन षिक्षकों का मार्च माह 2025 का वेतन बगैर किसी आदेष एवं सूचना रोक दिया गया है। षिक्षकों ने बताया कि पिछले माह फरवरी का वेतन पुरा इनकम टैक्स में कट गया था। जिन षिक्षकों ने 10 में से 7 अपार आईडी बनाई है उनका वेतन नहीं काटा गया और जिन षिक्षकों ने 500 में से 349, 1000 में से 690 अपार आईडी बनाई है उन षिक्षकों का वेतन तानाषाही पूर्वक रोक दिया गया है। जबकि अपार आईडी 70 प्रतिषत से कम बनाने पर वेतन रोकने के भारत सरकार, राज्य सरकार और ना ही जिला षिक्षा अधिकारी के कोई लिखित आदेष है।

षिक्षकों ने बताया कि वेतन नहीं मिलने से षिक्षकों के सामने आर्थिक परेषानियां खडी हो गई है। बैंक लोन की किस्त नहीं भरने के कारण पैनाल्टी लग रही है साथ ही सिविल स्कोर भी खराब हो रहा है। जिससे षिक्षकों में भारी रोष है। षिक्षकों ने बताया कि अपार आईडी बनाने का हमारे द्वारा कतई विरोध नहीं किया जा रहा है। विगत तीन-चार माह से अपार आईडी बनाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन ग्राम में अधिकांष अभिभावक किसान है। जिनसे बार-बार अनुरोध करने पर भी कागजात समय से लाकर नहीं देने के कारण षिक्षक 70 प्रतिषत अपार आईडी बनाने में सफल नहीं हो सके। समग्र षिक्षक व्याख्याता एवं प्राचार्य कल्याण संघ मध्यप्रदेष के हरसूद तहसील अध्यक्ष महेष षुक्ला, मध्यप्रदेष षिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, राज्य षिक्षक संघ हरसूद ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीरसिंह चौहान सहित अन्य षिक्षकों ने षासन से मांग की है कि जिन षिक्षकों का वेतन रोका गया है उसे षीघ्र निकालने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देषित करें।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन

# पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रशस्ति पत्र

विनय उजाला



**खंडवा, निप्र। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिला खंडवा मे पदस्थ अनुसंधान अधिकारियों एवं पर्यवेक्षण अधिकारियों को नवीन आपराधिक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित किया गया।**

प्रथम 03 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र मे दिनांक 10.04.25 से 12.04.25 तक प्रशिक्षण का कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा मे दिनांक 10.04.25 को प्रारंभ किया गया था। प्रशिक्षण सत्र के समापन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा दिनांक 12.04.25 को पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा मे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर द्वारा प्रशिक्षण ले रहे जिले के अनुसंधानकर्ता अधिकारियों से दिए गये प्रशिक्षण के संबंध मे फ़ीड बैक प्राप्त किया गया तथा प्रशिक्षण से प्राप्त व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान के बारे मे चर्चा की गई। 01 जुलाई 2024 से नवीन आपराधिक अधिनियम लागू होने के पश्चात अनुसंधान मे आने वाली व्यावहारिक समस्याओ को लेकर चर्चा की गई। सभी ने प्रशिक्षण के माध्यम से कानूनी प्रावधानो के अंतर्गत साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रीकरण, क्राइम सीन की फोटग्राफी व वीडिओग्राफी के संबंध मे जानकारी प्राप्त किया। प्रशिक्षण मे जिले के 01 उपुअ, 07 निरीक्षक, 09 उप निरीक्षक, 10 सहायक उप निरीक्षक एवं 08 प्रधान आरक्षक सहित कुल 35 अनुसंधानकर्ता अधिकारी सम्मिलित हुए।

जिला स्तर पर अनुसंधान अधिकारियों एवं पर्यवेक्षण अधिकारियों को नवीन आपराधिक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रशिक्षण कार्य हेतु पुलिस मुख्यालय से प्राप्त शॉर्ट फिल्म के माध्यम से विषयों को समझाया गया एवं उस पर चर्चा की गई। दिनांक 12.04.25 को प्रशिक्षण सत्र के समापन दिवस पर श्री बी.एल. मंडलोई से.नि. वैज्ञानिक अधिकारी इंदौर, उपुअ मुख्यालय श्री अनिल सिंह चौहान, उपुअ अजाक श्री महेश दुबे, प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक गायत्री सोनी द्वारा अलग अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थी अनुसंधानकर्ता अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोष जनक जवाब दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पर्यवेक्षण अधिकारी श्री आनंद स्वरूप सोनी उपुअ यातायात खंडवा द्वारा प्रशिक्षण स्तर के समापन के अवसर पर सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# डांस इंडिया डांस के कलाकार की अद्‌भुद प्रस्तुति, ट्रस्टियों का बहुमान और युवाओं को दी जिम्मेदारी

## श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव ट्रस्ट मंडल के तत्वावधान में महाहवन-महापूजन का हुआ भव्य आयोजन









मनोज पुरोहित

**पेटलावद, निप्र। 12 अप्रैल शनिवार को श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव तीर्थ मेवानगर पेटलावद के तत्वावधान में श्री नाकोड़ा भैरव के परम उपासक गादीपति श्री सुमित जी पिपाड़ा के निवास स्थान पर प्रातः श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव की महा आरती उतारी गई तत्पश्चात भैरव देव को छप्पन भोग अर्पित किया गया।**

जिसके बाद रथ में पार्श्वनाथ भगवान, नाकोड़ा भैरव की प्रतिमा लाभार्थी के समक्ष विराजमान कर बेंड बाजों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर खुशबू गार्डन पेटलावद पहुंची।



खुशबू गार्डन पेटलावद में आयोजित कार्यक्रम में विधिकारक के द्वारा लाभार्थी परिवारों को महाहवन महापूजन विधि विधान के साथ करवाया गया पूजन में बैठे लाभार्थियों को 9 इंच की श्री नाकोड़ा भैरव की प्रतिमा भेंट की गई। सभी श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ पूजन किया। इस दौरान कुल महाहवन एवं 101 महापूजन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव तीर्थ मेवानगर पेटलावद के ट्रस्टी अध्यक्ष सुनील झालोका, संजय खरोदा, राजेश कांठेड़, विजय तातेड़, सुरेशचंद्र जैन,संजय डग, जयेश मोदी, सुनील भांगू, पदम मेहता, निखिल भंडारी, सुनील फ़रबदा, मनीष कुमट झकनावदा, पवन नाहर, कीर्तिश जैन, सुरेश भंडारी, अभय पीपाड़ा, अमित पीपाड़ा, विकास काकरिया, सौरभ खेमेसरा आदि ट्रस्टियों का श्री नाकोड़ा भैरव जी तस्वीर भेंटकर बहुमान किया गया। युवाओ को सौपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँइस अवसर पर पेटलावद श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव तीर्थ कार्यकारिणी सेवक समिति मेवानगर पेटलावद की घोषणा की गई जिसमे अनिरुद्ध अग्रवाल को अध्यक्ष, मनोज औरा उपाध्यक्ष, पवन विश्वकर्मा, निलेश भंडारी, दीपेश जैन, अभिषेक गुगलिया, हर्ष पटवा, अर्पित बोकड़िया, अमर जैन, अमित पिपाड़ा, हेमंत भंडारी, प्रतीक पीपाड़ा, पीयूष पटवा को महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर राजगढ़, झाबुआ, झकनावदा, बामनिया, सारंगी, थांदला, रायपुरिया, मनावर, मेघनगर, आवर, नलखेड़ा, पारा, बामनिया, करवड़, इंदौर सहित बड़ी संख्या में भैरव भक्त शामिल हुए।

### आओ भेरू पधारों भेरू पर खूब झूमें श्रद्धालु

रात्रि में एक शाम श्री पार्श्व भैरव के नाम भक्ति में बेंगलुरु के विश्व विख्यात संगीतकार विपिन पोरवाल ने भक्तों को भक्ति के माध्यम से प्रभु से जोड़ा और उन्होंने अपने गीत आओ भेरू पधारों भेरू जैसे भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### डांस इंडिया डांस कलाकर कमलेश पटेल ने दी प्रस्तुति

वही वडोदरा शहर के डांस इंडिया डांस फेम, राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित कलाकार, यूएसए में आस्कर अवार्ड विजेता कमलेश पटेल ने अपने दिव्यांग होने के बावजूद हार नहीं मानी।वह अपने जज़्बे से पूरी दुनिया को प्रेरणा देते हैं कि इंसान को कभी हार नहीं माननी चाहिए एवँ भले पैरों से दिव्यांग है पर उन्होंने अपनी कला से देश और दुनिया में अपना नाम रोशन किया ऐसे कलाकार से मंच से एक से एक प्रस्तुति देकर लोगों को भावविभोर कर दिया और पटेल ने खूब दाद बटोरी।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्व पित्र मोक्षार्थ सेंचा परिवार आयोजित कर रहा 07 दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भभागवत मंथन ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन, लेवे धर्म लाभ

**पेटलावद, निप्र।** धर्म नगरी पेटलावद मे हर दिन सामाजिक,धार्मीक अयोजन होते रह्ते है। सर्व पित्र मोक्षार्थ स्व.श्री नन्दाजी सेंचा, जानिबाई सेंचा,भगगजी सेंचा, तेजीबाई सेंचा,रमेशचंद्र जी सेंचा, कमलाबाई सेंचा दिनेशचंद्र सेंचा कि स्मृति में सेंचा परिवार पेटलावद के द्वारा 07 दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीमदभागवत मंथन ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त भव्य आयोजन जो कि 13 अप्रेल रविवार से 19 अप्रेल शनिवार तक चलेगा। जिसमे प्रसिद्ध कथावाचक परम् पूज्य मनीष भेया (श्री दुर्गाधाम बदनावर) के मुखारविंद से संगीतमय भगवद कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से 03 बजे संत छाया आर्ट बामनिया रोड पेटलावद में की जावेगी। व महाप्रसादी का आयोजन 19 अप्रेल को होगा। आयोजनकर्ता समस्त सेंचा परिवार पेटलावद ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से इस आयोजन मे पधारकर धर्म लाभ लेने कि अपील की है।

### दिनदहाड़े ट्रक चालक से छीन ले गया मोबाइल

**धामनोद, निप्र।** एक ट्रक चालक से दिन दहाड़े एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल छीन कर भाग गया दोनों के बीच में झड़प भी हुई लेकिन आरोपी भाग निकला घटनाक्रम अनुसार वसीम पिता बन्ने खा जो कि ट्रक चालक है जबलपुर से निमरानी स्थित अडानी कंपनी में गेहूं भरकर ट्रक लाए थे शनिवार दोपहर 4:00 बजे ट्रक को खाली करने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे तभी एक अज्ञात व्यक्ति ट्रक के अंदर घुसा और मोबाइल लेकर भागने लगा तब वसीम ने उसे पकड़ लिया दोनों के बीच झड़प भी हुई लेकिन अज्ञात बदमाश हाथ नहीं आया और भाग निकला बाद खलटाका पुलिस चौकी पर पहुंचकर चालक वसीम ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया इस तरह दिन दहाड़े ट्रक चालक से मोबाइल छीन कर ले जाने की घटना पर अन्य ट्रक चालकों में भय व्यापत हो गया फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



### अभिभाषक संघ पेटलावद की नवीन कार्यकारिणी की गई गठित







**पेटलावद (मनोज पुरोहित)।** हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर अभिभाषक संघ पेटलावद के नव निर्वाचित अध्यक्ष अविनाश उपाध्याय द्वारा खोरिया हनुमान जी का आशीर्वाद लेकर अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमे उपाध्यक्ष के रूप में राहिल रजा मंसूरी, मनोज पुरोहित, सचिव मनीष गवली, सह सचिव संजय राठौर, कोषाध्यक्ष रूपम कुमार पटवा, ग्रंथपाल चेतन राठौड़, मीडिया प्रभारी मनोहर सिंह डोडिया को बनाया गया। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता अमृतलाल वोरा, नरेंद्र शाह, बी.एल.परमार, राजेन्द्र चतुर्वेदी, अनिल देवड़ा, विजेंद्र सिंह जादौन, के मार्गदर्शन व युवा अधिवक्ता बलदेव सिंह राठौर, लक्ष्मीनारायण वैरागी व ईश्वर परमार के सहयोग हेतु कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। अभिभाषक संघ के सदस्यों व न्यायालयीन कर्मचारियों द्वारा सभी पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

**मनोज पुरोहित -राहिलरजा मंसूरी उपाध्यक्ष, मनीष गवली सचिव,रूपम पटवा कोषाध्यक्ष , संजय राठौर सहसचिव, चेतन राठौर ग्रंथपाल, मनोहरसिंह डोडिया मीडिया प्रभारी मनोनीत**

# करोड़ों का माल लेकर रुपए देने से इनकार करने वाले आरोपियों की अग्रिम जमानत निरस्त

विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** नगर के कॉटन व्यापारियों से 7 करोड़ से अधिक का माल लेकर रुपए न लौटने वाले मुंबई के व्यापारियों की अग्रिम जमानत कोर्ट ने खारिज कर दी उल्लेखनीय की विगत दिनों नगर के कॉटन व्यापारियों ने मुंबई के रहने वाले मुकेश कुमार त्यागी संगीता मुकेश त्यागी और निखिल मुकेश त्यागी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था आरोपियों को प्रकरण दर्ज होने की भनक लगी तो उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए धर्मपुरी न्यायालय में अग्रिम जमानत पेश की लेकिन कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया

क्या था पूरा मामला

कॉटन व्यपारी सुभाष मंगल





निखिल मंगल. राधा मोहन अग्रवाल तथा संकेत गर्ग की जिनिंग फैक्ट्रियां धामनोद में स्थित है जो रुई की गठान विक्रय करती है आवेदक गण ने अनावेदक आरोपी फर्म एस टी टेक्सटाइल मिल्स प्राइवेट लिमिटेड अंधेरी मुंबई को दलाल के माध्यम से काफी समय से रुई गठानों का नियमित रूप से विक्रय किया जाता रहा है तथा नियमित रूप से क्रेता फर्म द्वारा विक्रेता गण के अकाउंट में राशि का भुगतान किया जाता रहा जिससे क्रेता फर्म ने प्रारंभ में विक्रेता फर्मों का विश्वास अर्जित कर लिया लेकिन 1 अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक विश्वास के आधार पर महंगे दामों में खरीदी का झांसा देकर करीब 7 करोड़ रूपों का माल विक्रेता फर्म से प्राप्त किया गया तथा भुगतान न करते हुए व्यापार भी बंद कर दिया विक्रेता फर्म ने जब मुंबई जाकर संपर्क किया तो आरोपी गण ने भुगतान करने से इनकार करते हुए कहा कि आपने बगैर एग्रीमेंट के माल भेजा है भुगतान नहीं किया जाएगा तथा दुर्व्यवहार कर भुगतान करने से मना कर दिया पीड़ित व्यपारियो द्वारा 20 फरवरी 2025 को थाने पर शिकायत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया जिसकी जांच के दौरान विक्रेता तथा क्रेता फर्म के मध्य पूर्व से हुए विक्रय के बिल ई वे बिल तथा बैंक अकाउंट के डिटेल्स आदि प्राप्त किए गए तथा दलाल व ट्रांसपोर्टर के कथन लेकर बिल्टी वाउचर आदि जप्त किए जांच के आधार पर मिले साक्ष्य और सबूत सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।

## 78 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी, बैंक अधिकारी बन खाते में डलवाए

### लखनऊ क्राइम ब्रांच ने सोनकच्छ पुलिस की मदद से दो युवकों को हिरासत में लिया, गुना में भी नेटवर्क की तलाश करेगी

**सोनकच्छ, निप्र।** उत्तरप्रदेश के पूर्वी लखनऊ में क्रिप्टो करंसी के फ्रॉड मामले में 17 फरवरी को केस दर्ज किया गया था। मामला हाई प्रोफाइल का होने से इसे क्राइम ब्रांच को सौंपा गया। क्राइम ब्रांच के अधिकारी सोनकच्छ थाने पर पहुंचे व दो लोगों को हिरासत में लेकर गुना के लिए रवाना हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक फरियादी सर्वेश द्विवेदी पिता सतीश कुमार दूबे पता शहीद नगर कलोनी शहीद पथ रायबरेली रोड लखनऊ का रहने वाला है। वह टेक्स इंडिया ग्रुप के विभिन्न फर्मो व कंपनी में अकाउण्ट मैनेजर के पद 1998 से लखनऊ में कार्यरत है। 16 फरवरी को उसके व्हाटस ऐप पर किसी मोबाइल से मैसेज आता है। जिसमें मयूर गर्ग की डीपी लगी होती है, और यह लिखा जाता है कि यह मेरा नया मोनं 9136034048 है। इसको सेव कर लो। उसके बाद 17 फरवरी को सुबह 9.55 मिनट पर मैसेज आता और उसे ऑफिस पहुँचने के लिये बोला जाता हैं। उसके बाद मुझसे व्हाटस ऐप पर ही चैट करके कहा कि आप चेक करो कि कम्पनी के बैंक अकाउण्ट में कितना पैसा है और मुझे उसकी पिक शेयर करो। मुझे कुछ जरूरी काम है तो फरियादी ने पूछा किस कम्पनी में तो उन्होने जवाब में टीएलआरपीएल से बताया। जो कि फरियादी लोग ही अपने बोलचाल में उक्त कम्पनी इस शर्ट नेम को यूज करते है, तो फरियादी ने कम्पनी का बैलेंस उस व्यक्ति को अपना समझकर बता दिया।

उसके बाद उस व्यक्ति ने मुझे मैसेज किया कि किसी जरूरी प्रोजेक्ट के लिये 78 लाख रूपये एडवांस पेंमेंट करना है। तो फरियादी उन्हे बताया कि 74 लाख रूपये सीके ब्राण्ड को जाना है और इतना पैसा हमें होल्ड करना पड़ेगा। उसके बाद बस बने व्यक्ति ने कहा कि ये पेमेंट करना जरूरी है तभी मै एग्रीमेंट साइन कर पाऊँगा और आउण्ट स्टेडिंग पेमेंट के लिये मै अलग से अरेंज करूंगा। तब मैने उनसे आरटीजीएस हेतु डिटेल मांगी।

## मूंज सागर घाट पर स्वच्छता का संकल्प, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सफाई

### एसडीएम, डीएसपी व नपा सीएमओ रहे मौजूद



विनय उजाला

**धार, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत धार नगर के ऐतिहासिक मूंज सागर घाट पर रविवार को एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल घाट की स्वच्छता सुनिश्चित करना था, बल्कि जनमानस को जल स्रोतों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी था।

अभियान में स्थानीय आजाद युवा संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने पहल करते हुए नगर पालिका अमले व प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से घाट की सफाई की जिम्मेदारी उठाई। कार्यक्रम की अगुवाई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोशनी पाटीदार ने की, जबकि डीएसपी आनंद तिवारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकास डावर की सक्रिय सहभागिता भी देखने को मिली।

घाट परिसर में प्लास्टिक, कचरा, और अन्य अपशिष्टों को हटाकर साफ-सफाई की गई। श्रमदान कर रहे युवा संगठन के सदस्य, नगर परिषद कर्मचारी और प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर घाट को स्वच्छ व सुंदर स्वरूप प्रदान किया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने जनसमुदाय को जल संरक्षण का महत्व समझाते हुए कहा कि जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार है। मूंज सागर जैसे पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण हमारा सामूहिक दायित्व है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया और जल स्रोतों की स्वच्छता हेतु निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया। इस अभियान ने नगर में स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति एक सकारात्मक संदेश प्रेषित किया। प्रशासन द्वारा यह भी संकेत दिया गया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, जिससे प्राकृतिक जल स्त्रोतों की दशा और दिशा में स्थायी सुधार हो सके।

### संयम भाव मूलत : दुख का अनुभव होने पर ही आता है... धर्मेंद्र मुनि

# मेरा परिवार मुझे वीर योद्धा की तरह विदा कर रहा है : मुमुक्षु ललित भंसाल

विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र। पुण्य नष्ट करने या खर्च करने के लिए कोई साधन नहीं करना पड़ती है।कर्म खपाने के लिए पुरुषार्थ करना पड़ता है। संयम भाव मूलतः दुख का अनुभव होने पर ही आता है। आवश्यक नहीं है कि धन के वैभव के शरीर के आदि के कष्ट होने पर ही आये।**

यह तो किसी भी संसारी गतिविधि से दुख अनुभव होने पर आ सकता है।ललित भाई के पास सब कुछ था पर इन्हे भी उसमे सुख अनुभव नहीं हुआ।उन्होंने पद्गलों का नहीं सिद्धों का सुख पाना है।और वह संयम मार्ग से ही संभव है। यह बात उनके समझ में आ गई हे। संसारी व काया के चिंतन से। शरीर कर्म कि वजह से है यह समझ सच्चा वैराग्य लाती हे। संसार को पड़कर रखना पागलपन है स्वयं ही समझ में आने पर छोड़ देना समझदारी है। जो ललित भाई कर रहे हैं।उक्त बात तत्वज्ञ धर्मेंद्र मुनि जी ने 30 अप्रैल को प्रवर्तन श्री जिनेंद्र मुनि जी महाराज साहब से थांदला में दीक्षा ग्रहण करने वाले मुमुक्षु श्री ललित भाई भंसाली के सम्मान में आयोजित समारोह में कहे। पूज्य गिरीश मुनि ने कहा संयम से विश्वमित्रता का संबंध स्थापित होता है। मुक्ति के लिए जो प्रवृत्ति करता है वह सच्चा संयमी हे। शादीशुदा संयम लेकर क्या सात फेरों का उल्लंघन नहीं कर रहा है? इस विषय पर आचार्य श्री उमेश मुनि जी ने बहुत ही सारगर्भित उत्तर दिया था। कहा था



मोह कषाय से की गई प्रतिज्ञा धर्म क्षेत्र मे तोड़ने योग्य है। ललित भाई ने मोह कषाय को तोड़ा है। मुमुक्षु ललीत भंसाली ने कहा एक फिट जमीन के लिए झगड़ जाने वाले। रूपयों के लिए अड जाने वाले ललित को समझ में आ गया है कि हम सीहं हे पर गीदड़ की खाल में है मै उसे उतार फेंक कर शिव मार्ग पर चलने जा रहा हूं। मैं पेटलावद में कई बार आया हूं तब तो मेरी जयकारा यात्रा नहीं निकली नही सम्मान हुआ क्यों। क्योंकि मैं संयम लेकर साधुवेश को स्वीकार कर ने जारहा हु ये इसी कि बलिहारी है।गहरी नींद से सोए को जगाना सरल है पर जो नींद में होने का अभिनय कर रहा है उसे नहीं जगाया जा सकता है। जैसे एक घूंट चाय पिने से पता चल जाता है कि ठंडी है या मीठी है। जैसे एक कोर से पता लग जाता है भोजन कैसा है। वैसे ही मुझे समझ में आया गया है यह रिश्ते यह वैभव कुछ समय के हैं फिर तू छुट्ट जाएगें टूट जायेंगें हैं।इसी समझ ने मुझे बैरागी बना दिया है। कर्म योद्धा बना दिया है। मेरा परिवार मुझे वीर योद्धा की तरह विदा कर रहा है। ललित भाई के सम्मान में बिना किसी आडंबर के जय कारा यात्रा निकाली गई।स्थानक भवन पर श्री संघ महावीर समिति जैन सोशल ग्रुप डूंगर प्रांतीय चंदन श्राविका संगठन ने बहुमन किया। आयोजन में कार्यवाहक अध्यक्ष मणिलाल चाणोदिया उपाध्यक्ष महेंद्र कटकारी कोषाध्यक्ष विमल मोदी संघ संवाददाता जितेंद्र मेहता संतोष गुजराती महिला मंडल अध्यक्ष आशा भंडारी बहु मंडल अध्यक्ष संगीता मेहता नीरज जैन पूर्व अध्यक्ष अनोखी लाल मेहता नरेंद्र कटनी नरेंद्र मोदी चंदन श्राविका संगठन कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता मोदी खुशब कटकानी आदि कई श्रावक श्राविका उपस्थित थे। संचालन व अभिनंदन पत्र का वाचन राजेंद्र कटकारी ने किया।सुरेश सोंलकी परिवार कि और से नवकारसी रखी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा आज बूथ स्तर पर मनाएगी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

**खरगोन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमरावजी अम्बेडकर की जयंती बूथ स्तर पर मनाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नन्दा ब्राह्मणे करेंगी और मुख्य अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार तथा विशेष अतिथि नपाध्यक्ष छाया जोशी होगी। प्रारंभ में खरगोन नगर के पूर्वी व पश्चिमी मण्डल द्वारा रहीमपुरा और सब्जी मण्डी (अंबेडकर) पार्क में बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे के निर्देशानुसार 13 से 25 अप्रैल तक डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान अंतर्गत जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। प्रमुख रूप से दीपोत्सव, माल्यार्पण, विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह हेतु जिला व विधानसभावार संयोजक, सहसंयोजक नियुक्त किए हैं। कार्यक्रम के जिला संयोजक भागीरथ कुमरावत, सहसंयोजक चंद्रशेखर भालसे, मांगीलाल गाडगे कसरावद व डॉ. काशीराम शर्मा बनाए गए हैं। इसी प्रकार भीकनगांव विधानसभा संयोजक सुंदर बारसे, सहसंयोजक अनोखीलाल चौहान, बड़वाह विधानसभा संयोजक महेश गुर्जर, सहसंयोजक दिलीप पटेल, महेश्वर विधानसभा संयोजक केसी भालेकर, सहसंयोजक दिनेश साहनी, लच्छीराम नागरे, कसरावद विधानसभा संयोजक कैलाश पाटीदार, सहसंयोजक ताराचंद यादव, खरगोन विधानसभा संयोजक रवि जायसवाल, सहसंयोजक विजयलक्ष्मी सावले, बेबीबाई मंडलोई भगवानपुरा विधानसभा संयोजक सुनील जाधव, सहसंयोजक कृष्णकांत यादव को बनाया गया है।

### प्राचार्य पर हमला करने वाला आरोपी मेनगांव पुलिस की गिरफ्त में

**खरगोन, निप्र।** सीएम राईज स्कूल टेमला के प्राचार्य स्कूल में जब मीटिंग ले रहे थे तभी वहां पहुंचे हमलावर ने प्राचार्य पर प्राणघातक हमला कर उन्हें चोट पहुंचाई। पश्चात प्राचार्य को शासकीय चिकित्सालय खरगोन में भर्ती कराकर इलाज कराया गया। मेनगांव थाने में अपराध क्रमांक 127/25 धारा 109,132,232,333,296 भारतीय न्याय संहिता में प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में था। पड़ताल के पश्चात एक किशोरवय आरोपी को गिरफ्तार कर उसे किशोर न्यायालय खरगोन में पेश कर बाल संप्रेषण ग्रह खंडवा दाखिल किया गया। पुलिस टीम : इस कार्रवाई में मे एसडीपीओ खरगोन रोहित लखारे, मेनगांव थाना थाना निरीक्षक पंकज तिवारी, निरीक्षक पंकज तिवारी, कावा सहायक उपनिरीक्षक सोहनलाल राठोड, कावा प्रआर 21 किशोर पाटीदार, आर. 891 राजेश पटेल, आर. 952 करण, आर. 217 भुरेसिंह, आर. 933 तंवरसिंह, थाने के अन्य स्टाफ व सायबर सेल टीम शामिल रहे।

### कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय एंव महिला व नवजात शिशु चिकित्सालय बड़वानी का किया निरीक्षण

**बड़वानी, निप्र।** कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर ने जिला चिकित्सालय एंव महिला एवं नवजात शिशु चिकित्सालय बड़वानी का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने विभिन्न वार्डों, सेंट्रल लैबोरेट्री कक्ष, मेन ओपीडी, शिशु रोग कक्ष, सीसीटीवी मॉनिटरिंग यूनिट, दवा वितरण केंद्र, महिला एवं पुरुष वार्ड, आयसीयू तथा मरीजों के लिए संचालित लिफ्ट व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लैब में जाकर मशीनों की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली तथा स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद कर जांच की प्रक्रिया को समझा। इसके साथ ही उन्होंने आयसीयू वार्ड में जाकर गंभीर मरीजों की स्थिति का अवलोकन किया और चिकित्सकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल के सामान्य वार्ड में भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। महिला एवं नवजात शिशु चिकित्सालय में कलेक्टर ने इन बॉर्न यूनिट, प्रसूति प्रतीक्षालय ( बर्थ वेटिंग रूम) आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री शक्ति सिंह चौहान, सिविल सर्जन डॉ.अंनीता सिंगारे, तहसीलदार एवं अन्य चिकित्सक स्टाफ उपस्थित थे।

## बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था, गोगावां बनाएगी सुपर मार्केट




### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह देंगे 120.00 लाख का स्वीकृति आदेश

**खरगोन, निप्र।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खरगोन से सम्बद्ध बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था , गोगावां जिला खरगोन द्वारा खरगोन सनावद मुख्य मार्ग पर द्वारा 120.00 लाख रूपए की लागत से सुपर मार्केट बनाया जायेगा । जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खरगोन के प्रबंध संचालक पी.एस. धनवाल द्वारा बताया गया कि अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अन्तर्गत दिनांक 13.04.2025 को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय सहकार सम्मेलन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था , गोगावां जिला खरगोन को सनावद 120.00 लाख का रूपए की स्वीकृति का आदेश देंगें । वाणिज्यिक दृष्टि से इस सुपर मार्केट का निर्माण 11625 वर्ग फीट के भूखण्ड पर 12675 वर्ग फीट सुपर बिल्टप क्षैत्र में सुपर मार्केट का भूतल एवं और प्रथम मंजिल पर होगा। ज्ञातव्य रहे कि तहसील विकासखण्ड गोगांवा आबादी लगभग बीस हजार से अधिक है। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था गोगांवा अन्तर्गत नौ गांव और चार हजार सदस्य है , इनमें एक हजार नौ सौ ऋणी सदस्य एवं दो हजार एक सौ अऋणी सदस्य है, जो सुपर मार्केट के संभावित ग्राहक होंगें । बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था गोगांवा निरन्तर अ वर्ग में वर्गीकृत होकर रू. 183.48 लाख के लाभ मे है , जिसके द्वारा बचत काउण्टर संचालित है जहां प्रतिदिन 150 -200 ग्राहक अपना लेन-देन करने आते है। बनने वाले इस सुपर मार्केट में किसानों के उपयोग में आने वाले खाद, बीज, दवाई, मशीनरी आदि का विक्रय किये जाने के साथ साथ सुपर मार्केट में जन औषधि केन्द्र एवं कृषक सुविधा केन्द्र का भी संचालन होगा ।

इस सुपर मार्केट में बीस दुकानें भी बनाई जाकर उनको इलेक्ट्रिक सामान, कपडा मार्केट, किराना स्टोर्स, जनरल स्टोर्स, मेडिकल स्टोर्स आदि का व्यापार के लिए किराये से दी जाएगी ।इस सुपर मार्केट बनने से प्रतिवर्ष बीस लाख की अतिरिक्त आय होना संभावित है।

### ग्राम बलवाड़ी में शक्तिपीठ साली टांडा में 4 दिवयीय वार्षिक उत्सव का आयोजन

# शक्ति संवर्धन गायत्री यज्ञ में जनसैलाब उमड़ा

विनय उजाला

**सेंधवा, निप्र।** बलवाड़ी ग्राम के कृषि उपज मंडी प्रांगण में शक्ति संवर्धन 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन का प्रारंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ।

डोंगलिया पानी,आमलिया, वरला ग्राम की तीन कलश यात्राओं का त्रिवेणी संगम होकर गायत्री मय बना ग्राम बलवाड़ी।परिजनों ने संत डेमनिया बाबा निषाद राज के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि अर्पित की, उनके किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया।आदिवासी अंचल से हजारों महिलाए पुरुष अलग अलग स्थानों से निकली यात्रा में सर पर कलश धारण कर मांदल की थाप और गायत्री मंत्र की गूंज के साथ चल रही थी। चिलचिलाती धूप में वृद्धजन और बच्चे भी श्रृद्धा के साथ यात्रा में भागीदारी की।यात्रा प्रभारी विक्रम जमरे, दयाराम जाधव,संजय बरदे,खुमसिंग चौहान की टीम ने जगह जगह जल पान ठंडे पानी की व्यवस्था बनाई।बलवाड़ी व्यापारी संघ सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।यात्रा का समापन आयोजन स्थल पर धर्म सभा में परिवर्तित हुआ।यात्रा समापन वैदिक मंत्रोच्चार से शांतिकुंज हरिद्वार की टोली नायक प्रमोद बार्चे द्वारा किया गया।इस अवसर पर युग शक्ति गायत्री विषय को प्रतिपादित करते हुए टोली नायक प्रमोद बार्चे कहा की गायत्री के समान चारो वेदों में कोई मंत्र नही



है।गायत्री से श्रेष्ठ मंत्र न हुआ है और न होगा।गायत्री का वर्णन करते हुए उपस्थित जन समुदाय को बताया की सबके कल्याण और सद्बुद्धि की देवी गायत्री ही है। मंत्र जप करने से मन में पवित्र भाव आते है।हृदय निर्मल बनता है,शरीर निरोगी रहता,स्मरण शक्ति का विकास होता है।मन शुद्धि के लिए गायत्री मंत्र अदभुत है। शांतिकुंज टोली युगगाता भावसिंह तोमर वादक बलिराम यादव,विनोद नेताम ने श्रृद्धा गीतो से वातावरण को गुंजनमय कर दिया।साली टांडा शक्ति पीठ व्यवस्थापक नरेंद्र डावर ने शांतिकुंज प्रतिनिधियों का स्वागत किया।मिडिया प्रभारी राजेश पालीवाल ने जानकारी दी की 13 से 16 अप्रेल आयोजन में द्वितीय दिवस प्रातः सामूहिक साधना,ध्यान जप, देव पूजन यज्ञ का ज्ञान विज्ञान और शक्ति संवर्धन गायत्री यज्ञ होगा। दोप में संगठनात्मक स्वरूप कार्यकर्ता गोष्ठी रात्रि कालीन आयोजन में संस्कृति हमारी विरासत सांस्कृतिक कार्युक्रम। तृतीय दिवस प्रात: ध्यान साधना यज्ञ गुरु दीक्षा संस्कार क्रम।दोप में प्रज्ञा पुत्र शपथ समय दान ही युगधर्म है।रात्रि कालीन ने सप्त आंदोलन, राष्ट्र जागरण दीप यज्ञ नशा मुक्ति के संकल्प। चतुर्थ दिवस यज्ञ जन्म शताब्दी संकल्प, देव दक्षिणा पूर्णाहुति बिदाई।आयोजन में सम्मिलित हो रहे परिजनों की नाश्ता,भोजन, आवास व्यवस्था बनाई गई है प्रतिदिन 8 हजार व्यक्ति भोजन गृहण करेगे।

# खरगोन पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग बालिका को ढूंढकर सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया





विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** खरगोन पुलिस ने नाबालिग बालिका को ढुंढकर सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया। ज्ञातव्य रहे कि दिनांक 12.04.25 को रात्रि करीबन 09=30 बजे पीड़िता ने अपने मामा के साथ जैतापुर थाने में आकर बताया कि वह ग्राम आदलपुरा थाना गोंगांवा की रहने वाली है और उसकी दो बच्चियां है और दोनो ही नाबालिक है जिनकी उम्र 09 साल व 06 साल है, जो अपने मामा के घर जैतापुर आई हुई थी। आज सुबह 08=30 बजे के लगभग मेरी छोटी बेटी बाजार से पोहे लाने की ज़िद करने लगी तो मैने उसे 20 रुपये देकर नाश्ता दुकान से पोहे लाने भेज दिया था। लेकिन वह 2-3 घंटे तक घर नही लौटी तो मैंने सोचा कि बाहर बच्चों के साथ खेलने लगी होगी । किन्तु जब दोपहर तक नही लौटी तो मुझे चिंता हुई तब मैंने बच्ची को मोहल्ले में तलाश किया लेकिन बच्ची नही मिली फिर मैंने घबरा कर अपने मामा को फोन करके बुलाया और बच्ची के गुम होने के बारे में बताया तो मेरे मामा व छोटे भाई ने बच्ची को मोहल्ले में और आसपास तलाश किया फिर दिन भर हनुमान जयंती पर मंदिरों में चल रहे भंडारों में भी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नही चला तो थाने पर आई हु मेरी बच्ची मानसिक रूप से कमजोर है जिसे मिर्गी भी आती है। मानसिक रूप से कमजोर नाबालिक 06 वर्षीय बालिका के गुम होने की सूचना पर तत्काल जेतापुर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया व पीड़िता की रिपोर्ट पर से प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जिला पुलिस कप्तान धर्मराज मीना के निर्देशन में नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर ) नरेंद्र रावत के मार्गदर्शन में एसडीपीओ खरगोन रोहित लखारे, थाना प्रभारी कोतवाली बीएल मण्डलोई , मेनगांव थाना प्रभारी पंकज तिवारी, जैतापुर थाना प्रभारी सुदर्शन कुमार एवं उक्त थानों के अधिनस्त पुलिसकर्मियों की 10 टीमें बनाकर पड़ताल शुरू की गई। पश्चात गुमशुदा नाबालिग बालिका संतोषी माता मंदिर रोड़ पर नर्सरी के पास सकुशल मिली, जिसे उसके परिजनों के सुपुर्द किया। बालिका को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद देकर उनका आभार भी माना।

**पुलिस टीम**

इस कार्रवाई में एसडीपीओ खरगोन रोहित लखारे, कोतवाली खरगोन थाना प्रभारी बीएल मण्डलोई, मेनगांव थाना प्रभारी पंकज तिवारी, जेतापुर थाना प्रभारी सुदर्शन कुमार , सहायक उपनिरीक्षक अनिल तिवारी, प्रआर मुकेश पटेल, प्रआर लोकेश वास्कले, प्रआर विकास पंवार प्रआर माधव, प्रआर किशोर, आर मुकेश मंडलोई, आर रोबी यादव, आर राहुल पाटीदार, आर तंवर, आर प्रशांत व अन्य स्टॉफ शामिल रहे।

# विचार संगोष्ठी एवं महारैली का धूमधाम से आयोजन





विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** महान समाज सुधारक एवं संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर बड़वानी में एक भव्य विचार संगोष्ठी एवं महारैली का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समानता की भावना को बढ़ाना और समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाना था।

कार्यक्रम में इंदौर,धार,खरगोन,उज्जैन और भोपाल के लोगों ने भाग लिया।इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों को स्टेशनरी और स्कूल बैग का वितरण भी किया गया।इसके साथ ही, बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया, जो सबके मन को छू गया।

प्रमुख वक्ता के रूप में भोपाल से आए डॉ. जितेंद्र राजाराम ने अपने विचार व्यक्त किए। आपने शिक्षा और सामाजिक न्याय पर जोर दिया और विभिन्न बड़े विश्वविद्यालयों में दिए गए अपने उद्बोधन का जिक्र किया। डॉ लक्ष्मण आवासीय शिशु रोग विशेषज्ञ ने अपने विचार व्यक्त किये, कार्यक्रम में समस्त समाज के लोग उपस्थित थे,जो एकजुट होकर बाबा साहब के विचारों को समर्पित थे।

विचार संगोष्ठी के बाद एक भव्य महारैली का आयोजन किया गया, जिसमें मांदल और बैंड के साथ घोड़े-गाड़ी पर बाबा साहब की झांकी निकाली गई। बड़वानी के इतिहास में यह पहला मौका था जब सभी समाजों ने मिलकर सम्मान प्रकट किया। पेंशनर्स एसोसिएशन ने ठंडा जल एवं नींबू शिकंजी की व्यवस्था की, वहीं राजपूत समाज ने केले का वितरण किया एवं जलपान की व्यवस्था की। ब्राह्मण समाज ने फ्लेक्स लगाए और सिख समाज ने भोजन एवं पेय की व्यवस्था की।

इस कार्यक्रम में बड़वानी-खरगोन के लोकसभा सांसद माननीय श्री गजेंद्र सिंह जी पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल, विधायक श्री राजेंद्र मंडलोई, भगवती प्रसाद शिंदे जी ,सदस्य अंबेडकर फाउंडेशन नई दिल्ली, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल, और बीजेपी के जिला अध्यक्ष श्री अजय यादव सहित कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने अपने विचार साझा किए।

महारैली का समापन आंबेडकर पार्क, नए बस स्टैंड के पास किया गया, जहां बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्प माला अर्पित की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला रोजगार अधिकारी श्री टी एस डुडवे ने की, जबकि आयोजन का संचालन श्री लखन गांगले, श्री महेंद्र गोयल, और श्री दिनेश ब्राह्मण ने किया। प्रमुख वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए सामाजिक समता, सामाजिक न्याय, बंधुत्व और राष्ट्र की एकता- अखंडता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह कार्यक्रम न केवल एक श्रद्धांजलि था, बल्कि समाज के बीच एकता और सहयोग की भावना को भी जागृत करने का एक माध्यम बना।

# पेसा अधिनियम क्रियान्वयन समीक्षा बैठक जनपद पंचायत में सम्पन्न

विनय उजाला

**राजपुर ( बड़वानी ), निप्र।** मध्यप्रदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महोदय बड़वानी जिला बड़वानी (मध्यप्रदेश) के निर्देशन में जिला पेसा समन्वय अधिकारी प्रितम राज बड़ौले एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजपुर बीएस चौहान, संजय कुमरे आर जी एस ए ब्लॉक समन्वयक वासु पारंगी की उपस्थिति में पेसा अधिनियम क्रियान्वयन की समीक्षा पेसा ग्रामसभा मोबिलाइजर से की गई निर्देशानुसार अधिनियम के तहत नवीन ग्राम सभा गठन कि प्रक्रिया, एवं की जाने वाली कार्यवाही तथा उनके प्रावधानों से अवगत कराते हुए क्रियान्वयन किए जाने हेतु समझाइए दी गई।ग्राम पंचायत क्षेत्रांतर्गत आने वाली ग्राम सभाओं में अध्यक्ष चयन किए जाने के संबंध में अधिनियम के विशिष्ट प्रयोजनो के साथ उनके कार्यकाल की अवधि की जानकारी दी जाकर यथा शीघ्र चयन की कार्रवाई किये जाने की अपेक्षा से अवगत कराया गया ।इसी प्रकार से ग्राम सभा निधि के संचालन हेतु ग्राम सभा द्वारा अधिकृत सदस्यों का विवरण एवं संधारित बैंक खातों को सक्रिय किए जाने के संबंध में बताया गया ।और ग्राम सभा द्वारा संधारित किए जाने वाले अभिलेखो तथा दस्तावेजों को व्यवस्थित सुसंगत रूप से संधारण किये के संबंध में प्रशिक्षित किया गया अधिनियम की मंशानुरूप विभिन्न मुख्य समितियां तथा तदर्थ समितियां के गठन की ओर ध्यान आकर्षित कराया जाकर गठित समितियां के दायित्व तथा उनकी नियमित बैठकों की समीक्षा की गई तथा समन्वय के माध्यम से पेसा अधिनियम का क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने हेतु अवगत कराया गया । ग्राम सभाओं का सफलता पूर्वक आयोजन निर्देशों के अनुरूप करने, सदस्यों के साथ समन्वय कर योजनाओं में सहभागिता करने अभियानों में भागीदारी विभागीय समन्वय करते हुए ग्राम सभाओं को सशक्त बनाए जाने हेतु जोर दिया गया टीबी मुक्त मुक्त पंचायत एवं टीबी की सैंपलिंग बढ़ाने को लेकर एवं सिकल सेल टेस्टिंग सिकल सेल पॉजिटिव व्यक्ति वाहक आपस में विवाह ना करने हेतु संकल्प पारित करने का निर्देश दिया। पेसा अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु सुझाव प्राप्त किया जाकर संवाद के माध्यम से उनका निराकरण समाधान किया गया।



### महिलाएं संभालेंगी की आयोजन की बागडोर, दूल्हे घोड़े पर और दुल्हन बग्घी पर आएंगी, संतों का मिलेगा आशीर्वाद

# साटकुर में सामूहिक विवाह देगा सामाजिक समरसता का संदेश

महेश चौहान

**कसरावद।** खरगोन जिले के कसरावद स्थित साटकुर एक्कलधारिया में 16 अप्रैल को ऐसा सामूहिक विवाह होने जा रहा है जो सामाजिक समरसता का संदेश देगा।

वरिष्ठ समाजसेवी एवं पाटीदार समाज के तहसील अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार इसका नेतृत्व कर रहे है। वे जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन समरसता का भाव लिए हुए आगे आए हैं। सामाजिक समरसता सामूहिक कन्या विवाह समारोह में धर्म व जाति समाज के भेदभाव को छोड़ हर वर्ग के जोड़े शामिल होंगे। बेहतर सुविधा व व्यवस्थाओं को शामिल किया जा रहा है। समाजसेवी प्रकाश पाटीदार ने बताया कि सुबह 10 बजे पाटीदार धर्मशाला, साटकुर में आयोजन होगा। इसमें श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री ईश्वरानंद जी महाराज (महर्षि ध्यान योगी श्री उत्तम स्वामीजी) का सान्निध्य भी मिलेगा। उनके आशीर्वाद व मार्गदर्शन से जोड़े नव दांपत्य जीवन की शुरुआत करेंगे। विवाह मंडप तक पहुंचाने के लिए दूल्हो के लिए घोड़े व दुल्हन के लिए श्रृंगारित बग्गी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम की बागडोर महिलाओं के हाथ में होगी। भोजन से लेकर मंच अतिथियों के स्वागत तक की तमाम जिम्मेदारियां निभाएंगी। उन्हें जवाबदारी सोफी गई है।

वैवाहिक आयोजन में प्रत्येक वर वधु जोड़ों को गृहस्थी की सामग्री कन्यादान के रूप में भेंट करेंगे। अध्यक्षता प्रवाजिका विशुद्धानंद भारती, भारती दीदी ठाकुर (संस्थापिका निमाड़ अभ्युदय संस्थान लेपा) मुख्य अतिथि डॉ. माला दीदी ठाकुर राष्ट्रीय सचिव लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति, के प्रांत उपाध्यक्ष विहिप डॉ. निशांत खरे, पूर्व अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री दर्जा, युवा आयोग इंदिरा पाटीदार चेयरमेन शक्ति फाउंडेशन पीथमपुर, विशेष अतिथि सांसद गजेन्द्र पटेल, तपन भौमिक पूर्व अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री दर्जा, पर्यटन विकास निगम, मनोज जोशी राज्य समन्वयक नर्मदा समग्र न्यास, भोपाल शामिल होंगे।







सनातन संस्कृति के सोलह संस्कारों के अहम संस्कार विवाह संस्कार में नवयुगल पाणिग्रहण संस्कार पूर्णकर जीवन पथ पर साथ साथ चलने हेतु अग्रसर होते हैं। इस अवसर पर और सभी के साथ मिलकर मनाना हमें सामाजिक एकता और प्रेम का एहसास कराता है। इस शुभ अवसर पर हम सामाजिक समरसता सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन कर रहे हैं जिसमें कई वर-वधु एक साथ विवाह बंधन में बंधेंगे।

वैवाहिक आयोजन में सात हजार से अधिक की संख्या में आमजन सम्मिलित होंगे। आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई।



प्रकाश पाटीदार नि शुल्क सामाजिक समरसता सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष

# युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे थे नशे के सौदागर, पुलिस ने ऐसे 20 सौदागरों को पकड़ा

## 6 थानों के 100 पुलिसकर्मियों की बनी 25 टीमें, इस टीम ने संगठित गिरोह को दबोच लिया

विनय उजाला





**देवास, निप्र।** शहर की युवा पीढ़ी को बरबाद कर रहे नशे के सौदागरों के विरुद्ध पुलिस ने बडी कार्रवाही करते हुए 20 नशे के सौदागरों को पकडा हैं। लगातार एक माह तक मुखबीर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों केआधार पर चिन्हित करने के बाद पुलिस ने संयुक्त दबिश दी। इसके लिए 6 थानों के 100 पुलिसकर्मियों की 25 पृथक पृथक टीमें बनाई गई थी। इन टीमों ने 24 घण्टे के भीतर कार्रवाई कर मादक पदार्थ के बडे संगठित गिरोह का खुलासा कर दिया. इनके पास से कुल 2,56,000/ रुपए का मादक पदार्थ मिला। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों के विरूद्ध मिशन स्तर पर सख्ती से कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक देवास दीशेष अग्रवाल के निर्देशन में शहर अंतर्गत निरन्तर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियो की धड़पकड़ हेतु निरन्तर संदिग्ध स्थानो पर दबिश दी जा रही है। इसी क्रम में विगत एक माह से मुखबीर एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 11 व 12 अप्रैल को संयुक्त रूप से जिल के विभिन्न स्थानों पर एक साथ दबिश देकर कुल 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास लगभग 16 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी के नाम

कलीम पिता अब्दुल रज्जाक निवासी जय प्रकाश मार्ग देवास, शाहिद खान पिता शफदर खान उम्र 38 साल निवासी जीडीसी कॉलेज के पास इटावा, शोयब पिता शहजाद पठान उम्र 24 साल निवासी पुष्पकुंज कॉलोनी इटावा, जोयेब उर्फ जोजो पिता जाहिद शेख उम्र 22 साल निवासी जीडीसी कॉलेज के पास इटावा, समीर उर्फ मोटा पिता सलामुद्दीन शाह उम्र 22 साल निवासी एकता नगर देवास, आयाज उर्फ आयान पिता इकबाल खान उम्र 20 साल निवासी पुष्पकुंज कालोनी देवास, समीर पिता कल्लु खां उम्र 23 साल निवासी सेंट उमर स्कूल के पास पुष्पकुंज कालोनी, कृष्णपाल उर्फ कृष्णा पिता देवेन्द्र खिंची उम्र 21 साल निवासी विश्राम बाग देवास, जगदीश पिता पुरा जी यादव उम्र 52 साल निवासी नागुखेड़ी कांकड़ देवास, अलताफ पिता रफीक खां उम्र 20 साल निवासी गजरा गियर्स देवास, सोहेल उर्फ बवाल पिता जाकिर कुरैशी उम्र 20 साल निवासी आर.के. होटल पुष्पकुंज कालोनी देवास, अर्जुन पिता उत्तम सिंह राजपूत उम्र 52 साल निवासी ठाकुर मोहल्ला भौरासा, अजय उर्फ अज्जू पिता दयाराम लोधी उम्र 27 साल निवासी लोधी मोहल्ला भौरासा, सलीम पिता हुसैन मंसूरी उम्र 62 साल निवासी आजाद चौक भौरासा, जलाल पिता सलीम मंसूरी उम्र 27 साल निवासी आजाद चौक भौरासा, इसरार खान उर्फ इसरु पिता नन्हे खां उम्र 42 वर्ष निवासी नेवरी रोड वारसी नगर देवास, अयूब शेख पिता इस्माइल शेख उम्र 43 वर्ष निवासी मोहसिनपुरा देवास, गाजु उर्फ गाजी खान पिता सईद खान निवासी मिर्जा बाखल, इरफान पिता शफीक मंसूरी उम्र 22 साल निवासी चन्द्रषेखर आजाद मार्ग गांजा भांग चैराहा देवास, सोहेल पिता शरीफ शेख उम्र 24 साल निवासी 338 एमजी कालोनी देवास।

## संक्षिप्त समाचार

### जेल वाले दक्षिण मुखी हनुमानजी निकले नगर भ्रमण पर, दिए भक्तों को दर्शन, जगह-जगह हुआ स्वागत



**कन्नौद/देवास, निप्र।** शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर शाम 4 बजे से जेल वाले हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर तालाब मोहल्ला, नगर परिषद चौराहा, से मुख्य मार्ग होते हुए गणेश चौक, राजवाड़ा, गोल्डन चौपाटी, बस स्टैंड से होते हुए जेल वाले हनुमान मंदिर परिसर में जाकर संपन्न हुई बालवीर हनुमान नगर भ्रमण के दौरान भक्तों के दिए भव्य दर्शन शोभायात्रा में शामिल हुए सैकड़ो की संख्या में हनुमान भक्त नाचते गाते डीजे की धुन पर जगह-जगह नागरिकों के द्वारा किया गया स्वागत अंत में प्राचीन जेल वाले हनुमान मंदिर बस स्टैंड पर जाकर शोभायात्रा संपन्न हुई पश्चात आरती के भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की इस अवसर पर पुलिस प्रशासन सहित अन्य व्यवस्थाएं चाक चौबंद रही।

### सोनकच्छ में बैसाखी पर्व की धूम, शबद कीर्तन और अरदास के साथ मनाया गया त्योहार



**सोनकच्छ, निप्र।** नगर में एमजी रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में सुबह से ही समाजजनों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। गुरुद्वारे में मुख्य ग्रंथी गुरमुख सिंह खालसा ने शबद कीरत्तन किया। इस मौके समाज अध्यक्ष मनमीत सिंह छाबड़ा ने बैसाखी पर्व का महत्व समइझाया। उन्होंनबताया कि गुरु गोविंद सिंह ने पांच प्यारों को अमृतपान कराकर खालसा की फौज तैयार की थी यह फौज जुल्म के खिलाफ लड़ने के लिए बनाई गई थी। कार्यक्रम में सभी ने सिख धर्म के लोगों के साथ अन्य धर्म के लोगों ने मिलकर अरदास की। अरदास में देश ओर दुनिया में भाई चारा कायम रहे है गुरु नानक साहेब ओर गुरु गोविन्द के बताए हुवे रास्ते पर चलने को कहा गया अरदास के बाद गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन रखा गया था जिसे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने चख कर आनंद लिया और एक दूसरे को बैसाखी पर्व की बधाई दी।

### नरवाई जलाने पर दो किसान पर चालानी कार्रवाई की



**सोनकच्छ, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जिला देवास के आदेश अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रियंका मिमरोट एवं तहसीलदार संजय गर्ग की सयुक्त टीम द्वारा आज ग्राम ओढ़ मे पहुंच कर नरवाई जलाने वाले दो किसानों गणपत पिता पूंजा एवं अर्जुनसिंह के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दो दो हजार रुपए कीचालानी कार्रवाई की गई एवं उन्हें समझाइए दी गई की भविष्य में ऐसा किए जाने पर उनके विरुद्ध प्राथमिक की भी दर्ज कराई जाएगी। इस अवसर पर कृषि विभाग अधिकारी टीएल परिहार, कस्बा पटवारी उपस्थित थे।

### बाल कलाकार ने अभिनय एवं भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया

## बाल कलाकार अथर्व कृष्ण बाला का किया सम्मान





विनय उजाला

**देवास, निप्र।** बचपन से मिले संस्कार पर ही भविष्य की श्रेष्ठता निर्भर है। प्रतिभा हर बच्चों में है किंतु विलक्षणता का होना वातावरण पर निर्भर करता है।

हाल ही में चैत्र नवरात्रि पर देवास में कैला देवी मंदिर में रासाचार्या बृज रत्न वंदनाश्री द्वारा की जा रही लीला मय श्रीमद् भागवत कथा दौरान 9 वर्षीय बाल कलाकार अथर्व कृष्ण बाला की कृष्ण भक्ति अभिनय अभिव्यक्ति ओर भजनों की गायकी ने आयोजक एवं श्रोताओं को अभिभूत कर दिया। कथा प्रारंभ होने के पूर्व प्रतिदिन अथर्व कृष्ण बाला जब संगीत वाद्य कलाकारों के साथ जब अपनी मधुर आवाज के साथ सुर से सुर मिला कर भजनों की प्रस्तुति देने लगता तो श्रोता उसकी आवाज सुनकर कथा पंडाल की ओर खींचे चले आते थे। खास कर जब वो भजन-तेरी बिगड़ी बना देगी चरण रज श्यामा प्यारी की ..., राधे को नाम अनमोल बोलो राधे राधे.. इन भजनों को सुन कर श्रोता बाला की आवाज और उसकी गायकी की भाव मुद्रा में खो जाते थे।इतने छोटी उम्र में सुरों को साध कर गाना उसकी इस प्रतिभा को देख कर संगत दे रहे वादक अचंभित होकर उसकी गायकी को दाद देने लगते थे।

वन्दनाश्री के कृपा पात्र शिष्य की बाल चेष्टा भी सामान्य बालक बालक से परे नजर आती है। उसकी नियमित दिन चर्या में योग, संध्या अध्यात्म अध्ययन ,आचरण एवं गायन साधना और श्री कृष्ण की लीला का अभिनय अभ्यास देख कर प्रत्यक्ष दर्शी से यही सुना है कि बालक हो तो ऐसा हो यही सनातन की नींव है।

अथर्व कृष्ण बालक ने जहां अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं के दिलों में स्थान बनाया वही भागवत मंच पर श्री कृष्ण की बाल लीला में माखन चोर कन्हैया की भूमिका का अभिनय कर कथा श्रवण कर रही सैकड़ों माता बहनों के हृदय को वात्सल्य से भर दिया। बाला की उस सुंदर छवि को देखने के लिए आए अनेक बालक बालिकाओं का उत्साह यह दर्शा रहा था कि श्रव्य के साथ दृश्य का आकर्षण कला की साधना पर निर्भर है और यह इस बाल कलाकार अथर्व कृष्ण बाला ने कर दिखाया।

बाला की गायकी और अभिनय कला को श्रोताओं के साथ कथा श्रवण करने आए लखनव से अखिल भारतीय स्तर के राष्ट्रीय कवि वेदव्रत वाजपेई, राजस्थान के कवि सत्येंद्र यादवेंद्र, राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास, भाजपा के जिला अध्यक्ष एवं समिति संयोजक रायसिंह सेंधव, आयोजक मन्नूलाल जी गर्ग , दीपक गर्ग पत्रकार चेतन उपाध्याय, रमन शर्मा सहित प्रबुद्ध जनों ने सराहते हुए बाला की प्रशंसा कर सम्मान किया।

### शिकारियों ने जाल बिछाकर वन्यप्राणी को पकडा, ठिकाने लगाते उसके पहले आ धमकी पुलिस

#### अवैध 12 बोर बंदूक के साथ तीन कारतूस भी किए जब्त

विनय उजाला



**कन्नौद/देवास, निप्र।** वन्य प्राणियों का शिकार करने वाले शिकारियों को कन्नौद पुलिस ने पकडा हैं। दो आरोपियों के पास से अवैध 12 बोर बदूंक व तीन कारतूस व शिकार के लिए उपयोग होने वाला जाल मिला। थाना कन्नौद पुलिस टीम द्वारा ऐसे क्षेत्र चिन्हित किए गए थे, जहां पर हथियारों से शिकार करने लोग आते हैं। उक्त क्षेत्रों में मुखबीर लगाए गए थे। 11 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हई कि सतवास रोड पर मार्डन दूध डेरी के पीछे कुछ लोग वन्य प्राणियों के शिकार हेतु घूम रहे हैं एव वन्य प्राणियों को जाल से पकडकर बांध भी रहे है। कन्नौद पुलिस द्वारा दो टीम बनाई गई व पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र की घेराबंदी की गई। पुलिस की आहट सुनकर शिकारी भागने लगे। पुलिस ने दौडते भागते दो लोगों को पकडा। पूछताछ पर उनका नाम इकबाल पिता लालसिंह, रविसिंह पिता देपालसिंह निवासीगण कालापाठा थाना काटाफोड जिला देवास का होना बताया। आरोपियों के कब्जे से एक दो नाल की 12 बोर बंदूक व जेब से दो जिन्दा राउण्ड एवं एक चालू हालात में तथा वन्य प्राणियों के शिकार हेतु बिछाया जाने वाला जाल जब्त किया।

उक्त बदूक व राउण्ड के संबंध में पूछताछ की तो कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला।

अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। उक्त शिकारियों की घेराबंदी कर पकडने में उनि राहुल रावत, प्र.आर बाबू खा. आर बालकृष्ण, हर्ष निकेतन, देवेन्द्र का योगदान रहा।

### देवारण्य योजना में देवास जिले की पहचान बनेगी अश्वगंधा की खेती

**देवास, निप्र। आयुष विभाग देवारण्य योजना में अश्वगंधा की औषधीय खेती के लिए कई जतन कर रहा है। इससे देवास जिला अगले कुछ सालों में अश्वगंधा के बड़े रकबे की पहचान कायम कर सकता है।**




इसके लिए किसानों के साथ-साथ स्व सहायता समूहों के सदस्यों को भी आयुष विभाग ने अश्वगंधा की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया। जिले के 30 स्व सहायता समूहों के सदस्यों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। गौरतलब है कि एक जिला, एक औषधीय उत्पाद के तहत देवास जिले में बड़े पैमाने पर अश्वगंधा की खेती के लिए ख़ासी कोशिशें की जा रही हैं। जिले के स्व सहायता समूहों तक अश्वगंधा की जानकारी पहुंचाई जाने के उद्देश्य से आयुष विभाग ने संस्था सोलिडरी डाड के साथ वन समितियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इसमें एनआरएमएल के पंकज ठाकुर, जिला आयुष अधिकारी डॉ गिर्राज बाथम तथा आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ ममता जूनवाल उपस्थित थीं। मास्टर ट्रेनर स्नेह मित्तल और धर्मेंद्र बैरागी ने तकनीकी प्रशिक्षण दिया।

### हनुमानजी का प्राकट्स उत्सव पंचमुखी हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया, हुआ भंडारा

**देवास, निप्र।** हनुमान प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया गया पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी विशाल भंडारा आयोजित किया जहां बड़ी संख्या में रामभक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण की गई। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ठाकुर ने बताया की एबी रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर पुजारी बजरंग दास बैरागी द्वारा बाबा का आकर्षक श्रंगार कर पूजा अर्चना की गई। प्रातः 6 बजे महाआरती आयोजित की जाकर महाप्रसादी वितरण की गई। पंचमुखी हनुमान सेवा समिति द्वारा अमोना के धर्मप्रेमी भक्तो के सहयोग से प्रातः 10 बजे से विशाल भंडारा प्रारंभ हुआ। जिसमें औधोगिक क्षेत्र अनेक कंपनियों, अमोना, शांति नगर, संजय नगर, बीराखेड़ी, इंद्रानगर, बिजना, बावड़ियां, रसूलपुर आदि जगह से प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव में आयोजित भंडारे का लाभ लेकर आयोजन को सफल बनाया। प्रमुख रूप से नितिन बैरागी, धर्मेंद्र बैरागी, पूर्व पार्षद अंतर सिंह सोलंकी, इंद्र सिंह दरबार आदि।

### हनुमान जयंती पर मंशापूर्ण वीर हनुमान जी की सैकड़ों भक्तों ने की महाआरती

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** अंजनी सूत केशरी नंदन राम भक्त हनुमान जी के जन्म दिवस चैत्र पूर्णिमा के शाम मंदिरों की घंटियों की ध्वनि से गुंजायमान हनुमान जी आरती के स्वर सारे शहर में सुनाई दे रहे थे। सेठ मिश्री लाल नगर में कैला देवी मंदिर परिसर में भव्य हनुमान जी की प्रतिमा के पास मंशा पूरण वीर हनुमान जी की महा आरती में सैकड़ों भक्तों ने अपने हाथों में आरती लेकर महा आरती की एवं अपने स्थान पर खड़े होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर संस्थापक मन्नूलाल गर्ग ,दीपक गर्ग, अनामिका गर्ग, जयेश, प्राची हितेश गर्ग एवं कैला देवी मंदिर उत्सव समिति के देवकृष्ण व्यास, रमन शर्मा मोहन श्रीवास्तव, चेतन उपाध्याय, ओ पी तापड़िया, बुद्धसेन पटेल सहित



सैकड़ों भक्तों द्वारा हनुमान जी आरती की गई। उपस्थित भक्तों को प्रसादी के साथ शीतल शरबत वितरित किया गया।

### माता टेकरी पर विधायक पुत्र की दादागिरी, पुलिस ने हुटर, लालबत्ती लगे वाहनों पर की कार्रवाई, अन्य पर भी केस दर्ज

# विरोध में पुजारी संघ भी आया, कांग्रेस नेता ने दी नसीहत...

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** इंदौर के विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला द्वारा वाहनों के काफिले के साथ माताजी टेकरी पर रात के समय पहुंचने और पुजारी पुत्र से मारपीट के मामलें में कल एक केस दर्ज किया गया था। सिटी कोतवाली पुलिस ने रविवार को उन वाहनों के मालिक और ड्राइवर के खिलाफ भी केस दर्ज किया जिन्होंने नियमों को तोडा था। विधायक पुत्र के काफिले में शामिल वाहनों पर लोग लटके थे। साथ ही नियम विरूद्ध लालबत्ती लगी गाडी भी काफिलें में शामिल थी। इन सभी को अब कार्रवाई के दायरे में लिया गया हैं। वाहन क्रमांक एमपी 09 जेडएन 2222 में हूटर और लाल बत्ती लगी थी। वहीं एमपी 43 सीबी 0961 के अलावा अन्य वाहनों के चालकों द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने, वाहनों पर व्यक्तियों को लटकाने को लेकर केस दर्ज किया गया है। ये केस वाहनों के चालक एवं मालिकों के खिलाफ दर्ज हुआ हैं। 12 अप्रैल की रात विधायक पुत्र अपने साथियों के साथ दर्शन के लिए माताजी टेकरी पहुंचा था। छोटी माता चामुण्डा देवी मंदिर के पुजारी के बेटे के साथ समर्थक जितेंद्र रघुवंशी ने गाली गलौच और मारपीट की थी। उपदेश नाथ की शिकायत पर जितेन्द्र रघुवंशी के खिलाफ कोतवाली थाना पुलिस ने केस दर्ज किया था।

**विधायक पुत्र द्वारा देर रात्रि में मंदिर खुलवाना निंदनीय- मोनू चौहान :** कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय चौहान मोनू ने



बताया कि विधायक राकेश (गोलू) शुक्ला के पुत्र द्वारा शुक्रवार को देर रात्रि में माता टेकरी पर पहुंचकर रात में ही मंदिर को खुलवाया तथा पुजारी के साथ अभद्रता की यह बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने सनातन धर्म को शर्मसार किया है तथा मंदिर की पवित्रता को नष्ट किया है। विजय चौहान मोनू ने साथियों के साथ जाकर बड़ी माता एवं छोटी माता में पवित्र गंगा जल का छिड़काव कर मंदिर को पवित्र किया तथा माता से प्रार्थना की कि इस प्रकार के लोगों को सद्बुद्धि प्रदान करें। इस अवसर पर महेंद्र वर्मा,शीतेंद्र सिंह, अमर कश्यप ,अमित गोसेन आदि उपस्थित थे।

**मठ मंदिर पुजारी संघ आया विरोध में :** माता टेकरी पर पुजारी के साथ मारपीट पर मठ मंदिर पुजारी संघ नाराज हो गया हैं। चेतावनी पत्र जारी किया है जिसमें घटना की आलोचना करते हुए दोषी विधायक पुत्र को माफी मांगने के लिए कहा गया हैं। अगर माफी नहीं मांगी तो पुजारी संघ फिर अपना आक्रोश व्यक्त करेगा।

#### शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने बेटे पर ध्यान देने को कहा...

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी ने भी इस मामले पर अपनी बात रखी हैं। उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए विधायक गोलू शुक्ला को नसीहत की है कि वे अपने बेटे पर ध्यान दे। राजानी के अनुसार एक विधायक होने के नाते शुक्ला पर भी इसका असर पडेगा। अगर किसी सभ्य घर का कोई व्यक्ति ऐसा कृत्य करे तो ये दुर्भाग्य पूर्ण बात हैं।

## विश्व कप के पहले चरण में शानदार शुरुआत

# तीरंदाजी विश्वकप में भारत की स्वर्णिम कामयाबी

नई दिल्ली, एजेंसी

**अमेरिका में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में भारत ने शानदार शुरुआत की है। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने वर्ल्डकप के इस प्रतिष्ठित मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाड़ियों को पटखनी दी।**

ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ने गजब के धैर्य का परिचय दिया और कांटे की टक्कर के दौरान चीनी ताइपे के खिलाड़ियों- हुआंग आई-जौ और चेन चिह-लुन को 153-151 से हराया। पहली और दूसरी सीरीज में पिछड़ने के बाद ज्योति-ऋषभ ने जोरदार वापसी की। दोनों ने मुकाबले को चौथे और निर्णायक सीरीज में जीता, जिसके बाद भारत की झोली में स्वर्ण पदक आया। इससे पहले शुक्रवार को भारत ने यूरोपीय देश स्लोवेनिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।



**शुरुआत में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी...** फाइनल में गोल्ड के लिए कांटे की टक्कर के बीच भारत की मिश्रित जोड़ी पहली और दूसरी सीरीज में 37-38 और 38-39 से हार गई, लेकिन ज्योति और ऋषभ ने हौसला कायम रखा। तीसरे सेट में जोरदार वापसी करते हुए दोनों ने दो 10 और एक इनर 10 निशाना लगाया। इसकी बदौलत भारतीय जोड़ी को 39-38 के करीबी अंतर से जीत मिली।

### भारतीय खिलाड़ी चीनी ताइपे के तीरंदाजों पर हावी हुए

तीसरे सेट में भारत को मिली जीत के साथ मुकाबला चौथे और निर्णायक चरण में गया। चीनी ताइपे के प्रतिद्वंद्वी हुआंग आई-जौ और चेन चिह-लुन के मुकाबले भारतीय तीरंदाजों ने कई बेहतरीन निशाने लगाए। निर्णायक सेट में भारतीय जोड़ी ने 39-36 से जीत हासिल की। कुल स्कोर 153-151 रहा।

### अनुभवी तीरंदाजों की टीम

भारत की इस स्वर्णिम कामयाबी में धीरज बोम्मादेवरा का भी उल्लेखनीय योगदान रहा। वीजा से जुड़ी कुछ परेशानियों के कारण उन्हें अमेरिका पहुंचने में देरी हुई थी। मुकाबले से चंद घंटे पहले पहुंचे धीरज ने कमाल का धैर्य दिखाया और भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को फाइनल में पहुंचाने में योगदान दिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम में अनुभवी तीरंदाज तरुणदीप राय और अतनु दास भी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने स्पेन को 6-2 से हराकर देश को सीजन के पहले विश्व कप में दूसरा पदक भी दिलाया।

## IPL आज के मैच

लखनऊ सुपर जॉयंट्स VS चेन्नई सुपर किंग्स

स्थान : लखनऊ समय : शाम 07:30 बजे

### आईपीएल कमेंटेटर्स पर भड़के शार्दुल ठाकुर? कहा-

# स्टूडियो में बैठना आसा, पहले अपना रिकॉर्ड देखो

नई दिल्ली, एजेंसी

**लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने आईपीएल 2025 के दौरान कमेंटेटर्स पर अपनी भड़ास निकाली है। वह आईपीएल में गेंदबाजों की लगातार आलोचना करने की वजह से कमेंटेटर्स पर भड़क उठे हैं। शार्दुल ने शनिवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ दो विकेट झटके। लखनऊ ने यह मैच 6 विकेट से अपने नाम किए।**

एलएसजी वर्सेस जीटी मैच के बाद शार्दुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा कि एक बॉलिंग यूनिट के तौर पर हमने पूरे सीजन में अच्छी गेंदबाजी की है। कमेंट्री में कई बार आलोचना होती है। उन्होंने आलोचना हमेशा होगी - खासकर कमेंटेटरों की तरफ से। 33 वर्षीय गेंदबाज ने कहा कि कमेंटेटर्स को किसी की आलोचना करने से पहले अपना रिकॉर्ड भी देखना चाहिए।

उन्होंने कहा, स्टूडियो में बैठकर किसी की गेंदबाजी पर कमेंट करना आसान है लेकिन वे मैदान पर रियल पिक्चर नहीं देखते। मेरा मानना है कि किसी की आलोचना करने से पहले उन्हें अपने आंकड़े देखने चाहिए। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली एलएसजी फिलहाल 6 मैचों में चार जीत और दो हार के बाद अंक तालिका में तीसरे पायदान पर है। लखनऊ टीम को अगला मैच में सोमवार (14) को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के विरुद्ध खेलना है, जो इकाना स्टेडियम में आयोजित होगा।



### लखनऊ के खिलाफ मैच से पहले हनुमान गढ़ी पहुंचे चेन्नई के खिलाड़ी

**अयोध्या, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुकाबले से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाड़ियों ने रविवार को अयोध्या स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान टीम के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल नजर आए। उनके साथ फ्रेंचाइजी के मालिक भी दिखे। बता दें कि, चेन्नई का सोमवार को लखनऊ से सामना होगा। यह मैच इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें सीएसके जीत की पटरी पर लौटने उतरेगी। चेन्नई की टीम का सफर इस सीजन अच्छा नहीं रहा है। उन्हें लगातार पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, टीम के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए। उनकी जगह महेंद्र सिंह धोनी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। सीएसके फिलहाल 10वें पायदान पर है।

### राहुल द्रविड़ को व्हील चेयर पर देख मिलने पहुंचे विराट



**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रविवार को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच मुकाबले से पहल दोनों टीम के खिलाड़ियों ने जमकर प्रैक्टिस की। राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच राहुल द्रविड़ व्हीलचेयर पर बैठ टीम के खिलाड़ियों को टिप्स देते हुए नजर आए। राहुल द्रविड़ को देखकर रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली उनके पास पहुंचे और बात की। इस दौरान दोनों ने खूब हंसी मजाक किया।

### बेंगलुरु ने राजस्थान को नौ विकेट से हराया... विराट की टी-20 में 100 फिफ्टी पूरी

# सॉल्ट और कोहली ने आरसीबी को जिताया

जयपुर, (हि.स.)

**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन का 28वां मुकाबला रविवार को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुए मैच में आरसीबी ने आरआर को 9 विकेट से हरा दिया।**

आरसीबी से विराट कोहली ने अपने टी-20 करियर की 100वीं फिफ्टी लगाई, उन्होंने 62 रन बनाए। फिल सॉल्ट ने 33 गेंद पर 65 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल 40 रन बनाकर नॉटआउट रहे। राजस्थान से यशस्वी जायसवाल ने 75 रन की पारी खेली। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 17.3 ओवर में मात्र एक विकेट खोकर 175 रन बनाते हुए नौ विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ बेंगलुरु की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम के 6 मैचों में चार जीत और दो हार के साथ 8 अंक हैं। वहीं राजस्थान की टीम 6 मैचों में 2 जीत और 4 हार के साथ चार अंक लेकर सातवें स्थान पर है।



### आरसीबी ने की तेज शुरुआत

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लोबाज फिल सॉल्ट ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और विराट कोहली के साथ मिलकर पावरप्ले के छह ओवर में 65 रन जोड़ दिए। सॉल्ट ने 28 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि सॉल्ट 33 गेंदों में 65 रन की धमाकेदार पारी खेलकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाए। इसके बाद कोहली ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए इस सीजन का तीसरा अर्धशतक जड़ दिया। कोहली का यह टी20 में 100वां पचासा है। उन्होंने देवदत्त पाडिक्कल के साथ मिलकर टीम को नौ विकेट से शानदार जीत दिला दी। कोहली 45 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 62 रन और इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने 28 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 40 रन बनाए।

### यशस्वी ने खेली आतिशी पारी

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 173 रन बनाए। टीम की शुरुआत थोड़ी धीमी रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 45 रन जोड़े। दोनों साझेदारी को आगे बढ़ा रहे थे, लेकिन सैमसन के रूप में राजस्थान को पहला झटका लगा। सैमसन 19 गेंदों पर 15 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी ने रियान पराग के साथ पारी को आगे बढ़ाया और टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। बाद में रियान 22 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुए। टीम को 126 के स्कोर पर बड़ा झटका लगा। यशस्वी 47 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्कों की मदद से 75 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शिमरॉन हेटमायर मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सके और नौ रन बनाकर आउट हुए। अंत में ध्रुव जुरेल ने कुछ बड़े शॉट लगाकर टीम के स्कोर को 173 तक ले गए। जुरेल ने 23 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 35 रन और नीतीश राणा एक गेंद पर चार रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर, यश दयाल, जोश हेजलवुड और क्रुणाल पांड्या को एक-एक विकेट मिला।

## व्यापार

# विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में बाजार से निकाले 31 हजार करोड़ रुपए

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका द्वारा कई देशों पर टैरिफ लगाए जाने और अमेरिका और चीन के बीच संभावित टैरिफ युद्ध को लेकर दुनियाभर के बाजारों में अस्थिरता का दौर चल रहा है। इस बीच अप्रैल माह में भारतीय बाजार से विदेशी निवेशकों ने 31,575 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। वहीं 21 मार्च से 28 मार्च के बीच छह ट्रेडिंग सेशन में करीब 30,927 करोड़ रुपये का निवेश भी आया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस निवेश से मार्च में कुल निकासी घटकर 3,973 करोड़ रुपये रह गई।



फरवरी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार से 34,574 करोड़ रुपये निकाले थे। जनवरी में तो विदेशी निवेशकों ने 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। निवेशकों की धारणा में यह बदलाव वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता और गतिशीलता को दर्शाता है। डेटा के अनुसार, 1 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी से 31,575 करोड़ रुपये निकाले। इसके साथ ही साल 2025 में भारतीय बाजार से विदेशी निवेशक कुल 1.48 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं।

### लॉन्ग टर्म में भारत को मिलेगा फायदा

जियोजित इन्वेस्टमेंट के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ के बाद वैश्विक शेयर बाजारों की उथल-पुथल, भारत में एफपीआई निवेश को भी प्रभावित कर रही है। उनका मानना है कि मौजूदा अराजकता का दौर शांत होने के बाद ही विदेशी निवेशकों की रणनीति का स्पष्ट पैटर्न उभर कर सामने आएगा। उनका मानना है कि अमेरिका और चीन टैरिफ युद्ध के चलते मंदी की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में मध्यम अवधि में विदेशी निवेशक भारत का रुख कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2026 में बेहतर आय वृद्धि के साथ भारत में एफपीआई निवेश बढ़ सकता है। वेंचुरा के शोध प्रमुख विनीत बोलिन्जकर ने कहा कि भारतीय इक्विटी में चल रही बिकवाली अमेरिकी सरकार द्वारा लगाए गए टैरिफ के कारण भू-राजनीतिक जोखिम से प्रेरित है। हालांकि, देश के मजबूत मैक्रो फंडामेंटल बरकरार हैं। जिससे मजबूत घरेलू मांग और व्यापार पुनर्गठन बातचीत से भारत को लंबी अवधि में फायदा होगा।

# सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व बढ़कर होगा 108 अरब डॉल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व 2030 तक दोगुना बढ़कर 108 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। अभी यह 54 अरब डॉलर है। यूबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीयकरण अवसरों से प्राप्त राजस्व 2030 तक लगभग 13 अरब डॉलर तक रहेगा।

रिपोर्ट के अनुसार, हम बाजार के लिए आगे मजबूत वृद्धि देखते हैं, जिसमें स्थानीयकरण का अवसर भी शामिल है। भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 2025 से 2030 तक 15 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ेगा। 15 प्रतिशत सीएजीआर का यह अनुमान वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार के लिए हमारे पूर्वानुमान से अधिक तेज है, जिसका श्रेय भारत की अनुकूल जनसांख्यिकी को जाता है। वैश्विक वेफर क्षमता में भारत की हिस्सेदारी केवल 0.1 प्रतिशत, वार्षिक उपकरण खर्च में लगभग एक प्रतिशत व सेमीकंडक्टर में 6.5 प्रतिशत है। कुछ कंपनियां पहले ही चीन से परे अपने अंतिम असेंबली स्थानों में विविधता लाकर चीन प्लस वन रणनीति पर काम शुरू कर चुकी हैं।

## व्यापार युद्ध की आशंका के बीच बड़ा फैसला

# ब्रिटेन ने 89 उत्पादों से हटाया आयात शुल्क

लंदन, एजेंसी

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ लगाए जाने के बाद बढ़ रही व्यापार युद्ध की आशंका के बीच ब्रिटेन ने बड़ा फैसला लिया है।**

ब्रिटेन ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पास्ता, फलों के रस और मसालों से लेकर रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं सहित 89 उत्पादों के आयात शुल्क में कटौती करने का एलान किया है। ब्रिटेन के कारोबार और व्यापार विभाग ने कहा कि यूके ग्लोबल टैरिफ को 89 उत्पादों पर अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया जाएगा। इससे यूके के व्यवसायों को सालाना करीब 17 मिलियन पाउंड तक की बचत होगी।

ब्रिटेन के व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि



मुक्त और खुला व्यापार अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ाता है। कीमतों को कम करता है और व्यापार को दुनिया को बेचने में मदद करता है। इसलिए हम खाद्य पदार्थों से लेकर फर्नीचर तक कई उत्पादों पर टैरिफ में कटौती कर रहे हैं। इससे रोजमर्रा की वस्तुओं की लागत कम हो जाएगी और बचत का लाभ उपभोक्ताओं को मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हम वैश्विक व्यापार के एक नए युग का सामना कर रहे हैं। सरकार ब्रिटेन को व्यापार करने के लिए सबसे अच्छा देश बनाने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही है और परिवर्तन की हमारी योजना को पूरा कर रही है। हम व्यवसायों के लिए अवसरों को खोलने, नौकरियों और विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत, खाड़ी सहयोग परिषद, दक्षिण कोरिया और स्विटजरलैंड जैसे भागीदारों के साथ व्यापार सौदों पर बातचीत कर रहे हैं।

### कीमतों में आएगी कमी

ब्रिटेन के कारोबार और व्यापार विभाग ने कहा कि पास्ता, फलों के रस, नारियल तेल और पाइन नट्स जैसे उत्पादों पर व्यवसायों को होने वाली बचत का लाभ गर्मियों के मौसम में उपभोक्ताओं को दिया जा सकता है। इससे सुपर मार्केट, रेस्तरां और पब में खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होंगी। इसके अलावा मार्गरिटा में इस्तेमाल होने वाले एगेव सिरप और बल्ब जैसे उत्पादों पर भी टैरिफ हटा दिए जाएंगे। विभाग ने कहा कि यह बदलाव उन्नत विनिर्माण और स्वच्छ ऊर्जा जैसे प्रमुख विकास क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद करेंगे।

# झटपट डिलीवरी करने वाली कंपनियों के खिलाफ अभियान, 22 को होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

नई दिल्ली, (हि.स.)

**झटपट डिलीवरी करने करने वाली कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर एक अभियान चलाया चलाया जाएगा।**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स संयुक्त रूप से यह अभियान चलायेगा। 22 अप्रैल को क्विक कॉमर्स कंपनियों का क्रूर चेहरा विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महासचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल का कहना है कि झटपट यानी 10 मिनट में सामान पहुंचाने का दावा करने वाली कंपनियां असल में छोटे व्यापारियों को समाप्त कर रही हैं। इसके अलावा यह अपने यहां काम करने वाले कर्मचारियों का भी शोषण कर रही हैं। 10 मिनट में सामान आपूर्ति करना इंसान तो क्या रोबोट के लिए भी संभव नहीं है। इसलिए व्यापारियों के समूहों ने मिलकर इसके खिलाफ मुहिम चलाने का फैसला लिया है। इसी अभियान के तहत 22 अप्रैल को क्विक कॉमर्स का क्रूर चेहरा विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## आयात पर निर्भरता घटाएं: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को उद्योग जगत से अपील करते हुए कहा कि वे आयात घटाने और स्वच्छ और हरित ऊर्जा पर फोकस करें। नई दिल्ली में केमिकल्स एंड एलाइड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 के पहले संस्करण के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि आवास, इंफ्रास्ट्रक्चर, वाणिज्यिक रियल एस्टेट, रेलवे, एयरपोर्ट, हाईवे और ऊर्जा जैसे क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, सीमेंट और इलेक्ट्रिकल्स से लेकर सुरक्षा प्रणालियों और ऑटोमेशन तक हर तत्व इस पारिस्थितिकी तंत्र में भूमिका निभाता है। गोयल ने कहा कि 20 नए स्मार्ट औद्योगिक शहरों, 50 पर्यटक स्थलों में बेहतर पर्यटन बुनियादी ढांचे और 100 नए औद्योगिक प्लग-एंड-प्ले हब बनाने की योजना पर काम कर रही है।

### व्यापार युद्ध के बीच चीन की अमेरिका से अपील, कहा-

# ट्रंप की जवाबी टैरिफ को पूरी तरह किया जाए खत्म

बीजिंग, एजेंसी

**जवाबी टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ा है। दोनों देश एक-दूसरे पर भारी भरकम टैरिफ लगा रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों को टैरिफ से छूट दी। इसे लेकर चीन ने अमेरिका से अपील की है।**

चीन ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक सामानों की तरह ही जवाबी टैरिफ को पूरी तरह से खत्म किया जाए। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम अमेरिका से कहते हैं कि वह अपनी



गलतियों को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाए। जवाबी टैरिफ को जैसी गलत नीति को रद्द करे और आपसी सम्मान के सही रास्ते पर लौट आए। अमेरिका का इलेक्ट्रॉनिक सामान पर टैरिफ खत्म करना एक छोटा कदम है। हम इसके प्रभाव की जांच कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ खास इलेक्ट्रॉनिक सामानों को जवाबी टैरिफ से छूट देने का एलान किया था। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप और कुछ अन्य तकनीकी उपकरण भी शामिल किए गए हैं।

### अमेरिका ने चीन पर लगाया है 145 फीसदी टैरिफ

अमेरिका ने चीन पर 145त्न टैरिफ लगाया है। वहीं चीन ने अमेरिका से आयात पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा भी दायर किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बराबरी और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा, अगर अमेरिका और टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन अब उसे नजरअंदाज करेगा।

दैनिक विनय उजाला



# भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर सादर नमन



## उद्यमिता की शक्ति लाएगी समृद्धि



## डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना

### 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए

### ₹42 लाख तक ऋण सहायता

**पात्रता** - 3.50 एकड़ कृषि भूमि एवं डेयरी फार्मिंग में प्रशिक्षण

**सब्सिडी** 25% से 33%

**पहले आएं, पहले पाएं** पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें

- **मुख्यमंत्री उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत-** पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन, डेयरी किसानों की आय में वृद्धि और डेयरी क्षेत्र में रोज़गार के नए अवसरों का होगा निर्माण।
- **उन्नत नस्लों से बढ़ेगी आय -** भ्रूण प्रत्यारोपण कार्यक्रम और बांझ निवारण शिविरों के माध्यम से पशुओं की नस्ल सुधारने के कार्यक्रम।
- **मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम -** किसान आधुनिक डेयरी तकनीक और बाजार से जुड़ेंगे।
- **उत्कृष्टता को सम्मान -** प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ गौवंशीय और उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार कार्यक्रम।
- एक हितग्राही को अधिकतम आठ इकाइयां लगाने की पात्रता होगी।

*प्रदेश में गौ-पालकों और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए "डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना" शुरू की जा रही है। गौ-माता की सेवा हमारी संस्कृति एवं संस्कारों का अहम हिस्सा है। हमने यह वर्ष गौ-माता की सेवा को समर्पित किया है।*

*प्रदेश में गौ-शालाओं के माध्यम से गौ-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति-2025 के तहत पंजीकृत गौ-शालाओं के गौ-वंश हेतु अनुदान अब ₹20 से बढ़कर ₹40 प्रति गौवंश प्रति दिवस मिलेगा। हमारा प्रयास है कि दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध के बेहतर दाम मिलें, इस दिशा में हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं।*

-**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर अभ्यारण्य के रूप में सागर जिले में 258.64 वर्ग किमी क्षेत्र में प्रदेश का 25वां अभ्यारण्य घोषित।**

**वन्य जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम निर्णय।**



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D11011/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560